जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, मंगलवार, 16 जुलाई, 2024 | वर्ष 16 | अंक 77 | पृष्ठ 12 | मूल्य 1.50 रु.





# विधानसभा में निकम्मा-नालायक की गूंज, हंगामा

## डोटासरा और जोगाराम के बीच तीखी बहस

## डोटासरा बोले, दिल्ली से सही पर्ची नहीं आ रही; मंत्री दिलावर ने कहा- जेल जाने की तैयारी करो

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** विधानसभा में बजट बहस के दौरान सोमवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल के बीच बहस हो गई। डोटासरा बोले, मंत्रियों को एसए तक उनकी मर्जी से नहीं मिले, दिल्ली से पर्ची सही नहीं आ रही। संसदीय कार्यमंत्री पटेल ने कहा, हमारा मुख्यमंत्री अपने प्रदेशाध्यक्ष को निकम्मा, नालायक नहीं बताता। डोटासरा ने कहा, दिल्ली से जो पर्ची आ रही है, वह मुख्यमंत्री और मंत्रियों की सही नहीं आ रही है। मंत्रियों को मनचाहे एसए तक नहीं मिले।

मंत्रियों को एसए भी 360 डिग्री परीक्षण के बाद में मिले हैं। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि यह बजट में कौन सी बात हो गई? हमें एसए मिला, नहीं मिला, यह कौन सा बजट है? हमारे यहां यह नहीं होता है। हमारा मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में यह नहीं पूछता कि शिक्षा विभाग में रिश्वत चलती है, नहीं चलती है। हमारे यहां नहीं पूछते- ट्रांसफर कैसे होता है। हमारा मुख्यमंत्री यह नहीं कहता है कि प्रदेशाध्यक्ष निकम्मा, नालायक है। हम यह नहीं करते हैं, हमारे यहां परंपरा नहीं है। इससे पहले शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की टिप्पणी पर जमकर हंगामा हुआ।

डोटासरा जब बजट पर बोल रहे थे तो आखिर में टोकते हुए दिलावर ने कहा कि डोटासरा जी आप तो जेल जाने की तैयारी करो । इस पर सदन में हंगामा शुरू हो गई। डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दिलावर की टिप्पणियों पर कड़ा ऐतराज जताया।

### मदन दिलावर की टिप्पणी पर हंगामा

विधानसभा में बजट बहस के दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की टिप्पणी पर जमकर हंगामा हुआ । कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा जब बजट पर बोल रहे थे तो आखिर में टोकते हुए मदन दिलावर ने कहा कि डोटासरा जी आप तो जेल जाने की तैयारी करो । इस पर सदन में तनातनी शुरू हो गई। डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दिलावर की टिप्पणियों पर कड़ा ऐतराज जताया। जूली ने कहा कि मंत्री कानून से ऊपर है क्या,



मंत्री के पास कहां जेल भेजने के अधिकार हो गए? यह सदन में इस तरह बोलेंगे तो ठीक नहीं रहेगा। इसके बाद दूसरे विधायकों ने भी बीच में बोलना शुरू कर दिया। स्पीकर ने बीच बचाव किया। इसके बाद भी विधायक शांत नहीं हुए तो कई विधायकों को जमकर फटकार भी लगाई। बाद में स्पीकर ने कहा कि जो भी असंसदीय शब्द हैं, उन्हें हटा दिया जाएगा।

### दिल्ली गोल्फ क्लब की तर्ज पर विकसित होगा रामबाग गोल्फ क्लब

भाजपा विधायक कालीचरण सराफ के ध्यान आकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में जितनी भी गड़बड़ियां हुई हैं, उसकी जांच सख्त से करवाएंगे और इसके साथ ही इसे दिल्ली गोल्फ क्लब की तर्ज पर विकसित करने का काम हाथ में लिया जाएगा। फिलहाल गोल्फ क्लब की मेंबरशिप और दूसरे कामों पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लंबित है। इस पर फैसला होने के बाद सरकार अगला कदम उठाएगी।

### सराफ बोले, खिलाफ में आवाज उठाने वाले को ही मेंबर बना दिया

इससे पहले, कालीचरण सराफ ने कहा कि गोल्फ क्लब में जमकर वित्तीय गड़बड़ियां हो रही हैं। जेडीए की अनुमति के बिना यहां पर निर्माण किया जा रहा है। 15 लाख से ऊपर का खर्च कमेटी से पूछ कर किया जाना चाहिए था, लेकिन वहां के



पदाधिकारी मनमाने तरीके से करोड़ों रुपए खर्च कर रहे हैं। इस क्लब की गड़बड़ियों पर जिस भी विधायक ने आवाज उठाई, उसे इसका मेंबर बना दिया गया। जयपुर में जितने भी जेडीसी रहे हैं, उन सब को इसका मेंबर बना दिया गया। क्लब जेडीए को कोई पैसा नहीं दे रहा है। किसी निर्माण के लिए भी जेडीए की अनुमति नहीं लेता है। ऐसे में सरकार को इस पर सख्त कदम उठाना चाहिए। इसकी गड़बड़ियों की जांच एसओजी से करवाना चाहिए।

### मंत्री अविनाश गहलोत बोले- बुजुर्गों की पेंशन नहीं रुकने देंगे

ई-मित्र की लापरवाही से अगर किसी बुजुर्ग की पेंशन अटकी तो अब ई-मित्र का लाइसेंस तक रद्द हो सकता है। लापरवाही बरतने वाले ई-मित्रों के लाइसेंस कैंसिल करने के लिए प्रस्ताव तैयार होंगे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बीजेपी विधायक जसवंत यादव के सवाल के जवाब में कहा कि बुजुर्गों की पेंशन नहीं रुकने दी जाएगी। जिन बुजुर्गों के बायोमीट्रिक फिंगर प्रिंट नहीं होने से पेंशन रुकी हुई है। उन मामलों में मानवीय आधार पर विचार होगा।

इससे पहले जसवंत यादव ने पूरक सवाल उठाते हुए कहा कि बुजुर्गों के हाथों की रेखाएं मिट जाती हैं। उनका बायोमीट्रिक सत्यापन होता नहीं है। उनके पास मोबाइल फोन होता नहीं है। वे दूर जाकर वेरिफिकेशन नहीं करवा पाते। उनके लिए कोई उपाय करना चाहिए। ई-मित्र की गलती की वजह से पेंशन नहीं





मिलती है। ई-मित्र आईटी डिपार्टमेंट के अधीन आते हैं। ई-मित्र का लाइसेंस आईटी डिपार्टमेंट के माध्यम से होता है। जिन ई-मित्र की गलती से बुजुर्ग पेंशन अटकी है, उनके लाइसेंस रद्द करने के लिए आईटी विभाग को लिखेंगे। हम आज ही सर्कुलर जारी कर देंगे।

### शहीदों के नाम पर स्कूलों के नामकरण मामले में मंत्री को घेरा

जोधपुर के शेरगढ़ में शहीदों के नाम पर स्कूलों के नामकरण के दर्जनों मामले कई साल से लंबित रहने पर बीजेपी विधायक बाबूसिंह राठौड़ ने सैनिक कल्याण मंत्री के जवाब पर सवाल उठाए। बाबू सिंह राठौड़ ने शहीदों के नाम पर स्कूलों के नामकरण के मानदंड और समय सीमा पूछी। इस पर मंत्री विजय सिंह ने कहा कि स्कूलों के शहीद के नामकरण के प्रस्ताव शिक्षा विभाग से मिलने के बाद जल्द नामांकन हो जाएगा।

मंत्री के जवाब के बाद बाबूसिंह राठौड़ ने कहा कि मैंने तो मानदंड के बारे में पूछा, आप तो कह रहे हैं सतत प्रक्रिया है। दो-तीन साल हो गए, शहीदों के नाम स्कूलों के नामकरण के प्रस्ताव पेंडिंग हैं,आप तो यह बता दीजिए कितने समय में कर देंगे? मंत्री विजय सिंह ने कहा कि शहीदों के नाम पर स्कूलों के नामकरण करने के प्रस्ताव शिक्षा विभाग से जारी नीति और प्रक्रिया के अनुसार होते हैं। शिक्षा विभाग के स्तर पर औपचारिकताएं पूरी होते ही नामकरण करवा दिया जाएगा। इस पर बाबूसिंह ने कहा कि शेरगढ़ के 12 प्रस्ताव तो आपके पास विचाराधीन हैं, इसे जल्द पूरा करवाएं। इस पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने भी दखल देते हुए कहा कि नामकरण जल्दी पूरा करवाएं।

### हारे हुए बीजेपी उम्मीदवारों की सिफारिश पर सड़कें मंजूर करने पर कांग्रेस का हंगामा

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- इस सरकार ने कांग्रेस विधायकों वाली सीटों पर बीजेपी के हारे हुए विधायक उम्मीदवारों की सिफारिश पर सड़कें मंजूर कर दीं। जबकि जीते हुए जनप्रतिनिधियों को दरकिनार कर दिया। यह विधायकों के साथ सीधा भेदभाव है। इस पर बीजेपी विधायकों ने कड़ी आपत्ति जताई।

बीजेपी विधायकों और मंत्रियों ने कहा कि हमने पूरे पांच साल कांग्रेस की सरकार में यही झेला है। इसमें नई बात कौनसी है। कुछ देर सदन में नोक-झोंक हुई। इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी शुरू कर दी। काफी देर तक कांग्रेस विधायक वेल में नारेबाजी करते रहे।

### पन्नाधाय जीवन अमृत योजना पर पिछले साल का खर्च नहीं बता सके मंत्री गहलोत

पन्नाधाय जीवन अमृत योजना में पिछले साल किए गए खर्च और केंद्र सरकार से मिली राशि से जुड़े सवाल का मंत्री अविनाश गहलोत सीधा जवाब नहीं दे पाए। कांग्रेस के शांति धारीवाल के सवाल पर मंत्री गहलोत पिछले साल का खर्च बताने की जगह 2016 से किया खर्च बताने लगे। मंत्री के जवाब पर शांति धारीवाल ने आपत्ति जताते हुए कहा- मैंने सीधा सवाल पूछा है कि पिछले साल योजना पर कितना खर्च किया और केंद्र सरकार से कितना फंड मिला। आप इधर-उधर की बात कर रहे हो।

इसके बाद मंत्री अविनाश गहलोत फिर योजना के प्रावधान बताने लगे। गहलोत ने कहा कि आपकी सरकार भी रही है, इस योजना में क्या किया। इस पर नेता प्रतिपक्ष और धारीवाल ने आपत्ति जताई और मंत्री से सही जवाब दिलवाने की मांग की। इसके बाद स्पीकर ने अगला सवाल पुकार लिया। नाराज कांग्रेस विधायकों ने मंत्री के अधूरे जवाब से नाराज होकर सदन में हंगामा किया।

### सहकारिता मंत्री बोले, कॉपरेटिव मूवमेंट को मजबूत करेंगे

*विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान सहकारिता का बजट कम करने के मुद्दे पर लक्ष्मण मीणा सहित कांग्रेस विधायकों ने सरकार को घेरने का प्रयास किया। बस्सी क्षेत्र में कई गांवों में ग्राम सेवा सहकारी समितियां और गोदाम नहीं होने पर कांग्रेस विधायक लक्ष्मण मीणा ने सवाल लगाया था। सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा कि जमीन उपलब्ध होने पर जीएसएस स्तर पर गोदाम बनाएंगे। सरकार सहकारी मूवमेंट को मजबूत करना चाहती है। इस पर लक्ष्मण मीणा ने कहा कि मंत्रीजी, सहकारिता का तो बजट ही घटा दिया और आप कह रहे हैं सहकारी आंदोलन को मजबूत करेंगे? बजट घटाकर सहकारिता आंदोलन मजबूत कैसे होगा, यह समझ से परे है। इस पर मंत्री दक ने कहा कि इस बजट में हम पिछली बार से 5 लाख ज्यादा किसानों को ब्याज मुक्त फसली कर्ज दे रहे हैं। नए जीएसएस और उनमें गोदाम बनाएंगे। बजट कहां घटाया?*

## न्यूज़ ब्रीफ

### मणिपुर में प्रतिबंधित उग्रवादी समूह के पांच मिलिटेंट गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मणिपुर के काकचिंग जिले में रविवार प्रतिबंधित उग्रवादी समूह कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। ये उग्रवादी काकचिंग खुनोऊ में फिरौती के लिए एक शख्स का अपहरण करने आए थे, जब उन्हें पकड़ा गया। इनके पास से कार्टरिज वाली दो पिस्तौल, तीन कैमोफ्लाज यूनिफॉर्म और बिना नंबर प्लेट वाला एक फोर-व्हीलर वाहन बरामद हुआ है।

### सीईयूटी-यूजी परीक्षा 19 जुलाई को

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने रविवार को घोषणा की कि वह सेंट्रल यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के प्रभावित उम्मीदवारों के लिए 19 जुलाई को कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में फिर से परीक्षा आयोजित करेगी।

### कर्नाटक डिप्टी सीएम शिवकुमार का आय से अधिक संपत्ति मामला

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार का आय से अधिक संपत्ति मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को फैसला सुनाया है। शिवकुमार ने सीबीआई केस रद्द करने की मांग की थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि केस रद्द नहीं होगा।



### जम्मू कश्मीर के अखनूर में सर्च ऑपरेशन शुरू



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर इलाके में दो संदिग्धों की मौजूदगी के बाद संयुक्त बलों ने इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों ने दो संदिग्धों के अखनूर में छिपे होने की खबर सुरक्षाबलों को दी थी। इसके बाद से ही सुरक्षाबल की टीमें इलाके की तलाशी अभियान में जुट गई हैं।

# नीट की सभी याचिकाएं हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर होंगी

### एनटीए की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस, अगली सुनवाई 18 जुलाई को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में नीट मामले पर सोमवार को सुनवाई हुई। सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच ने देश के सभी हाईकोर्ट में एनटीए के खिलाफ दायर हुई याचिकाओं को ट्रांसफर करने के लिए नोटिस जारी कर दिया है। दरअसल, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सुप्रीम कोर्ट में नई याचिकाएं दायर की थीं। इनमें एजेंसी ने देश के सभी हाईकोर्ट में लगी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर किए जाने की मांग की थी। इस मामले की सुनवाई की सीजेआई चंद्रचूड़, जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की डिवीजन बेंच ने की।

### पेपर लीक, एग्जाम कैंसिल करने की याचिका पर सुनवाई 18 जुलाई को

इससे पहले 20 जून को एनटीए की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता, बॉम्बे और जोधपुर हाईकोर्ट में एजेंसी के खिलाफ दायर हुई याचिकाओं की सुनवाई पर रोक लगाई थी। ये याचिकाएं एग्जाम में ग्रेस मार्क्स के खिलाफ दायर की गई थीं। इसके बाद एनटीए ने बची हुई याचिकाओं को ट्रांसफर किए जाने की अपील की। ये याचिकाएं एग्जाम कैंसिल किए जाने से जुड़ी हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट में नीट पेपर लीक और एग्जाम कैंसिल किए जाने की याचिकाओं पर अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी।

### सुप्रीम कोर्ट में सीबीआई ने देरी से जमा किया नीट पर हलफनामा

सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने नीट मामले में सीबीआई के हलफनामे को स्वीकार कर लिया है। दरअसल, नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एग्जाम से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स से 10 जुलाई शाम 5 बजे तक रिपोर्ट मांगी थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक सीबीआई ने 11 जुलाई को कोर्ट में हलफनामा जमा किया था। रजिस्ट्री ने कहा था कि तय समय से देरी के बाद हलफनामा जमा करने को लेकर कोर्ट से चर्चा करें। हालांकि, बेंच के जस्टिस जे बी पारदीवाला ने कहा कि उन्होंने सीबीआई की रिपोर्ट जमा किए जाने की जानकारी है।

## तेलंगाना के महबूबनगर में वैन से टक्कर के बाद बस में आग लगी, 15 घायल



**नई दिल्ली।** तेलंगाना के महबूब नगर में एक बस वैन से टकरा गई। हादसे के बाद बस में आग लग गई। इसमें 15 लोग घायल हुए हैं। बस में 36 लोग सवार थे। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुरेड्डीपल्ली इलाके में बस के यू-टर्न लेते समय हुई है। फिलहाल घटना को लेकर और जानकारी नहीं दी गई है।

# दिल्ली के मयूर विहार में 12-15 दुकानों में लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मयूर विहार फेज 2 स्थित एक कैफे में रविवार रात आग लग गई। दिल्ली फायर सर्विस के डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर ने बताया कि रात 11.40 बजे कैफे में आग लगने की सूचना मिली थी।

फायर बिग्रेड की 25 गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश की। जिसके बाद बडी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। ऑफिसर ने बताया कि वेंटिलेशन की सुविधा न होने की वजह से आग करीब 12 से 15 दुकानों तक फैल गई,



हादसे में एक दमकल कर्मी के घायल होने की खबर है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# गुजरात: ट्रक और बस की टक्कर, 6 की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के आणंद में सोमवार को एक ट्रक ने खड़ी बस में टक्कर मार दी। हादसे में 6 लोगों के मौत हो गई। वहीं छह से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया घटना तड़के साढ़े चार बजे वडोदरा-अहमदाबाद एक्सप्रेस वे पर चिखोदरा गांव के पास हुई। बस अहमदाबाद जा रही थी और टायर पंचर होने की वजह से सड़क के किनारे खड़ी हुई थी। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अन्य घायलों को भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।



वडोदरा-अहमदाबाद एक्सप्रेस वे पर चिखोदरा गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना के बाद मची अफरा-तफरी।

### कर्नाटक हाईकोर्ट का अहम फैसला

# कर्मचारियों की स्वैच्छिक सेवानिवृति को अनिवार्य सेवानिवृति में नहीं बदल सकते

**बेंगलुरु।** कर्मचारियों के स्वैच्छिक सेवानिवृति पर कर्नाटक हाईकोर्ट ने हाल ही में एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि किसी भी कर्मचारी के स्वैच्छिक सेवानिवृति के आवेदन पर विचार करने के लिए केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) द्वारा पारित निर्देश बाध्यकारी हैं और अधिकारी किसी भी कर्मचारी के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए दिए गए आवेदन पर विचार किए बिना अनिवार्य सेवानिवृत्ति का निर्देश नहीं दे सकते हैं। लाइव लॉ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस अनु शिवरामन और जस्टिस अनंत रामनाथ हेगड़े की खंडपीठ ने इनकम टैक्स कमिश्नर बी अरुलप्पा के स्वैच्छिक सेवानिवृति से जुड़े विवाद में यह फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार की उस अर्जी को खारिज कर दिया, जिसमें केंद्र ने इनकम टैक्स कमिश्नर की स्वैच्छिक सेवानिवृति के आवेदन की जगह उनके खिलाफ अनिवार्य सेवानिवृत्ति का आदेश दिया था। इस आदेश के खिलाफ अरलप्पा ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण का दरवाजा खटखटाया था।

### हाईकोर्ट ने कहा, कैट द्वारा पारित निर्देश बाध्यकारी

कैट ने अपने आदेश में केंद्र सरकार के फैसले को पलट दिया था और इनकम टैक्स कमिश्नर के स्वैच्छिक सेवानिवृति के आवेदन के अनुसार हित लाभ देने का निर्देश दिया था। केंद्र सरकार ने इसके खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस अर्जी को खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने कहा कि कैट द्वारा पारित निर्देश बाध्यकारी हैं। हाईकोर्ट ने कहा, चूंकि कर्मचारी ने पहले ही नौकरी से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति मांगी थी, इसलिए हम यह नहीं समझ पा रहे हैं कि न्यायाधिकरण द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने में केंद्र सरकार को परेशानी क्यों हो रही है। पीठ ने कहा कि कर्मचारी ने तो खुद सेवा में बने रहने के विकल्प को खारिज किया है। दरअसल, अरुलप्पा ने सीआईटी-द्वितीय के पदभार में रहते हुए त्रिची में कर निर्धारण वर्ष 2009-2010 के लिए मेसर्स वासन हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के मामले को अपने सबसे कनिष्ठ इनकम टैक्स ऑफिसर को दे दिया था, जिसके परिणामस्वरूप 26.03.2018 को उनके खिलाफ मामूली जुर्माना कार्यवाही शुरू की गई थी।

# शादी समारोह में शामिल होने जा रहे एक ही परिवार के लोगों की कार पेड़ से टकराई

### चार बच्चों और एक महिला सहित दुर्घटना में सात घायल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बसेड़ी थाना क्षेत्र में नोनेरा गांव के पास सोमवार को दिन में एक स्विफ्ट डिजायर कार अचानक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में कार सवार चार बच्चों और एक महिला से सात लोग घायल हो गए। लोगो की सूचना पर सभी घायलों को एंबुलेंस से बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय भर्ती कराया गया, लेकिन सभी घायलों की गंभीर हालत को देख ड्यूटी चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय धौलपुर रेफर कर दिया है। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल लोग एक ही परिवार के पिपरौन गांव के रहने वाले बताए गए है, जो रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने धौलपुर के पचगांव जा रहे थे। घटना को लेकर घायलों के साथ आए घायल कन्हैया लाल के मित्र बजरंग सिंह ने बताया कि 40 वर्षीय कन्हैया लाल पुत्र बेदरिया कुशवाह अपने बड़े भाई बाबूलाल अपनी पत्नी रेखा और चार बच्चों के साथ स्विफ्ट डिजायर कार से अपनी रिश्तेदारी में धौलपुर के पचगांव के रुंधपुरा गांव में शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। कन्हैयालाल खुद कार ड्राइव कर रहा था। अचानक से जब उनकी कार नोनेरा गांव के पास पहुंची तो कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े बबूल के पेड़ से जा टकराई। उक्त दुर्घटना में कार में सवार सभी लोग घायल हो गए। ऐसे में ग्रामीणों की सूचना पर 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय लाया गया,जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया है और सभी घायलों को गंभीर हालत के चलते जिला चिकित्सालय धौलपुर रेफर किया है।

**बिल्ली ने काटा था रास्ता, बेटी ने कही धीरे चलने की बात :** घटना को लेकर कन्हैया लाल के बड़े भाई बाबूलाल पुत्र बेदरिया ने बताया कि अचानक से गांव नोनेरा से पहले एक बिल्ली ने रास्ता काटा था। उनकी बेटी ने धीरे चलने की भी कहा था। इस दौरान अचानक से गाड़ी आगे जाकर अनियंत्रित हुई और पेड़ से जा टकराई। गनीमत यह रही कि किसी की जान नहीं गई। वहीं बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. हरिकिशन मंगल ने बताया कि दुर्घटना में बाबूलाल और कन्हैया लाल के साथ पत्नी रेखा, बेटी दीक्षा, ममता और बेटा अंकित एवं तरुण घायल है। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद धौलपुर रेफर किया है।

## जाबाज कांस्टेबल गंगाधर सैनी ने घर में खड़ी कार में लगी आग को बुझाया, बड़ा हादसा टला



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** साहवा कस्बे के साहवा-भालेरी मार्ग पर स्थित वार्ड 12 के घर के अन्दर खड़ी सिप्ट कार में अचानक आग लगने पर घर वालों पता ही नहीं लगा की कार जल रही है। मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों ने रामेश्वर लाल दूत को सूचना देकर बताया कि आपके घर में खड़ी कार में कार लग रही है। मौके पर कस्बेवासियों द्वारा कार में हुई आगजनी की सूचना साहवा थाने में दिए जाने पर थानाधिकारी अल्का विश्नोई ने हैड़ कांस्टेबल जयवीर सिंह व कांस्टेबल गंगाधर सैनी, प्रमेश्वर, रामनिवास डीआर राजेश थाने से अग्निसंयत्र लेकर घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं सिविल ड्रेस में कांस्टेबल गंगाधर सैनी ने निडरता दिखाते हुए पहले जलती कार के पास रखे गैस सैलेंडर को दूर ले जाकर फेंका ताकि हो रही आगजनी में कोई बड़ा हादसा ना हो सके। जांबाज कांस्टेबल गंगाधर सैनी की सुझबुझ के चलते घर में खड़ी कार में लगी आग पर निरंतर पानी डाला। जिससे आग पर काबू पाया जा सका। जांबाज कांस्टेबल गंगाधर सैनी ने अपनी जान की परवाह किए बिना बड़ा हादसा होने को टाल दिया।

# आमजन की समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता से करें : महर्षि

### जनसुनवाई में अधिकारियों को महर्षि ने दिए निर्देश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** विधानसभा क्षेत्र रतनगढ़ की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आये आमजन ने जनसुनवाई में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के समक्ष मांगें रखी। जनसुनवाई में सड़क, चिकित्सा, शिक्षा, पानी एवं बिजली के अलावा अन्य विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग जनसुनवाई में उठी। जिस पर पूर्व विधायक महर्षि ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। महर्षि ने कहा कि राज्य में डबल ईंजन की संवेदनशील भाजपा सरकार स्थापित है जिसमें मूलभूत आवश्यकता की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से होता है। कोई भी अधिकारी आमजन की समस्या के समाधान में कोताई नही बरतें। आमजन की समस्याओं का निपटारा प्राथमिकता से करे। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री आमजन से जुड़ें सभी विषयों को लेकर बेहद गंभीर है। इस दौरान दर्जनों की संख्या में आमजन एवम भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# छात्रसंघ चुनाव को लेकर एनएसयूआई ने बाड़ी उपखंड कार्यालय पर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष आर्यन राय के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा सोमवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा है। उक्त ज्ञापन में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की मांग की गई है साथ में चेतावनी दी है यदि मुख्यमंत्री ने इस पर ध्यान नहीं दिया तो सभी छात्र संगठन आंदोलन पर उतारू होंगे। एनएसयूआई के ब्लॉक अध्यक्ष आर्यन राय सहित पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष नितेश कुमार, नरेन्द्र कुमार, जेपी पठान सहित छात्र-छात्राओं द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा है। उक्त ज्ञापन में मांग की है,कि कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में होने वाले छात्रसंघ चुनाव को नहीं रोका जाए। छात्रसंघ चुनाव की राजनीति की पहली सीढ़ी है। इसी से वर्तमान में देश और राज्य में ज्यादातर नेता आए हैं। ऐसे में छात्र राजनीति की पहली शुरुआत है। जिसको छात्रसंघ चुनाव से ही सीखा जाता है। राजस्थान सरकार ने वर्तमान में कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में होने वाले छात्रसंघ चुनाव पर रोक लगा दी है,जो किसी भी दृष्टि में ठीक नहीं है। ऐसे में मुख्यमंत्री से छात्र संगठन एनएसयूआई ने मांग की है,कि छात्रसंघ चुनाव पर लगाई गई रोक को हटाया जाए और वर्तमान में छात्रसंघ चुनाव कराये जाए। इस मौके पर ध्रुव शुक्ला, अकरम खान, नरेश मीणा सहित अन्य छात्र और छात्रा मौजूद रहे।

# लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया



**सादुलपुर।** गुरुग्राम हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख ओपी सिंह के दिशा-निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन हरियाणा के किसी न किसी भाग में नशे के विरुद्ध प्रसार में जुटे हुए हैं। वे हरियाणा भर में साइकिल पर चलकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक कर रहे हैं। आज वे फरीदाबाद से साइकिल पर गुरुग्राम की और बढे थे और मार्ग में अनेक स्थानों पर रुककर भी लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। तत्पश्चात राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंधवाड़ी में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने को जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम में 375 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न कविता और गायन के माध्यम से भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई।

# हर्षिल शर्मा ने राज्य स्तर पर तीन पदक जीतकर शेखावाटी क्षेत्र का नाम रोशन किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पिलानी में पंचवटी के पास स्थित थार शूटिंग स्पोर्ट्स एकेडमी के हर्षिल शर्मा ने 22वीं राजस्थान राज्य शूटिंग चैम्पियनशिप 2024 में पिस्टल निशानेबाजी खेल में एक सिल्वर, दो कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक के लिए समान अंक थे इसलिए लास्ट सीरीज के निशाने के आधार पर मेडल का वितरण हुआ। थार अकादमी के उर्वी फोगाट, धनंजय भडिया ,सोमांशु संगवान,आदित्य साई पवार ने टॉप 8 में जगह बनाई ,लेकिन मामूली अंतर से पदक से चुके। 56 अलग-अलग इवेंट और कैटेगरी में खिलाडियों ने अपने सटीक निशाने लगाते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए क्वालिफाइड किया जो राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रीनेशनल में भाग लेने वाले खिलाड़ी निम्न प्रकार से हैं। 10 मी. एयर राइफल - प्रियंका श्योराण, उर्वी फोगाट, अवनी डुडी, दीपिका बांगड़वा, यशवर्धन चौधरी, दीपांशु झाझरिया, राहुल श्योराण, दीपांशु संगवान, गौरव पूनिया, अविनाश, ध्रुव चोटिया, यश राज दाधीच, निशांत पूनिया, कृष बांगड़वा, धनंजय भारिया, आदित्य साई पवार, 17.सोमांशु संगवान, 10 मी. एयर पिस्टल- मीना, प्रियंका डुडी, रविता संगवान, निर्मला चौधरी, नेहा कस्वां, कंचन पूनिया, हर्ष श्योराण, प्रशीद श्योराण, अंकित पूनिया, अंशु पूनिया, मो. साकिल, हर्षिल शर्मा, अंकित धतरवाल, रोहित चाहर, 50 मी. प्रोन-उर्वी फोगट, प्रियंका श्योराण, दीपिका बांगड़वा, धनंजय भडिया, प्रिंस पूनिया, उत्तम पूनिया, धर्मेंद्र, सोमांशु संगवान, कृष बांगड़वा, कपिल,अमित स्वामी, उत्तम पूनिया, 50 मी. 3 पोजीशन- उर्वी फोगट, प्रियंका श्योराण, प्रिंस पूनिया, उत्तम पूनिया, धनंजय, अमित स्वामी, कृष बांगड़वा 51. सोमांशु संगवान। 50 मी. फ्रीपिस्टल- निर्मला चौधरी, प्रियंका डुडी, अंकित पूनिया, हर्षिल, 25 मी. स्टैंडर्ड पिस्टल- धर्मेंद्र आदि है।

# बेहतर पुलिसिंग की तैयारी के साथ होमगार्ड की डेढ़ महीने की ट्रेनिंग पूरी

### सेना के पूर्व सूबेदार ने दी ट्रेनिंग, हर दिन जवानों ने बहाया तीन घंटे पसीना



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** राजस्थान गृह रक्षा दल यानी होमगार्ड के जवानों का डेढ़ महीने का प्रशिक्षण शिविर सोमवार को शहर की कृषि उपज मंडी में समाप्त हो गया। एक जून से शुरू हुआ यह प्रशिक्षण 15 जुलाई तक चला। जिसमें सेना के पूर्व सूबेदार मुकेश शर्मा एवं शिवकुमार सिंह ने होमगार्ड को ट्रेनिंग दी। इस दौरान होमगार्ड को बताया गया कि वे किस प्रकार अपनी ड्यूटी करते हुए आमजन के साथ मित्रवत व्यवहार रखते हुए बेहतर पुलिसिंग में सहयोग कर सकते है और किस प्रकार आपातकालीन स्थितियों का मुकाबला करेंगे। इस दौरान उन्हें पुलिस से जुड़े जरूरी संशोधित कानून की भी जानकारी दी गई। भारतीय सेना के पूर्व सूबेदार मेजर मुकेश शर्मा ने बताया कि गृह रक्षा दल के धौलपुर कमांडेंट भानूप्रताप शर्मा और डिप्टी कमांडेंट रामगोपाल सिंह के निर्देशन में यह होमगार्ड जवानों का रिफ्रेशिंग प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ जो शहर की कृषि उपज मंडी में एक जून से लगाया गया था। इस शिविर में प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 8 बजे तक जिले के होमगार्ड को ट्रेनिंग दी गई। उन्हें बताया गया कि वह किस प्रकार पुलिस का सहयोग करते हुए आमजन से मित्रवत व्यवहार रखें और किस प्रकार आपातकालीन परिस्थितियों का सामना करें। इस दौरान उन्हें सलूट करने,वर्दी पहने और कानून की स्थिति बिगड़ने पर सामना करने के लिए भी आवश्यक जानकारी दी गई है। ट्रेनिंग में भाग ले रहे होमगार्ड निरंजन ने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर उनके लिए बहुत अच्छा साबित हुआ है। इसमें उन्हें तमाम तरह की नई जानकारी मिली है। पुलिस से जुड़े कानून की नई धाराओं के बारे में भी उनको बताया गया है। प्रतिदिन करीब 3 घंटे तक उन्हें ट्रेनिंग में शारीरिक श्रम कराया गया। जिससे वे अपडेट होने के साथ अपने आप को तरोताजा महसूस कर रहे हैं। अन्य जवान के साथ वे अब ड्यूटी के लिए तैयार है।

**बाड़ी ब्लॉक के 45 जवानों को दी गई ट्रेनिंग :** होमगार्ड के धौलपुर डिप्टी कमांडेंट रामगोपाल सिंह ने बताया कि इस शिविर में बाड़ी उपकेंद्र के 45 जवानों को ट्रेनिंग दी गई है। उक्त जवान अब ट्रेनिंग के बाद ड्यूटी पर भेजे जाएंगे। इस ट्रेनिंग में सेना के पूर्व सूबेदार मुकेश शर्मा और शिवकुमार सिंह ने विशेष सहयोग दिया है।

## दक्ष प्रजापति जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी

**अलवर।** प्रजापति नवयुवक समिति के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार प्रजापति ने बताया कि 21 जुलाई को दक्ष प्रजापति जयंती मनाई जाएगी जिसको लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया( बैठक में निर्णय लिया कि अशोक टॉकीज नारायणी धर्मशाला के पास से हरि झंडी दिखाकर शोभायात्रा रवाना की जाएगी। मालाखेड़ा बाजार, त्रिपोलिया, बजाजा बाजार, होपसर्कस. घंटाघर. चर्च रोड, मंन्त्री का बड, होते हुए नांगली सर्किल पर सिद्धिविनायक मैरिज होम में समापन किया जाएगा। बैठक में प्रजापति नवयुवक समिति के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार प्रजापति, संयोजक विजेंद्र कुमार ठेकेदार, डॉक्टर नेपाल सिंह प्रजापति, बाबूलाल प्रजापति, राम बिहारी प्रजापति, गुलशन कुमार प्रजापति आदि लोगों उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक का आयोजन मंगलवार को दोपहर 12 बजे जिला कलक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जायेगा। उप निदेशक पर्यटन संजय जौहरी ने बताया कि बैठक में वन विभाग द्वारा वन विहार क्षेत्र को विकसित करने पर विचार विमर्श, भारतीय पुरातत्व एवं सर्वेक्षण विभाग द्वारा बाबर गार्डन धौलपुर के विकास हेतु विचार विमर्श, धौलपुर में प्रगतिरत पर्यटन विकास कार्यो पर चर्चा, नगर परिषद एवं वन विभाग धौलपुर द्वारा चम्बल सफारी करने वाले पर्यटकों हेत आधारभूत सुविधाओं का विकास आदि पर चर्चा की जायेगी।

### स्वस्थ तन-मन के लिए योग जरूरी : भारतीय



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** अमर बलिदानी विद्याधर सांई राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक सुगनसिंह खीचड़ के सानिध्य में आयुष योग प्रशिक्षक योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय ने विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया। सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, आसन आदि का नित्यजीवन में महत्व रेखांकित करते हुए जितेन्द्र, सुनीता मीणा, रेखा शेखावत, विकास कुमार, राजबाला, सोना आदि ने भागीदारी निभाई। संस्था प्रधान खीचड़ ने योगाचार्य का आभार व्यक्त कर स्वस्थ तन मन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।

### कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने पौधारोपण किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखंड क्षेत्र में चांदगोठी के कृषि महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम चल रहे अभियान के तहत महाविद्यालय के छात्रों ने पौधे लगाए प्रत्येक छात्र को एक-एक पौधों की संरक्षण की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर मनीष भादू, अशोक महरिया, लोकेश कुमार ढाका, मनोज कुमार ढाका, दिनेश यादव तथा नवीन व तपेश धेतरवाल मौजूद रहे।

### सिल्वर जुबली कार्यक्रम का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** स्वरांजली संगीत समिति की बैठक एम.एन.कुरैशी की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर उपस्थित सदस्यों ने विचार विमर्श कर समिति के 25 वें वर्ष में प्रवेश करने के ऐतिहासिक अवसर पर सिल्वर जुबली के रूप में 28 जुलाई (रविवार) को मित्तल कम्युनिटी ऑडिटोरियम में रफी नाइट आयोजन का निर्णय लिया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष हीरालाल भार्गव, सचिव हरि स्वामी, अनिल शास्त्री, लक्ष्मीनारायण आर्य, अरुण तिवारी, जवरीमल, कमल सैनी व दीपक भार्गव आदि उपस्थित थे।

### जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था व जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के एक प्रतिनिधि मण्डल ने योगेश मिश्रा,जिलाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर महामहिम राज्यपाल राजस्थान के नाम जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया की कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर सड़क से संसद तक संघर्ष करती रहेगी। इसी क्रम में अलवर जिले में हो रही सरेआम हत्या, लूट, डैकेती, साईबर ठगी, छेड़कानी एवं चैन स्कैचिंग, अलवर जिले की बिगडी हुई कानून व्यवस्था और अलवर जिले में व्याप्त पानी व बिजली की समस्या,अलवर शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार एवं अलवर जिले में हो रहे अतिक्रमण पर रोकथाम आदि मांगों के निराकरण को लेकर मिनी सचिवालय में जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक अलवर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा की सात दिन में सरकार द्वारा ज्ञापन की मांगों का समाधान नहीं किया गया तो जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की ओर से सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर विधायकों, विधायक प्रत्याशियों, ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, जिला पार्षदों, नगर पार्षदों, नगर परिषद एवम पालिकाओं के चेयरमैनों, पंचायत समिति के प्रधानों, पी सी सी, डी सी सी, बी सी सी और एमसीसी के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों, कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों के साथ शान्ति पूर्ण तरीके से धरना एवं प्रदर्शन करेंगे तथा उसके बाद जिला मुख्यालय पर शान्ति पूर्ण धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट का घेराव किया जावेगा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, पीसीसी महासचिव अजीत यादव, राजेंद्र पाल शर्मा, गफूर खान, बलराम यादव, गब्बर मीणा, नेता प्रतिपक्ष विक्रम यादव, प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता, शहर अध्यक्ष जयदीप आर्यन, जफरुद्दीन, सतीश पटेल, मुबारिक हुसैन, कमलेश सैनी, जीत कौर सांगवान, लीली यादव, उमरदीन खान, हरिशंकर रावत, जगदीश अवस्थी, साजिद खान, जमशेद खान, पंकज शर्मा, रमन सैनी, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, सोनू गोपालिया, गोपाल जायसवाल, पार्षद राजेश सैनी, रवि मीणा,विजेंद्र सेन सुदर्शन अरोड़ा, रामकिशन बैरवा, मुकेश बालेटा, छंगामल लखेरा, सत्यनारायण शर्मा, कमल सेन रहमतुल्लाह खान, वेद प्रकाश गोठवाल आदि मौजूद रहे।

## जेडीए अजमेर रोड पर कर रहा है हीरापुरा बस टर्मिनल विकसित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में अजमेर रोड पर वेस्ट–वे जेडीए स्कीम में हीरापुरा बस टर्मिनल को विकसित करेगा।

जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि दिनांक 06 जुलाई को मुख्यमंत्री द्वारा बस टर्मिनल का दौरा किया गया, जिसमें 15.08.2024 तक अतिरिक्त सेवाएं – पेयजल की व्यवस्था, दोपहिया, चार पहिया वाहनों एवं बसों के पार्किंग स्थलों को पक्का करने के निर्देश प्रदान किये गये। उन्होंने बताया कि बस टर्मिनल के चालू होने से अजमेर रोड 200 फीट चौराहे पर आमजन को यातायात जाम से निजात मिलेगी।

उक्त बस टर्मिनल पर सरकारी एवं निजी बसों का संचालन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जयपुर शहर में यातायात की बढती समस्या के समाधान के लिये शहर के बाहरी क्षेत्रों में ही सैटेलाईट बस टर्मिनल स्थापित करने का निर्णय लिया गया था। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अनुसार यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्धेष्य से केन्द्रीय बस स्टेण्ड सिंधी कैम्प को मल्टीमॉडल इंटीग्रेटेड आई.एस.बी.टी. हब के रूप में विकसित किया जाना था। सीकर रोड़, अजमेर रोड़, आगरा रोड़, टोंक रोड़ एवं दिल्ली रोड़ पर सेटेलाईट बस टर्मिनल बनाये जाने थे।

जविप्रा द्वारा राजस्थान स्टेट बस टर्मिनल डवलपमेन्ट अथॉरिटी को अजमेर रोड हीरापुरा स्थित जविप्रा की वेस्ट वे हाईटस योजना में निर्धारित शर्तो पर बस टर्मिनल हेतु 54270.00 वर्गमीटर भूमि आंवटित की गयी थी।

बस डिपो के संचालन के लिये सभी आधारभूत सुविधाएँ विकासित की जा रही है।

वर्तमान में यात्रियों के लिये 6.00 करोड रूपये की लागत से शेड का निर्माण, शौचालय की सुविधा, कार्यालय का निर्माण, चारदीवारी का निर्माण आदि कार्य पूर्व में पूर्ण करवाये जा चुके है। जेडीए द्वारा अतिरिक्त कार्य प्रारम्भ कर तीव्रगति से पूर्ण करवाये जा रहे है, जिससे बस टर्मिनल से परिवहन विभाग द्वारा बसों का संचालन जल्द प्रारम्भ किया जा सके।

## सड़क पर खुले में गोबर डालने पर मौके पर ही वसूल किया 5 हजार रुपए जुर्माना

## गंदगी फैलाने वाले दोषी व्यक्तियों पर की जा रही है सख्त कार्यवाही

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा जोन स्तर पर टीमों का गठन कर खुले में सीएनडी वेस्ट डालने एवं कचरा फैलाने वाले दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही की जा रही है। जोन स्तर पर टीमों द्वारा एक ही दिन में 1 लाख से भी अधिक जुर्माना वसूल किया जा रहा है। सोमवार को भी टीमों द्वारा गंदगी फैलाने वाले एवं खुले में रोड़ी, ईट, बजरी (सीएनडी वेस्ट) डालने वाले दोषी व्यक्तियों से 1 लाख 20 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। झोटवाड़ा जोन की टीम द्वारा 6 प्रतिष्ठानों से गंदगी फैलाने पर 5 हजार रूपये का जुर्माना, खुले में गोबर डालने पर 5 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। इसके साथ ही झोटवाड़ा जोन में कुल 14 लोगों को नोटिस जारी कर नगरपालिका अधिनियम 2009 का उल्लंघन करने पर कुल 55 हजार रूपये का जुर्माना वसूल किया।

01 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दोषियों के विरूद्ध ग्रेटर क्षेत्र के सात जोनों में गठित टास्क फोर्स द्वारा निरीक्षण कर अब तक कुल 2 हजार 500 से भी अधिक चालान काटे गये हैं तथा 1938 किलों से भी अधिक प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त किया गया हैं तथा 21 लाख 15 हजार रूपये से भी अधिक जुर्माना राशि वसूल की गई।

नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय द्वारा 01 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग को निषेध किया गया है। जिसकी अनुपालना में नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा 7 जोनों में टास्क फोर्स का गठन किया गया हैं। जिसके अन्तर्गत जोन उपायुक्त, राजस्व अधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक, वार्ड सफाई निरीक्षक, कांस्टेबल की टीम गठित की गई हैं। जिनके द्वारा दिन प्रतिदिन सब्जी मण्डी, फल मण्डी, रेस्टोरेंट, होटल इत्यादि स्थानों पर निरीक्षण किये जाते हैं।

अब तक नगर निगम ग्रेटर की गठित टीमों द्वारा 2 हजार 500 से भी अधिक चालान कर दोषियों से 21 लाख 15 हजार रूपयें जुर्माना राशि वसूल की हैं। उन्होंने बताया की प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में मैरिज गार्डन संचालकों, व्यापारिक मण्डल, स्कूल संचालक, स्ट्रीट वेण्डर, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ जन जागरूकता के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की गई। जिसमें प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की समझाईश की गई। भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय द्वारा 01 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग को निषेध किया गया है। जिसमें प्लास्टिक युक्त ईयर बडस, गुब्बारों के लिये प्लास्टिक की डंडियाँ, प्लास्टिक के झण्डे, कैन्डी स्टीक, आईसक्रीम की डंडियाँ, पॉलीस्टाइरीन की सजावटी सामग्री, मिठाई के डिब्बों के इर्द–गिर्द लपेटने अथवा पैक करने वाली फिल्में, 100 माईक्रोन से कम मौटाई वाले पी.वी.सी. बैनर सम्मिलित हैं।

जागरूक टाइम्स
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

## समुचित व्यवस्थाएं नहीं मिलने पर संबंधित ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को लगाई फटकार

# 'एक पेड़ गाय माता के नाम अभियान' चलाकर हिंगौनिया गौशाला में लगाये जायेंगें 5 हजार छायादार-फलदार पेड़: महापौर

## डॉ. सौम्या गुर्जर ने हिंगौनिया गौशाला का किया औचक निरीक्षण

### गायों को तपती गर्मी में मिलेगी राहत

### चारे, पानी, सफाई, फोगिंग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को जांचा परखा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर ।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ.सौम्या गुर्जर ने सुबह हिंगौनिया गौशाला पहुंचकर गौशाला का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान महापौर ने गायों के चारे, पानी, सफाई सहित विभिन्न बिन्दुओं पर बड़ी बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चैयरमेन पशु नियंत्रण एवं सरंक्षण समिति अध्यक्ष अरूण वर्मा, वर्षा जल पुनर्भरण एवं सरंक्षण समिति अध्यक्ष शंकर लाल शर्मा, अवैध भवन निर्माण निरोधक समिति अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह शेखावत, उपायुक्त पशु प्रबंधन शाखा सहित संबंधित ट्रस्ट के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

औचक निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्वयं चारा मंगवाकर चारा चैक किया इसके साथ ही सही स्थिति में सफाई नहीं मिलने पर संबंधित कर्मचारियों, संबंधित ट्रस्ट के पदाधिकारियों को फटकार भी लगाई। महापौर ने फटकार लगाते हुए कहा कि बाड़ों की सफाई



नियमित रूप से की जाये इसके साथ नियमित रूप से फोगिंग की जाये जिससे मक्खी, मच्छर नहीं पनपे। महापौर ने एक-एक बाड़ें में जाकर गायों की स्थिति को देखा और गायों को चारा समय पर देने हेतु निर्देशित किया। महापौर ने स्वयं ट्रैक्टर पर बैठकर गौशाला का जायजा लिया। करीब 2 घंटे से भी अधिक समय तक महापौर ने गौशाला में रहकर गायों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि ''एक पेड़ मां के नाम अभियान जनअभियान बन चुका है'' और इसी क्रम में हिंगौनिया गौशाला में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम के द्वारा ''एक पेड़ गाय माता के नाम'' अभियान चलाकर 5 हजार पौधे लगाये जायेगे। महापौर ने सोमवार को हिंगौनिया गौशाला में बरगद का पेड़ लगाया। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि हिंगौनिया गौशाला में गर्मियों में गाय माता को गर्मी से बचाने के लिये 10 से 12 फीट के छायादार फलदार पेड़ लगाये जायेगे जिससे गौमाता का गर्मी से बचाव हो सकेगा।

## जेडीए ने गोपालपुरा मोड़ से त्रिवेणी पुलिया तक रोड़ के दोनो तरफ करीब 3 कि.मी. तक हटाए 150 अतिक्रमण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर ।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सामुहिक अभियान का आयोजन कर गोपालपुरा मोड़ से त्रिवेणी पुलिया तक रोड़ के दोनो तरफ करीब 3 कि.मी. तक के दायरे में 150 अतिक्रमणों को हटवाया गया।

जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि मंत्री नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा 9 जुलाई को जयपुर विकास प्राधिकरण में आयोजित बैठक में दिये गये निर्देषानुसार जयपुर शहर के मुख्य रोड्स, सेक्टर रोड्स व अन्य रोड्स पर बाधित यातायात आवागमन को सुगम संचालन हेतु सड़कों पर अस्थायी रूप से किये जा रहे अवैध कब्जा–अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनांक: 15 से शुरू की गई। जिसमें से गोपालपुरा मोड़ से त्रिवेणी पुलिया तक रोड़ के दोनों तरफ करीब 3 कि.मी. तक के एरिया में करीब




150 अवैध कब्जों–अतिक्रमणों को हटवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देषन में उप नियंत्रक–तृतीय, जोन–04, जोन–09, जोन–10 के सहयोग से सामुहिक अभियान का आयोजन कर गोपालपुरा मोड़ से त्रिवेणी पुलिया तक रोड़ के दोनो तरफ करीब 03 कि.मी. तक के दायरे में दुकानों, मकानों के आगे अत्यधिक लम्बाई में बने चबुतरें, सीढ़ियां, रैम्प, बाउण्ड्रीवाल, लगाये गये थड़ी, ठेलें, होर्डिंग–साइन बोर्ड इत्यादि द्वारा किये गये लगभग 150 स्थाई–अस्थाई अवैध कब्जों–अतिक्रमणों को जोन–05 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी, मजदूरों की सहायता से हटाया जाकर मुख्य रोड़ को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन के निर्देशन में उपनियंत्रक प्रवर्तन–तृतीय एवं प्रवर्तन अधिकारी जोन–04, 09, 10, पुलिस लाईन से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस जाप्ता, स्थानीय पुलिस थाना का पुलिस बल तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की जा रही है।

## आरजेएस प्री परीक्षा परिणाम घोषित, कट ऑफ भी जारी की

### 222 पदों पर निकाली थी भर्ती, मेन्स अगस्त में होना प्रस्तावित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट प्रशासन की ओर से आयोजित आरजेएस परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित कर दिया गया है।

रजिस्ट्रार परीक्षा ने प्रारम्भिक परीक्षा में पात्र अभ्यर्थियों का परिणाम घोषित करने के साथ ही कट ऑफ भी जारी की है। 9 अप्रैल 2024 को आरजेएस के रिक्त 222 खाली पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी। 23 जून को इस परीक्षा का आयोजन हुआ था। जारी कट ऑफ को अनुसार सामान्य 73, सामान्य तलाकशुदा 61, सामान्य विधवा 45, एससी 55, एसटी 54, ओबीसी व एनसीएल 68, ओबीसी व एनसीएल तलाकशुदा 65, ओबीसी एनसीएल विधवा 46, एमबीसी एनसीएल 45, ईडब्लूएस 68 प्रतिशत रहा है। प्रारम्भिक परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थी की मुख्य परीक्षा के प्रवेश पत्र जल्द जारी होगी। संभवत: यह परीक्षा 31 अगस्त को आयोजित हो सकती है।

## पीआर एस आई जयपुर चैप्टर की कार्यकारिणी का गठन

**जयपुर।** पब्लिक रेलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया जयपुर चैप्टर की नव–निर्वाचित कार्यकारिणी का रविवार को मानसरोवर मीडिया क्लब में गठन किया गया। सर्वसम्मति से वीरेंद्र पारीक को अध्यक्ष ,कविता जोशी को उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार व मनीष हूजा को सचिव चुना गया ।

# आवश्यक औपचारिकताएं तत्काल पूरी करें: खान सचिव आनन्दी

## निरस्त 53 माइनिंग प्लॉटों की ऑक्शन की : माइनिंग प्लान सहित विचाराधीन प्रकरणों को 15 दिन में शून्य स्तर पर लाएं

## राजस्व लक्ष्यों की शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित हों

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** खान एवं भूविज्ञान विभाग की सचिव आनन्दी ने कहा है कि निरस्त 53 माइनिंग प्लॉटों के ऑक्शन की कार्रवाई शीघ्र शुरु की जाएं।



उन्होंने माइनिंग एवं भूविज्ञान विभाग के अधिकारियों से माइनिंग ब्लॉकों के चिन्हिकरण, डेलिनियेशन और ऑक्शन के लिए आवष्यक औपचारिकताएं संयुक्त रुप से मिलकर करने के निर्देश दिए ताकि ऑक्शन के लिए प्लॉट तैयार करने में अनावश्यक देरी को रोका जा सके।

खान सचिव आनन्दी सोमवार को खनिज भवन में डीएमजी भगवती प्रसाद कलाल के साथ खान एवं भूविज्ञान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रही थी। उन्होंने बताया कि 53 माइनिंग प्लॉटों के संबंध में न्यायालय से सरकार के पक्ष में निर्णय आ गया है, ऐसे में तत्काल ऑक्शन की कार्रवाई शुरु की जाएं ताकि अवैध खनन या अन्य व्यवधानों पर रोक लग सके। उन्होंने विभिन्न कार्यालयों में माइनिंग प्लान, हस्तांतरण, म्यूटेशन या इसी तरह के पेंडिंग प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि अगले तीन माह में इस तरह के प्रकरण शून्य स्तर पर आ जाने चाहिए। राजस्व लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति के निर्देश देते हुए पुराने बकाया की वसूली में तेजी लाने को कहा। आनन्दी ने विधानसभा प्रश्नों के तत्काल उत्तर तैयार कर भिजवाने को कहा।

परिवेश पोर्टल पर फार्म 2 अपलोड कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि आवष्यकता होने पर नोटिस देने सहित सख्त कदम उठाएं ताकि समय पर ईसी जारी होने से इन खानों में खनन कार्य बंद होने जैसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने ई–फाइलिंग, ई–डाक, ई–फाइल निष्पादन की चर्चा करते हुए निस्तारण समय को न्यूनतम स्तर पर लाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। उन्होंने विभाग के पब्लिक से जुड़ें कार्यों को एण्ड टू एण्ड स्तर तक ऑन लाईन करने पर जोर दिया ताकि प्रकरणों का पारदर्शिता के साथ ही समय पर निस्तारण हो सके। निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने माइनिंग प्लान अनुमोदन के बकाया विचाराधीन प्रकरणों पर गुणावगुण के आधार पर 15 दिवस में निष्पादित कर दिए जाएं। भविष्य में तय समय सीमा में प्रकरणों का निष्पादन हो। कलाल ने कहा कि परिवेश पोर्टल पर फार्म 2 अपलोड करने में देरी करने वालों को नोटिस जारी किये जाये। इसी तरह से जिला कलक्टर की अध्यक्षता में होने वाली अंतर्विभागीय बैठकों में विभाग से संबंधित जिला स्तर पर अन्य विभागों में लंबित प्रकरणों पर चर्चा करें ताकि परस्पर समन्वय से प्रकरणों का निस्तारण हो सके। पर्यावरण स्वीकृति के लिए जनसुनवाई वाले प्रकरणों पर समन्वय बनाते हुए कार्रवाई करावें। बैठक में एसजी सुनील वर्मा, एफए गिरिश कछारा, अतिरिक्त निदेशकों में दीपक तंवर, बीएस सोढ़ा, पीआर आमेटा, एमपी मीणा, योगेन्द्र सिंह सहवाल, एडीजी में एनपी सिंह, एसएन डोडिया, आलोक प्रकाश जैन, भंवरा राम, एसएमई एनएस शक्तावत, धर्मेन्द्र लोहार, ओपी काबरा, जय गुरुबख्सानी, सतीश आर्य, एसपी शर्मा, अनिल खमेसरा, भीम सिंह,यशवंत डामोर, हरीश चन्द्र गोयल, एसजी संजय दुबे, संजय सक्सैना, संजय गोस्वामी, एचएस नाथावत, त्रिलोक शंकर शर्मा आदि ने जोनवार प्रगति से अवगत कराया। आरएसजीएल के डीएम आईटी गगनदीप राजोरिया, खान व भूविज्ञान विभाग के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## वार्ड संख्या 81 में व्यापारी संघ और स्ट्रीट वेन्डर्स की बैठक का हुआ आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर ।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 के तहत मार्केट एरिया में स्वच्छता बनाये रखने, स्ट्रीट वेन्डर्स द्वारा ठेलो के आगे डस्टबिन रखने के साथ आस–पास की जगहों पर सफाई रखने, दुकान के खोलने



व बंद करने के समय आस–पास के स्थानों की सफाई रखने के लिये अपील की जा रही है तथा स्थानीय व्यापारियों, स्ट्रीट वेन्डर्स के साथ बैठक कर समझाईश की जा रही है। वार्ड संख्या 81 के सभी स्थानीय व्यापारियों और स्ट्रीट वेन्डर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक विद्यास्थली स्कूल, महारानी फार्म, दुर्गापुरा प्रांगण में आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य मार्केट एरिया में स्वच्छता बनाए रखना और 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान को सफल बनाना है। बैठक में उपस्थित प्रमुख अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति स्वच्छता के महत्व और उसके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए। इस बैठक में उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज ने सभी स्ट्रीट वेन्डर्स और व्यापारियों को यह निर्देश दिए कि वे अपने ठेलों के आगे डस्टबिन रखें और सफाई बनाए रखें। उपायुक्त स्वास्थ्य ने जोर देकर कहा कि स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह ग्राहकों को आकर्षित करने और व्यापार को बढ़ाने में भी सहायक होती है उन्होंने सभी दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे अपनी दुकान खोलते और बंद करते समय अपनी दुकान के आस–पास सफाई सुनिश्चित करें।

### साफ-सफाई के उच्च मानको के लिए रेलवे प्रतिबद्ध

## उत्तर पश्चिम रेलवे के 8 स्टेशन कचरा इकट्ठा एवं निस्तारण के लिए किये गये नामित

**जयपुर।** भारतीय रेलवे सभी ट्रेनों में स्वच्छता और साफ–सफाई के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। रेलवे सभी रेल यात्रियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित यात्रा वातावरण सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार रेलवे रेल परिसर एवं रेलगाड़ियों मे साफ–सफाई के उच्चतम मानको कों बनाये रखने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कभी कभी यह देखा जाता है कि चलती हुई रेल गाड़ियों में से कचरे को रेलवे ट्रैक पर फेंका जाता हैए जिससे न केवल गंदगी होती है अपितु यह संरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा हो सकता है। रेलवे द्वारा लंबी दूरी की रेल सेवाओं में उपलब्ध पेंट्री कार से निकलने वाले कचरे कों इकट्ठा एवं निस्तारण करने के लिए स्टेशनों को नामित किया गया हैए जहां गाड़ियों के ठहराव पर पैंट्री कार कर्मियों से सारे कचरे को उतारकर डंप यार्ड मे उचित निस्तारण किया जाता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के रेवाड़ीए जयपुरए अजमेरए आबू रोडए जोधपुरए बीकानेरए जैसलमेर एवं उदयपुर कुल 08 स्टेशनो पर यह सुविधा उपलब्ध करवाई गयी है।

समय–समय पर रेल अधिकारियों द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के द्वारा भी पेंट्री कार से कचरे के उचित निस्तारण कि जाँच की जाती है एवं दोषी पाए जाने पर नियमानुसार दंडित भी किया जाता है। अभी हाल ही में पूर्वोत्तर सीमा रेलवे पर पैंट्री कार द्वारा रेलवे ट्रेक पर कचरा फेंकने की घटना की सजग यात्री द्वारा वीडियो बनाकर शिकायत पर रेलवे प्रशासन द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए सम्बंधित फर्म पर द्वारा रु.15000 का जुर्माना एवं सख्त चेतावनी दी गई है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता,**
**जनस्वास्थ्य अभियात्रिकी विभाग, खण्ड-सिरोही**
Email: ee.sir.phed@rajasthan.gov.in/phedsir@gmail.com
Phone : 02972-221244

क्रमांक: जन स्वा./सि/त.स./2024-25/1199 दिनांक : 09.07.2024

निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या 2024-25/16 से 29 (NIB Code : PHE2425A1188)

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से जन स्वास्थ्य अभियात्रिकी विभाग, खण्ड सिरोही में निम्नलिखित कार्यों के लिए जन स्वास्थ्य अभियात्रिकी विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं केन्द्र/राज्य सरकार के अधिकृत विभागों/संगठनों, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, रेल, डाक, दूर संचार विभागों में उपयुक्त समक्षक श्रेणी में पंजीकृत जो उपयुक्त पात्रता रखते हैं, संवेदको से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://phedwater.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in/ से डाउनलोड किये जा सकते है एवं इस बेवसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में प्रस्तुत की जानी है। विस्तृत सूचना एवं पात्रता की शर्तें वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in पर भी देखी जा सकती है। कोई भी कारण बताये बिना निविदा निरस्त एवं आगे बढाने के समस्त अधिकार निम्नहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित हैं। ऑन लाईन ई चालान की सूचना इस कार्यालय के ई मेल पर भिजवाये जाने के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

UBN is : PHE2425WSOB02574 UBN is : PHE2425WSOB02575 UBN is : PHE2425WSOB02576
UBN is : PHE2425WSOB02578 UBN is : PHE2425WSOB2581 UBN is : PHE2425WSOB02583
UBN is : PHE2425WSOB2586 UBN is : PHE2425WSOB02588 UBN is : PHE2425WSOB02591
UBN is : PHE2425WSOB2593 UBN is : PHE2425WSOB02594 UBN is : PHE2425WSOB02595
UBN is : PHE2425WSOB2596 UBN is : PHE2425WSOB297

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि | 18.07.2024 मध्यान्ह पश्चात् 06 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.07.2024 मध्यान्ह पश्चात् 06 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय | 18.07.2024 मध्यान्ह पश्चात् 06 बजे तक |
| प्री क्वालिफिकेशन बीड खोलने की तिथि एवं समय | 19.07.2024 मध्यान्ह पश्चात् 02 बजे |

(खेमचन्द सिंगारिया)
अधिशाषी अभियन्ता,
जन स्वा.अभि.विभाग, वृत्त-सिरोही

DIPR/C/5924/2024

# ग्राम विकास अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में विकास की धुरी : मदन दिलावर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश की राजधानी जयपुर में राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रांतीय कार्यालय के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होकर पंचायती राज एवं स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में विकास की धुरी है। ग्राम विकास अधिकारी सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के 70 प्रतिशत आबादी की सामाजिक, आर्थिक एवं भौतिक जरूरतों को पूरा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हैं। इस अवसर पर अतिथियों ने ग्राम विकास अधिकारियों को नवीन प्रांतीय कार्यालय भवन निर्माण की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आह्वान किया कि प्रदेश के ग्राम विकास अधिकारी सरकार के महत्वपूर्ण अभियान हरित राजस्थान एवं स्वच्छ राजस्थान को मूर्त स्वरूप बनाने में अपना योगदान प्रदान करें। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने ग्राम विकास अधिकारियों के प्रांतीय कार्यालय के उद्घाटन की स्थापना की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी संगठन के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है कि वह खुद के संसाधनों से प्रदेश की राजधानी में एक बहुत सुव्यवस्थित कार्यालय स्थापित कर पाए हैं । इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। राजेंद्र राठौड़ ने खुले मंच से आवाहन किया ग्राम विकास अधिकारी मांगों को पूर्ण करने के लिए हर स्तर पर तैयारी करेंगे। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए खुद को ग्राम विकास अधिकारियों का बिना फीस का वकील घोषित किया । इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, विधायक सिवाना, हमीर सिंह भायल एवं विधायक नसीराबाद, रामस्वरूप लांबा ने भी ग्राम विकास अधिकारी संघ को नए प्रांतीय कार्यालय के उद्घाटन पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके संगठन की प्रत्येक मांग पर शासन एवं सरकार में पुरजोर पैरवी करने का भरोसा दिलवाया। इससे पूर्व अतिथियों ने ग्राम विकास अधिकारी संघ कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया एवं उद्घाटन पट्टिका का अनावरण करते हुए कार्यालय में प्रवेश किया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी संघ का नवीन प्रांतीय कार्यालय प्रदेश के 11 हजार से अधिक ग्राम विकास अधिकारियो के सामाजिक, प्रशासनिक एवं आर्थिक हितों की सुरक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा । इसके साथ ही प्रदेश के 8 लाख कर्मचारियों के लिए भी इस कार्यालय से उनके हित में संगठनात्मक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। महावीर शर्मा ने इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों के समक्ष ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग के पदोन्नति पदों के सर्जन, लंबित पदोन्नतियों को शीघ्र करने , विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण नीति से अंतर जिला स्थानांतरण करने, ग्राम विकास अधिकारी भर्ती 2021 की प्रतीक्षा सूची जारी करने के साथ ही पुरानी पेंशन योजना को निरंतर जारी रखते हुए , आठवां वेतन आयोग लागू करवाने की केंद्र सरकार को सिफारिश भेजने एवं तृतीय श्रेणी अध्यापकों के भी शीघ्र स्थानांतरण करने सहित विभिन्न मांगे पूर्ण करने की पुरजोर शब्दों में मांग की गई। संगठन के महामंत्री शिवराज चौधरी ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी संघ की स्थापना 10 जून 1965 में हुई थी । यह संगठन 60 वर्षों से निरंतर गतिशील है। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ पूरी तरह गैर राजनीतिक, सृजनात्मक , राष्ट्र प्रेमी कर्मचारी संगठन है । इसमें 11208 ग्राम विकास अधिकारी सदस्य है तथा ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग का एकमात्र संगठन ही है । उन्होंने संगठन के नवीन भवन निर्माण के उद्घाटन समारोह में पधारे समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रह्लाद जाट ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## अवैध शराब तस्कर हंसराज ठाकुर गिरफ्तार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले की आंगई थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए एक 35 वर्षीय अवैध शराब तस्कर हंसराज उर्फ प्रवीणकुमार ठाकुर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने अवैध देशी शराब के 5 दर्जन से अधिक पउओं को बरामद कर जप्त किया है। आंगई थाना एसएचओ रामअवतार मीणा ने बताया कि धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में पुलिस थानों में दर्ज मुकदमों में वांछित अपराधियों की धरपकड, अवैध खनन, अवैध हथियार,अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए चलाए जा रहे विशेष धरपकड़ अभियान के अन्तर्गत एंव धौलपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार शर्मा व बाड़ी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ कमल कुमार जांगिड एवं सरमथुरा सर्किल ऑफिसर पुलिस उप अधीक्षक नरेन्द्र कुमार मीणा के निकटतम सुपरविजन में मुखबिर की विश्वसनीय सूचना पर थानास्तर पर गठित पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में करौली-धौलपुर एनएच 11बीं स्थित जगदीश कॉलेज के मोड़ पर सुनियोजित योजना बनाकर पुलिस टीम को देख भाग रहे 35 वर्षीय अवैध शराब तस्कर हंसराज उर्फ प्रवीणकुमार पुत्र गजराज ठाकुर निवासी गांव सनौंरा थाना आंगई जिला धौलपुर को 2 किलोमीटर पीछे दौड़कर पकड़ा है। एसएचओ राम अवतार मीणा ने बताया कि उक्त कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम में शामिल कांस्टेबल चालक रिषीकेश गुर्जर ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी हंसराज उर्फ प्रवीणकुमार ठाकुर के खिलाफ पुलिस ने थाने पर मुकदमा नंबर-89/2024 धारा 19/54 आबकारी अधिनियम में दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। जिसे अनुसंधान के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## सीआईएसएफ जवान ने किया सुसाइड

### बड़े भाई से पूछा आप घर कब लौटोगे, 3 दिन पहले ही छुट्टी पर आया था

**टोंक।** छत्तीसगढ़ में तैनात सीआईएसएफ जवान ने रविवार रात अपने घर में पंखे पर फंदा से लटक कर जान दे दी। वह छुट्टी लेकर घर आया था। रात को बड़ा भाई घर लौटा तो उसने जवान को पंखे से लटका देखा। सोप थाना पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम करवाकर



शव उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। मामला टोंक जिले में सोप थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुरा में रविवार रात का है। देवली सीआईएसएफ की टुकड़ी ने सोमवार दोपहर तीन बजे उसके गांव पहुंचकर राजकीय सम्मान से उसका अंतिम संस्कार किया है।

**तीन दिन पहले ही आया था छुट्टी पर :** सोप थाना प्रभारी राजेश तिवाड़ी ने बताया कि थाना क्षेत्र के कल्याणपुरा निवासी सीआईएसफ जवान सुरेश मीणा (32) पुत्र रामप्रसाद मीणा की छत्तीसगढ़ के बिलाई में पोस्टिंग थी। तीन दिन पहले वह अपने घर छुट्टी पर आया था। उसने रविवार मध्य रात बाद पंखे से झूलकर आत्महत्या कर ली।

**तीन भाइयों में सबसे छोटा था, कुछ माह पहले ही शादी हुई थी :** मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल ले गए जहां उसे औपचारिक रूप से मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी तिवाड़ी ने बताया कि उसकी तीन माह पहले ही शादी हुई थी। अभी इसके को संतान नहीं है। परिजनों के अनुसार वह आया जब किसी तरह के तनाव में नहीं था। अचानक उसने आत्महत्या किस वजह से की, समझ नहीं आ रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## इंस्टाग्राम पर रील शेयर कर जंगल में फंदे से लटके

### विवाहिता ने शादी के 2 महीने बाद पीहर से भागकर प्रेमी के साथ किया सुसाइड

**झालावाड़।** झालावाड़ में विवाहिता ने शादी के 2 महीने बाद पीहर आकर प्रेमी के साथ सुसाइड कर लिया। दोनों ने जंगल में जाकर इंस्टाग्राम पर रील बनाई। रील को शेयर किया और फिर एक पेड़ से फंदे पर लटक गए। मामला जिले के भालता थाना क्षेत्र का है। रविवार शाम 5.30 बजे दोनों के शव गरड़ा के जंगल में पेड़ से लटके मिले। थाना प्रभारी किशोर शेखावत ने बताया- रविवार शाम को सूचना मिली थी कि एक युवक-युवती के शव गरडा के जंगल में पेड़ से लटके हुए हैं। पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की पहचान सुशील मीना (22) पुत्र हेमराज मीना निवासी खरेडिया थाना कामखेड़ा (झालावाड़) और युवती की पहचान योगिता पुत्री (22) रमेशचंद मीना निवासी दुर्जनपुरा मान्याखेड़ी थाना अकलेरा (झालावाड़) के रूप में हुई।सोमवार को अकलेरा हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। योगिता की शादी 2 महीने पहले ही देवरी (अकलेरा, झालावाड़) में हुई थी। शादी के बाद योगिता पीहर आई थी। यहीं से उसने अपने प्रेमी सुशील को बुलाया और दोनों 12 जुलाई को घर से बाइक पर भाग गए। रविवार शाम 5-30 बजे गरडा के जंगल से गुजर रहे लोगों को बदबू आई। शव देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो योगिता का शव चुन्नी से लटका मिला जबकि सुशील का शव नीचे गिरा हुआ था। पुलिस ने बताया कि बारिश होने से चुन्नी फट गई। इससे युवक का शव नीचे गिर गया। जिस बाइक से ये भागे थे, वह इस जगह से करीब डेढ़ किमी दूर मिली। रविवार को ही दोनों का एक वीडियो सामने आया। यह गरड़ा के जंगल में मौके से ही बनाया था। दोनों ने हाथ में चाकू लेकर यह वीडियो बनाया। इसे रील बनाकर इंस्टाग्राम पर शेयर किया। रील में म्यूजिक में डायलॉग लगाया- सारा जमाना जलेगा, जब मेरा प्यार मेरे साथ चलेगा। इसके बाद फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार योगिता और सुशील साथ रहना चाहते थे। इसलिए लिए दोनों के परिवार तैयार नहीं थे। परिजनों ने योगिता की शादी दूसरी जगह करा दी थी। मामले में परिजन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। अभी तक किसी भी पक्ष ने कोई रिपोर्ट नहीं दी है।

**ससुराल वाले आने वाले थे, प्रेमी के साथ भागी :** बताया जा रहा है कि सुशील और योगिता के बीच एक डेढ़ साल से प्रेम प्रसंग था। योगिता की 17 मई को देवरी (अकलेरा) गांव में कर दी गई। शादी के कुछ दिन बाद से वह पीहर दुर्जनपुरा मान्याखेडी (अकलेरा) आ गई थी। शुक्रवार 12 जुलाई को उसे पता चला कि ससुराल वाले लेने आ रहे हैं तो उसने सुशील को फोन किया। इसके बाद सुशील बाइक से उसके पास पहुंचा और दोनों घर से भाग गए। इसके बाद से परिजन इनकी तलाश कर रहे थे, हालाकि परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी थी। युवक का गांव खरेडिया और युवती का गांव दुर्जनपुरा है। दोनों गांवों की दूरी करीब 30 किमी है। बताया जा रहा है कि सुशील के मामा की शादी दुर्जनपुरा में हुई थी।

# भगवान श्री जगन्नाथ जानकी मैया को ब्याहने रूपबास रवाना

**अलवर।** अलवर जिले की शान भगवान श्री जगन्नाथ जी महाराज की रथ यात्रा सोमवार को पुराना कटला स्थित जगन्नाथ मंदिर से साय रवाना हुई। भगवान श्री जगन्नाथ जानकी माता को ब्याहने आज देर रात इन्द्र विमान में बैठ कर अपने ससुराल रूपबास के लिए रवाना हुए। मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चाक चौबंद है। रथयात्रा देर रात रूपबास पहुंचेगी यहां पांच दिवसीय विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जगन्नाथ मेले के अवसर पर एकादशी के अवसर पर 17 जुलाई को जिला कलेक्टर की तरफ से मेला अवकाष घाषित किया गया है।



यहां पर उल्लेखनीय है कि जगन्नाथ भगवान की इस यात्रा के साथ ही शहर में चहल पहल चौबीसों घंटे रहती है। अनेकों बैण्ड बाजों के साथ एवं कई झाकियों के साथ यह रथ यात्रा चलती है जिसे देखने पूरा जिला उमड़ता है। भगवान के सेवक चौबीसों घंटे मीठे जल की प्याउ लगा कर पुण्य कमाते हैं तो कही भण्डारों का आयोजन होता है।

# 6 साल के बेटे की हत्या कर सुसाइड किया

### सब्जी गर्म करने को लेकर पति से हुआ था झगड़ा, चौथ माता के दर्शन करके आए थे

**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर में एक महिला ने 6 साल के बेटे की हत्या कर फंदे से लटक कर सुसाइड कर लिया। घटना बरवाड़ा थाना क्षेत्र के चौथ के बरवाड़ा कस्बे के ब्रह्मपुरी मोहल्ला में रविवार रात करीब 8 .30 बजे की है। सीओ ग्रामीण घनश्याम वर्मा ने बताया- रोशनी देवी (28 ) और उसके पति विनोद (32) के बीच सब्जी गर्म करने की बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसके बाद विनोद बाजार चला गया था। घर में रोशनी और बेटा सचिन ही थे। रोशनी ने पहले चुन्नी का फंदा बनाकर बेटे को लटकाया और फिर खुद ने सुसाइड कर लिया। जब विनोद वापस आया तो दरवाजे खुले हुए थे। वह अंदर गया तो पत्नी और बेटे के शव फंदे से लटके मिले। वह चिल्लाया। इस दौरान आस-पास के लोग भी आ गए और दोनों को फंदे से उतारा। अचेत अवस्था में रोशनी और सचिन को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को हादसे की सूचना देर रात मिली थी। सोमवार सुबह मौके पर पहुंचे। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि हादसे से कुछ देर पहले ही रोशनी चौथ माता के दर्शन करके आई थी।

**चौथ का बरवाड़ा माता के दर्शन करके आया था परिवार :** स्थानीय लोगों ने बताया कि परिवार में किसी तरह की अनबन नहीं थी। रविवार शाम करीब 7 बजे पूरा परिवार चौथ का बरवाड़ा माताजी के दर्शन करके आया था। यहां मोहल्ले की महिलाओं को देख रोशनी ने बातचीत भी की थी। बातचीत में भी ऐसा नहीं लग रहा था कि रोशनी और उसका परिवार किसी बात को लेकर परेशान है। इसके बाद विनोद पत्नी और बच्चे को घर के बाहर छोड़ बाजार चला गया। गांव के लोगों ने बताया कि विनोद के दो और भाई हैं। विनोद सबसे बड़ा है। तीनों भाई माता-पिता से अलग रहते हैं। सभी के अलग-अलग मकान हैं। विनोद मेडिकल की शॉप पर काम करता है। रोशनी का पीहर मलारना डूंगर तहसील के बड़ोलास गांव में है। रोशनी की छोटी बहन मोनिका की शादी विनोद के छोटे भाई दीपू से हुई है। वहीं, सचिन स्कूल नहीं जाता था। सीओ ग्रामीण घनश्याम वर्मा ने बताया- पूछताछ में विनोद ने बताया कि मंदिर दर्शन कर आने के बाद मैंने रोशनी से कहा था कि सब्जी गर्म कर देना।

# छह करोड़ की ऑनलाइन धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर/कोटा।** कोटा में थाना आरके पुरम पुलिस की टीम ने भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जारी फ्लीटकार्ड व मोबाइल एप में टेक्निकल छेड़छाड़ कर 6 करोड रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में आरोपी राजपाल सिंह पुत्र निमल सिंह निवासी मलूवाली थाना गुमान जिला गुरदासपुर, पंजाब को गिरफ्तार किया है।

एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की प्रादेशिक मैनेजर द्वारा रिपोर्ट दी गई की बीपीसीएल द्वारा अपने औद्योगिक व निजी उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए फ्लीटकार्ड व मोबाइल ऐप की सुविधा 17 दिसंबर 2021 से प्रारंभ की गई। जिसमें उपभोक्ताओं को 12 अंक का फ्लीटकार्ड जारी किया गया था। उपभोक्ता कार्ड व एप के द्वारा किसी भी भारत पेट्रोल पंप से पेट्रोल डीजल भरवा सकते थे। कुछ उपभोक्ताओं ने कार्ड का दुरुपयोग कर 20.87 करोड़ रुपए की कंपनी को हानि पहुंचाई है। इस पर मुकदमा दर्ज कर जांच सीओ चतुर्थ मनीष शर्मा को सौंपी गई। एसपी दुहन ने बताया कि जांच अधिकारी सीओ मनीष शर्मा द्वारा तकनीकी रिकॉर्ड के विश्लेषण के आधार पर बीपीसीएल द्वारा जारी किए गए फ्लीटकार्ड व मोबाइल एप में छेड़छाड़ कर आरोपी रछपाल सिंह द्वारा 6 करोड़ रुपए की हानि कंपनी को पहुंचाना सामने आया। एसएचओ आरके पुरम अजीत बगडोलिया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा रविवार को आरोपी राजपाल सिंह को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। जिसे कोर्ट में पेश कर 19 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर लिया गया। अन्य आरोपी एवं संदिग्ध पेट्रोल पंप डीलर के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

# शिक्षा का मंदिर बना राजनीति का अखाड़ा, ग्रामीणों ने जड़ा ताला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** मालाखेड़ा में शिक्षा के मंदिर रायबका राजनीति का अखाड़ा बनाने को लेकर ग्रामीणों ने सुबह तालाबंदी कर दी और किसी भी स्टाफ को प्रवेश नहीं करने दिया। जिस के चलते विद्यार्थी भी सडक़ पर इधर से उधर घूमते रहे। वही ग्रामीणों ने वाइस प्रिंसिपल सहित एक वरिष्ठ शिक्षक पर राजनीति करने, विद्यालय में चुनाव के दौरान शराब पार्टी करने व बच्चों को डराने धमकाने का आरोप लगाते हुए अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमलेश गुरु पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी सुमन लता को लिखित में ज्ञापन सौंपा। राजकीय सीनियर स्कूल में 550 से अधिक का नामांकन है। जहा 22 का स्टाफ है। लेकिन उसके बाद भी यह सरकारी स्कूल राजनीतिक शिकार हो रहा है। इसको लेकर जिला परिषद सदस्य शमशाद बानो, उप सरपंच फरीदा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हाकम दिन, पूर्व पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष शिक्षा समिति आसमोहम्मद सहित सैंकड़ों महिला पुरुष ग्रामीणों ने स्कूल के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। इस सूचना पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमलेश गुरु, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी तुलेड़ा सुमन लता, पुलिस मौके



पर पहुंची। और उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की। जहां ग्रामीणों ने बताया वाइस प्रिंसिपल धर्मराज वरिष्ठ शिक्षक कैलाश चंद स्कूल में राजनीति करते हैं। बालिकाओं को डराते धमकाते हैं। वहीं बच्चों का भविष्य चौपट कर रहे हैं। इनका स्थानांतरण किया जाए। इसके बाद यहां पर शिक्षा विभाग के अधिकारी नेकीराम भी पहुंच गए। जहां ग्रामीणों ने सभी समस्याएं बताई सब समझाइश के बाद ताला खोल दिया। सभी शिक्षा अधिकारियों की एक मीटिंग स्टाफ के साथ की गई तथा ग्रामीणों को नेकीराम ने भरोसा दिलाया कि पूरे प्रकरण की जांच की जाएगी और दोषी कर्मियों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते सही निर्णय नहीं किया गया तो दोबारा तालाबंदी करने पर किसी भी अधिकारी कहने से नहीं खोलेंगे। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमलेश गुरु ने बताया ग्रामीणों ने एक ज्ञापन दिया है। दो शिक्षकों के स्थानांतरण की मांग की है।

# गुड टच एवं बैंड टच के साथ नए कानूनों को लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा के निर्देशन एवं धौलपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार शर्मा व बाड़ी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ कमल कुमार जांगिड के सुपरविजन में धौलपुर पुलिस नये कानून को लेकर लोगों को जागरूक करने की कड़ी में जिले के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने बताया कि नये कानून को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों में जिलेभर के सभी थानाधिकारी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं को एक जुलाई से लागू हुए नये कानूनी प्रावधानों की



जानकारी दी जा रही है। जागरूक कार्यक्रमों के दौरान पुलिस अधिकारी छात्र-छात्राओं को अवगत करा रहे है,कि दंड से न्याय की ओर अग्रसर होते हुए एक जुलाई से नये कानून लागू हुए है। देशभर में लागू हुए नये कानून का सभी को पालन करना होगा। नये कानून में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के लिए कठोर सजा के प्रावधान किये गये हैं। एसपी ने बताया कि नये कानून को लाने का उद्देश्य जांच और न्याय प्रणाली को पारदर्शी,सहज और सुलभ बनाना है। आमजन को नये कानून के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से स्कूलों में इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है,ताकि स्कूल,कॉलेज के विद्यार्थी सहित आमजन नये कानून से परिचित हो सके। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने बताया कि एक जुलाई 2024 से नये आपराधिक अधिनियम भारतीय न्यायसंहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षासंहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हुए है। पुलिस अधिकारियों द्वारा कार्यक्रमों के दौरान छात्र-छात्राओं को भी समझाया जा रहा है कि यदि उनके आस-पास अपराध घटित हो रहा है,तो उसकी जानकारी पुलिस को देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन करने एवं अन्य लोगों को भी प्रेरित करने के साथ छात्राओं को बाल अपराध, गुड टच व बैड टच, बाल शोषण,नाबालिग बच्चियों के उत्पीड़न के अलावा अन्य आपराधिक मामलों की भी जानकारी दी जा रही है।

# जयपुर की शोभना गुर्जर ने शूटिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक




**जयपुर।** जगतपुरा शूटिंग रेंज में राजस्थान स्टेट शूंटिंग चैंपियनशिप में सीनियर मास्टर कैटिगरी 50 मीटर में शोभना गुर्जर ने राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में जयपुर की शोभना गुर्जर को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। शोभना ने इस पदक का श्रेय उनके बच्चे मोना, रिया, सिद्धू , दोस्त सुचित्रा हुड्डा और गुरु राहुल सैनी को दिया है। राजस्थान स्टेट शूंटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में पदक जीतने पर उनके परिवार और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोग शोभना गुर्जर को बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं।

## उप राष्ट्रपति की पत्नी सुदेश धनखड़ आई किठाना

जोड़िया बालाजी मन्दिर में विश्राम गृह का किया भूमि पूजन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ सोमवार को अपने गांव किठाना आई। वे यहां पर निजी कार्यक्रमों के अलावा आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन व उप राष्ट्रपति के छोटे भाई एडवोकेट रणदीप धनखड़ व उनकी पत्नी सरोज धनखड़ की ओर से जोड़िया बालाजी मंदिर में बनवाए जा रहे एक विश्राम हॉल के भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। जोड़िया गांव में स्थित प्रसिद्ध बालाजी मंदिर परिसर में विश्राम हॉल का डॉ. सुदेश धनखड़ ने भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लिया। इस इस दौरान महंत सज्जन कुमार के सानिध्य में भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया। इस हॉल के निर्माण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को विश्राम करने की सुविधा मिलेगी। साथ ही मंदिर में होने वाले सवामणी जैसे प्रसाद कार्यक्रमों में भी इसका उपयोग लिया जा सकेगा। इस मौके पर किठाना सरपंच सुभिता धनखड़, हीरेंद्र धनखड़, वीरेंद्र धनखड़, नरेश स्वामी, सुरेश कुमार, यशपाल, चंद्रभान, विजयसिंह, प्यारेलाल, शीशराम सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## ऐतिहासिक संगीतमयी सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ होगा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** नगर युवा संघ झुंझुनूं द्वारा प्रजापति गेस्ट हाउस झुंझुनूं में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोस्वामी तुलसीदास जी जयंती की पूर्व संध्या पर ऐतिहासिक संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ 10 अगस्त को आयोजित करने लिए विचार-विमर्श कर लिए युवाओं की टीम बनाकर मोहल्ले, बस्तियों, वार्डों में संपर्क किया जा रहा हैं। इससे ज्यादा से ज्यादा भक्तजन कार्यक्रम पहुच सकें। इस मौके पर रामानंद पाठक, पार्षद अशोक प्रजापति, सुशील प्रजापति, योगेन्द्र कुंडलवाल, रोहन सैनी, पार्षद विनोद जांगिड़, मनोज कुंडलवाल, गौरव सोनी, रवि गुप्ता, किशन सिंह, पिंटू कुमावत, गौरव सोनी, अनिल चांवरिया, नमित चांवरिया, जितेंद्र खींची, विशाल, हरिश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान का लिया जायजा

ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के वृक्षारोपण अभियान के तहत जिले में किए जा रहे सघन वृक्षारोपण अभियान के संबंध में जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने सोमवार को सूरजगढ़ पंचायत समिति के विभिन्न गांवों का दौरा किया। जिला कलेक्टर ने देवरोड, बनगोठड़ी व झेरली में वृक्षारोपण अभियान की प्रगति देखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। देवरोड में निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने श्मशान भूमि एवं खेल मैदान में वृक्षारोपण के कार्यों का जायजा लिया।इस दौरान जिला कलेक्टर ने पर्यावरणविद् सुंडाराम के द्वारा देवरोड़ में 1 लीटर पानी से तैयार हो रहे हैं पौधे का निरीक्षण किया एवं पौधारोपण की प्रशंसा की। इन पौधों की खासियत यह रही कि यह 1 लीटर पानी में ही तैयार किया जा रहे हैं। पर्यावरणविद् सुंडाराम ने देवरोड में एचडीएफसी के सीएसआर फंड से 750 पौधे तैयार किए हैं। इस दौरान जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए की इस पद्धति से हर ब्लॉक में एक साइट डेवलप की जाए । इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत देवरोड में बने उच्च जल से पानी आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली एवं अधिकारियों को जल्द पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए जिस पर अधिकारियों ने अवगत कराया की अगस्त माह से आपूर्ति चालू कर दी जाएगी। वहीं देवरोड खेल स्टेडियम में लगभग 1 करोड़ रुपए के लागत से विभिन्न विकास कार्यों की भी जिला कलेक्टर ने प्रशंसा की। यहां मौजूद खिलाड़ियों ने जिला कलेक्टर से जिम लगाने का निवेदन किया जिस पर जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जिम के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बनगोठड़ी के बणी धाम में किए गए पौधारोपण की सराहना की और यहां पर अमृत सरोवर का निरीक्षण कर उसके सौंदर्यकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल व सूरजगढ़ उपखंड अधिकारी दयानंद रोहिल ने पौधारोपण किया। उन्होंने अधिकारियों को बणी धाम में औषधीय पादप लगाकर हर्बल पार्क विकसित करने के निर्देश। जिला कलेक्टर ने यहां पर शेष जगह में और अधिक पौधारोपण करने के निर्देश दिए। झेरली ग्राम के मोक्ष धाम में चल रहे पौधारोपण के कार्य का जायजा लिया व पौधारोपण किया। इस दौरान सूरजगढ़ एसडीएम दयानंद रूहिल, विकास अधिकारी सुनील ढाका, पिलानी नगर पालिका ईओ प्रियंका बुडानिया, सहायक विकास अधिकारी सुखदेव, बनगोठड़ी के दादा बणदेव धाम पर किए जा रहे वृक्षारोपण कार्यों के निरीक्षण के दौरान दादा बणदेव कमेटी के अध्यक्ष चौधरी चन्द्रभान बांगड़वा, ग्राम पंचायत सरपंच राजीव मेघवाल, नेमीचंद जांगिड़, प्रिंसिपल सुनील कुमार जांगिड़ भी रहे मौजूद। विनोद सहित संबंधित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## मनरेगा में कार्य समय सुबह 9 से शाम 5 बजे तक

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** महात्मा गांधी नरेगा के तहत होने वाले कार्यों के लिए श्रमिकों का कार्य समय सुबह 9 बजे से शाम 5 तक कर दिया गया है। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि तेज गर्मी को देखते हुए यह राज्य सरकार के निर्देशानुसार सुबह 5:30 बजे से 12:30 बजे तक किया गया था, जिसे अब मानसून के समय को देखते हुए वापस परिवर्तित किया गया है।

## करीब 13.54 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले का एक आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर/भरतपुर।** भरतपुर जिले के एक तेल व्यापारी से 13.54 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में उद्योग नगर पुलिस की टीम ने एक आरोपी विमल शाह पुत्र वीरेंद्र शाह (28) निवासी थाना सिमरी जिला बक्सर हाल थाना शाहपुर जिला पटना बिहार को गिरफ्तार किया है। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि 2 अप्रैल को बीनारायण गेट निवासी कारोबारी संजय सिंघल ने एक रिपोर्ट दी कि उद्योग नगर के पुराना औद्योगिक क्षेत्र में उसकी गोवर्धन ऑयल मिल नाम से फर्म है। बिहार के बक्सर जिले में स्थित मां संतोषी भंडार के प्रोपराइटर संजय शाह, विमल शाह, आलोक शाह एवं विमल शाह पुत्र वीरेंद्र शाह के साथ उसके पुराने व्यापारिक संबंध थे। व्यापारिक संबंध होने के कारण 2 जून 2016 को सरसों के तेल का ऑर्डर देने पर उन्होंने नेशल ट्रांसपोर्ट कंपनी भरतपुर की मार्फत 13 लाख 53 हजार का 970 कीमत का तेल भेज दिया था। उसके बाद पैसे मांगने पर थोड़े दिनों में पैसे देने का दिलासा देते रहे।

## विश्व युवा कौशल दिवस मनाया



**देसूरी।** क्षेत्रपाल महाविद्यालय निदेशक डॉ. देवेंद्रकुमार शर्मा व प्रिंसिपल डॉ. जयप्रकाश वैष्णव के दिशा निर्देश में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन उदयपुर के तत्वावधान में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। प्रथम एजुकेशन फाऊंडेशन के उदयपुर क्लस्टर के मेंटर हितेश सोनी ने बताया कि प्रथम स्किलिंग टेनिग सेंटर उदयपुर में कराया जाना चाहिए। इस दौरान युथ नेट एल वन के रजिस्ट्रेशन किए गए। महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने कार्य' म में भाग लिया। प्राचार्य परबतसिंह राजपुरोहित, फुआराम देवासी, यशवंतसिंह चारण, जितेन्द्र बोहरा, गजेन्द्रसिंह, जितेन्द्र मारू, दानसिंह, बंशीलाल, अभिषेक, रुचिता जोशी, कनुप्रिया गहलोत, वैशाली निर्मल, उष्मिता पालीवाल व शाहरा शेख मौजूद थे।

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम को रहें मुस्तैद : डा सिंह

**» संभागीय आयुक्त ने ली संभाग के आला चिकित्सा अधिकारियों की बैठक**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** वर्षाकाल में मौसमी बीमारियों की वर्तमान स्थिति, रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर चिकित्सा विभाग द्वारा की गई तैयारियों को लेकर सोमवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय में सम्भागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मौसमी बीमारियों की वर्तमान स्थिति, रोकथाम एवं नियंत्रण व बाढ़ की स्थिति में आवश्यक चिकित्सा सुविधा के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने इन विभागीय अधिकारियों से बैठक में जिले वार मौसमी बीमारियों व बाढ सम्भावित क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा की तैयारियों की प्रगति रिपोर्ट जानी तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संभाग में मौसमी बीमारियों यथा डेगूं, स्'ब टाइफस, स्वाइन फ्लू, चिकनगुनिया, मलेरिया पीवी, मलेरिया पीएफ, फोगिंग स्प्रे, एंटीलार्वल गतिविधियों की रोकथाम के संबंध में समीक्षा की गई। संभाग के चारों जिलों के चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि संभाग में डेंगू की स्थिति नियंत्रण में है। स्वाइन फ्लू एवं चिकनगुनिया की स्थिति संभाग में नियन्त्रित है। फिर भी चिकित्सा अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश प्रदान किए गए। मलेरिया पी.वी. एवं मलेरिया पी.एफ.की स्थिति संभाग में नियन्त्रित है। मलेरिया केस के नियंत्रण हेतु ब्लड स्लाइड ली जाकर उनकी जांच करवाने के निर्देश प्रदान किए गए। संभाग में फोगिंग कार्य नगरक निगम/ नगर परिषद/ग्राम पंचायतों द्वारा करवाया जाता है, जिसकी मॉनिटरिंग चिकित्सा विभाग द्वारा की जा रही है। संभागीय आयुक्त ने समस्त चिकित्सा अधिकारियों को जहां मलेरिया एवं डेंगू पॉजिटिव केस पाए जाते है उनमें समय-समय पर फोगिंग स्प्रे करवाने के निर्देश दिए। अ' याशील फोगिंग स्प्रे मशीनों को तुरन्त ठीक करवाने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में उक्त कार्य प्रभावित नहीं हो।

### डोर टू डोर जारी है सर्वे

एन्टीलार्वल गतिविधियां संभाग में नियमित रूप से करवाई जा रही है एवं सर्वे डोर-टू-डोर किये जाने के निर्देश दिए गए तथा जिस घर में बुखार का मरीज मिलता है उसकी तुरन्त ब्लड स्लाइड ली जाकर पॉजेटिव केस आने पर उनका पर्याप्त उपचार किया जाए। आस-पास के घरों में फोगिंग कार्य किया जावे तथा सर्वे के दौरान ही टंकी/ कूलरों को खाली करवाया जावे तथा टेमीफोस डलवा दिया जावें व जिन क्षेत्रों में पानी जमा होता है वहां एमएलओ डलावाया जावे।

### पेम्फलेट वितरित कर करें आमजन को जागरुक

संभागीय आयुक्त ने समस्त चिकित्सा अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के होर्डिग्स/ पोस्टर लगवाकर एवं पेम्पलेट वितरण कर व्यापक प्रचार-प्रसार करवाये जाने के निर्देश दिए। विभिन्न कार्य मों के जरिये जनता को स्वच्छता एवं मौसमी बामारियों से बचाव संबंधी जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए। वर्षा ऋतु में बाढ राहत प्रबंधन के तहत पाली संभाग में बाढ राहत बाबत टीमों का गठन करें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा टीम अविलम्ब पहुंचाकर चिकित्सा संबंधी उपचार करने के निर्देश दिए।

### राउंड ओ क्लॉक जारी रहे कंट्रोल रूम

संभागीय आयुक्त ने चारों जिलो के चिकित्सा अधिकारियों को आने वाले बाढ़ राहत प्रबंध के लिए नियंत्रण कक्ष 24 घंटे निरन्तर चालू रखने के निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर पाली के अतिरिक्त संभागीय आयुक्त भवानीसिंह पंवार, चिकित्सा विभाग जोधपुर जोन के संयुक्त निदेशक डॉ सुनीलकुमार सिंह बिस्ट, पाली सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल, सिरोही सीएमएचओ डॉ राजेशकुमार, जालोर सीएमएचओ डॉ रमाशंकर भारती, सांचौर के एडिशनल सीएमएचओ विरेंद्र हिमतानी, सिरोही पीएमओ डॉ वीरेंद्र महात्मा, सांचौर पीएमओ डॉ मनोज कुमार, सोजत पीएमओ डॉ राजेश गुप्ता, बांगड़ अस्पताल पाली से मौसमी बीमारी के नोडल अधिकारी डॉ विकास गहलोत आदि मौजूद थे।

## ट्रेनों में स्टंट करने वाले हो जाएं सावधान, रेलवे ने जारी की चेतावनी, अब होगा सख्त ऐक्शन

**नई दिल्ली।** ट्रेनों में स्टंट करने वालों को अब सावधान हो जाने की जरूरत है। अगर मनमानी की गई तो इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। दरअसल, मुंबई के सेवरी स्टेशन पर चलती लोकल ट्रेन पर चढ़कर एक अज्ञात लड़के को खतरनाक कलाबाजी करते देखा गया था। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद मध्य रेलवे को सख्त चेतावनी जारी करने के साथ उस लड़के की तलाश शुरू करनी पड़ी। यह स्टंट हार्बर लाइन नेटवर्क पर किया गया था। कुछ इंटरनेट यूजर्स की ओर से घटना का वीडियो सोशल मीडिया मंच एक्स पर शेयर किया गया था। इसके बाद मध्य रेलवे ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। एक अधिकारी ने रविवार को कहा कि लड़के का पता लगाने और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।



मध्य रेलवे ने एक विज्ञप्ति जारी कर जनता से ऐसे असुरक्षित कृत्यों से बचने की अपील की जो इसमें शामिल व्यक्तियों और अन्य यात्रियों, दोनों के जीवन के लिए खतरा हैं। मध्य रेलवे ने इस बात पर जोर दिया कि इन खतरनाक कृत्यों के घातक परिणाम हो सकते हैं और स्टंट करने वाले समेत अन्य यात्रियों के जीवन को खतरे में डाल सकते हैं।

**कोंकण रेलवे मार्ग पर भूस्खलन से रेल सेवाएं प्रभावित :** दूसरी ओर, महाराष्ट्र के रायगढ़ और रत्नागिरी जिलों में रविवार शाम भारी बारिश के बीच भूस्खलन के कारण कोंकण रेलवे मार्ग पर ट्रेन सेवाएं ठप हो गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कोंकण रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि भूस्खलन शाम करीब 5 बजे विन्हेरे (रायगढ़) और दीवान खावती (रत्नागिरी) स्टेशनों के बीच एक सुरंग के ठीक बाहर हुआ। उस समय इस खंड से कोई ट्रेन नहीं गुजर रही थी। अधिकारी ने बताया कि कोंकण मार्ग पर विभिन्न स्टेशनों पर लंबी दूरी की 5-6 ट्रेनें रोक दी गई हैं। पटरी साफ करने के लिए कर्मचारियों और मशीनों को घटनास्थल पर ले जाया गया है।

## दो दिवसीय पलक राखी एंड लाइफ स्टाइल एग्जीबिशन के पोस्टर का विमोचन




**जयपुर।** संस्कृति क्लब द्वारा लगाई जा रही दो दिवसीय पलक राखी एंड लाइफ स्टाइल एग्जीबिशन क्लब अध्यक्ष अनीता गुप्ता ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनका क्लब 3 अगस्त और 4 अगस्त 2024 को उत्सव महेश्वरी भवन विद्याधर नगर सेक्टर 2 में पलक राखी एंड लाइफ स्टाइल एग्जीबिशन लगाने जा रहा है। एग्जीबिशन का समय प्रात: 10:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक रहेगा क्लब का में उद्देश्य छोटे उद्योग करने वालों को एक छत के नीचे लाना और जो महिलाएं अपने घर से कम कर रही हैं उनको स्वावलंबी बनाना और जो महिलाओं में हुनर छिपा हुआ है उनको बाहर निकलना है। महिलाओं को रोजगार प्रदान करना और उन्हें स्वावलंबी बनाना है इसमें उनकी मदद कर रही है। प्रियंका गौतम, अलका अग्रवालए नेहा खंडेलवाल और अर्चना अग्रवाल शालिनी अग्रवाल, तृप्ति अग्रवाल ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से पोस्टर विमोचन कराया और उन्हें अपने प्रोग्राम में आने किया।

## नोएडा में बैंक का सर्वर हैक कर 16 करोड़ उड़ाए

### 5 दिन में 84 बार ट्रांजेक्शन किया, कर्मचारियों को भनक तक नहीं लगी

**नोएडा।** नोएडा में नैनीताल बैंक का सर्वर हैक कर ठगों ने 16 करोड़ से ज्यादा ट्रांसफर कर लिए। बैलेंस शीट का सही मिलान न होने पर बैंक कर्मचारियों के होश उड़ गए। आईटी मैनेजर ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई। जांच हुई तो सामने आया कि ठगों ने बैंक के रियल टाइम ग्रंस सेटलमेंट (आरटीजीएस) चैनल को ही हैक कर लिया था। बैंक से 5 दिनों में 1, 2 बार नहीं, बल्कि 84 बार ट्रांजेक्शन किया, लेकिन कर्मचारियों को भनक तक नहीं लगी। अब बैंक फ्रॉड खातों को सीज करने की तैयारी में है।




**17 जून को पहली बार 3.6 0 करोड़ का लेनदेन पकड़ा :** सुमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया- मैं सेक्टर-6 2 स्थित नैनीताल बैंक में आईटी मैनेजर हूं। 17 जून को आरटीजीएस खाते के बैलेंस सीट में 3 करोड़, 60 लाख, 94 हजार 20 रुपए का डिफरेंस मिला। इसके बाद आरटीजीएस टीम ने एसएफएमएस (स्ट्रक्चर्ड फाइनेंशियल मैसेजिंग सिस्टम) सर्वर के साथ कोर बैंकिंग सिस्टम में लेन-देन की जांच की। सामने आया कि कोर बैंकिंग सिस्टम और एसएफएमएस में काफी खामियां हैं।

**8 4 बार में 16.01 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए :** मैनेजर ने बताया- 18 जून को आरबीआई बैलेंस सीट मेल नहीं खा रहा थी। शुरुआत में आरटीजीएस टीम को लगा कि सिस्टम लाइन में कुछ समस्या होगी। इस वजह से ठीक से मिलान नहीं हो पा रहा। 20 जून को आरबीआई सिस्टम की समीक्षा की गई। इसमें पता चला कि बैंक से 8 4 बार लेन-देन में धोखाधड़ी हुई है। आरटीजीएस सिस्टम हैक कर 16 करोड़ 1 लाख 83 हजार 261 रुपए ट्रांसफर किए गए। सभी ट्रांसफर 16 से 20 जून के बीच किए गए। यह भी सामने आया है कि आरटीजीएस सेटलमेंट से पैसे निकालकर कई खातों में भी जमा किए गए।

**जिन खातों में रुपए ट्रांसफर हुए, उन बैंको को ई-मेल भेजा :** आईटी मैनेजर ने बताया- जिन बैंकों में धोखाधड़ी कर रुपए ट्रांसफर किए गए, उन बैंकों को ई-मेल भेजा गया है। खातों को फ्रीज करने के लिए कहा गया है, ताकि ट्रांसफर रुपए वापस आ सकें। साइबर क्राइम थाने के साथ ही आरबीआई एसएसएम टीम, आरबीआई सीएसआईटीई टीम, सर्ट-इन को शिकायत की गई। सभी एजेंसियां जांच में जुटी हैं। एसीबी साइबर विवेक रंजन राय ने कहा- नोएडा सेक्टर-6 2 स्थित नैनीताल बैंक के आईटी मैनेजर द्वारा थाने में एक शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत में 16 -20 जून के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा इनके सर्वर को हैक कर करीब 16 करोड़ रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किए गए। जांच में 8 9 खाते सामने आए हैं, इसके संबंध में विशेष टीम का गठन कर जांच की जा रही है।

## अस्पताल की लिफ्ट में दो दिन फंसा रहा मरीज

### लिफ्टमैन काम पर आया तो उसे बेहोश मिला, केरल के तिरुवनंतपुरम का मामला

**तिरूवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम में एक मरीज के दो दिन तक अस्पताल की लिफ्ट में फंसा रह गया। सोमवार को जब लिफ्टमैन ड्यूटी पर लौटा, तब मरीज बेहोशी की हालत में लिफ्ट में मिला। पुलिस ने बताया कि पीड़ित रवींद्रन नायर (59) तिरुवनंतपुरम के उल्लूर का रहने वाला है। वह 13 जुलाई (शनिवार) को बैक पैन का इलाज कराने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल आया था। डॉक्टर ने उसे टेस्ट कराने को कहा था। वह कुछ डॉक्यूमेंट लेने के लिए अस्पताल से घर आया। इसके बाद जब वे दोबारा अस्पताल गए तो फर्स्ट फ्लोर तक जाने के लिए लिफ्ट में चढ़ा। अचानक लिफ्ट जोर-जोर से हिलने लगी और अटक गई। इस दौरान रवींद्रन का मोबाइल फोन गिरकर टूट गया। वह मदद के लिए चिल्लाया, लेकिन कोई भी बचाने के लिए नहीं पहुंचा। रविवार को छुट्टी के कारण लिफ्ट पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। सोमवार सुबह 6 बजे लिफ्टमैन आया तो उसे रवींद्रन बेहोशी के हालत में मिले। इलाज के बाद उनकी हालत स्थिर बताई गई है।



**इमरजेंसी अलार्म बजाया लेकिन रिस्पांस नहीं मिला 3** रवींद्रन के बेटे हरिशंकर का कहना है कि लिफ्ट में बंद होते ही उनके पिता ने इमरजेंसी अलार्म बजाया था, लेकिन इस पर कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। हरिशंकर ने अपने पिता को कॉल करने की कोशिश की लेकिन फोन स्विच ऑफ होने की वजह से संपर्क नहीं हो सका। जब रवींद्रन वापस नहीं लौटे तो उनके बेटे ने आस-पास तलाश करके, रविवार रात को मेडिकल कॉलेज पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने नहीं सोचा था उनके पिता लिफ्ट में फंसे होंगे क्योंकि अस्पताल में सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। लेकिन लिफ्ट बंद होने की कोई सूचना नहीं थी। उनका कहना है कि वे लापरवाही को लेकर अस्पताल प्रशासन पर कार्रवाई करेंगे।

## हमारी शादी खत्म है मीलॉर्ड, 15 साल से अलग हैं, तलाक मंजूर कीजिए : उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने तलाक के मामले में अदालत का रुख किया है। अब्दुल्ला की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट ने उनकी पत्नी पायल अब्दुल्ला को नोटिस जारी किया है। अब्दुल्ला ने अदालत से कहा कि हमारी शादी टूट चुकी है और अब रिश्ते सुधर नहीं सकते। यह बात कहते हुए उमर अब्दुल्ला ने तलाक की मांग की है। इस पर अदालत ने पायल अब्दुल्ला को नोटिस जारी किया और कहा कि आप 6 सप्ताह के अंदर इसका जवाब दें। इसके साथ ही कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 30 अगस्त की तारीख तय की है। उमर अब्दुल्ला का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि दोनों की शादी खत्म हो चुकी है। दोनों बीते 15 सालों से अलग रहते हैं। उनके बीच अब पति और पत्नी जैसा कोई रिश्ता नहीं है। इस पर जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने पायल को नोटिस जारी किया है। सिब्बल ने बेंच से मांग की कि वह संविधान के आर्टिकल 142 में



वर्णित अधिकार के तहत इस मामले में फैसला दे। शादियों को लेकर इस नियम का हवाला सुप्रीम कोर्ट ने दिया था। इसके आधार पर किसी भी तलाक के मामले को वाजिब समझते हुए कोर्ट खुद शादी को भंग करने का आदेश दे सकता है। दरअसल उमर अब्दुल्ला ने इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया था और कहा था कि उन्हें क्रूरता के आधार पर तलाक दिया जाए। इस पर उच्च न्यायालय ने कहा था कि उमर अब्दुल्ला के आरोप अस्पष्ट हैं और साबित नहीं होता है कि पायल ने उनके साथ क्रूरता की है। हाई कोर्ट से झटका लगने के बाद उमर अब्दुल्ला ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया और फैसले को चुनौती दी। उच्च न्यायालय ने पारिवारिक अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा था कि पायल के खिलाफ क्रूरता के अब्दुल्ला के आरोप अस्पष्ट थे।

**1994 में हुई थी उमर और पायल की शादी, 2009 से हैं अलग :** उमर और पायल की शादी सितंबर 1994 में हुई थी, लेकिन वे काफी समय से अलग रह रहे हैं। उमर की तलाक याचिका को 30 अगस्त, 2016 को एक पारिवारिक अदालत ने खारिज कर दिया था। पारिवारिक अदालत ने माना कि वह शादी के टूटने को साबित करने में विफल रहे। अदालत ने कहा कि उमर 'क्रूरता' या 'त्याग' के अपने दावों की पुष्टि नहीं कर सके और किसी ऐसी विशिष्ट परिस्थिति की व्याख्या करने में असमर्थ थे, जिसके कारण पायल के साथ संबंध बनाए रखना उनके लिए असंभव हो गया था।

अध्यक्ष की पहल पर विधानसभा में नवाचार

## वीडियो अंश ऑनलाइन उपलब्ध होंगे : देवनानी

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सत्र के दौरान सदन में विधायकगण के उद्‌बोधनों के वीडियो अंश अब अगले दिन ऑनलाइन उपलब्ध कराये जायेंगे। राजस्थान विधानसभा के इतिहास में वीडियो अंश पहली बार ऑनलाइन उपलब्ध कराये जायेंगे। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी की पहल पर यह व्यवस्था राजस्थान विधानसभा में पहली बार लागू हुई है। अध्यक्ष देवनानी ने सोलहवीं विधानसभा के द्वितीय सत्र में इस नवाचार की जानकारी देते हुए सदन को अवगत कराया कि इस पहल से विधायकगण के साथ ही उनके क्षेत्र के लोग व प्रदेशवासी क्षेत्रीय विधायक की सदन में सक्रियता से परिचित हो सकेंगे। देवनानी ने बताया कि विधानसभा सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही की ऑनलाइन व्यवस्था है। सदन में विधायकगण के उद्‌बोधन के दौरान वीडियो अंश दिये जाने की व्यवस्था भी है। अभी तक विधायकगण को उनके उद्‌बोधनों के वीडियो अंश सत्र समाप्ति के पश्चात उपलब्ध कराये जाते थे। अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि वर्तमान में बदलते परिवेश में डिजिटल मीडिया के महत्व को देखते हुए सदन में संबंधित विधायकगण के उदबोधन के अंश अब एक दिन पश्चात उपलब्ध करवाये जायेंगे ताकि जन-जन को विधायकगण की सदन में सक्रियता की जानकारी मिल सकें। देवनानी ने यह निर्णय वर्तमान की आवश्यकता को देखते हुए लिया है। विधानसभा में अध्यक्ष देवनानी की सोच और उनकी पहल से यह सम्भव हुआ है।



## श्रीकृष्ण उवाच

यदा यदा हि धर्मस्य, ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥

- श्रीमद् भगवतगीता

## जागरूक संपादकीय

### लोकप्रियता की कीमत

अपने जमाने में पाकिस्तान के मशहूर क्रिकेटर रह चुके इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। अरसे से पाकिस्तान की जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की राजनीतिक पारी अब पूरी तरह खत्म होने के कगार पर पहुंच गई है। या यूं कहें कि पाकिस्तान की मौजूदा सरकार इमरान खान को हमेशा-हमेशा के लिए पाकिस्तान की सियासत से बाहर करने का रास्ता अपना चुकी है। शहबाज शरीफ सरकार ने इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ पर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप लगाया है। साथ ही ऐलान किया है कि जल्द ही उनकी पार्टी पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। पाकिस्तान की मौजूदा सरकार के एक मंत्री ने कहा कि इमरान खान ने आईएमएफ से डील फेल करने की कोशिश की। इसके बाद सरकार ने इतना बड़ा फैसला लिया है। द न्यूज इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने कहा कि सरकार ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इमरान की पार्टी देश विरोधी गतिविधियों में शामिल पाई गई है। 71 साल के इमरान खान को दो मामलों में पहले ही जेल की सजा सुनाई जा चुकी है। वे फिलहाल रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। तरार ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर प्रतिबंध लगाने के लिए स्पष्ट सबूत उपलब्ध हैं और सरकार पार्टी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। सरकार का यह फैसला पीटीआई को आरक्षित सीटों के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई राहत के साथ-साथ अवैध विवाह मामले में इमरान खान को दी गई राहत के बाद आया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह इमरान खान का सियासी वजूद खत्म करने की तैयारी है, ताकि वे अपनी लोकप्रियिता का फायदा न उठा पाएं। सरकार का दावा है कि इमरान खान की पार्टी के नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ पाकिस्तान के समझौते को विफल करने का भरपूर प्रयास किया। इससे देश को आईएमएफ से मन मफिक मदद नहीं मिल पाई। हम इसे देश विरोधी गतिविधि मानते हैं और इस वजह से उनकी पार्टी पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहे हैं। इससे पहले सेमवार सवेरे इमरान खान को नौ मई को लाहौर में हुए दंगे के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, सुरक्षा कारणों से अभी उन्हें रावलपिंडी की अदियाला जेल में ही रखा गया है। यहां से उन्हें लाहौर की जेल भेजने की तैयारी है। आतंकविरोधी अदालत के सामने अब उनकी पेशी होने वाली है। समूचे घटनाक्रम में एक बात पक्की है कि इमरान को अपनी लोकप्रियता की कीमत चुकानी पड़ रही है। पाकिस्तान में इमरान खान की लोकप्रियता अपार है। खासकर नौजवानों में उन्हें काफी पसंद किया जाता है। ऐसे में इमरान खान को सरकार किसी न किसी मामले में उलझाए रखना चाहती है।

### अदालतों में लंबित मामले कम करेंगे

# 'झूठी गवाही' के विरुद्ध सख्त कानून जरूरी



सुभाषचंद्र अग्रवाल

'झूठी गवाही' एक ऐसा अपराध है जो मूल और प्रक्रियात्मक कानून के बीच की रेखाओं को धुंधला कर देता है, जिससे न्यायिक प्रशासन प्रणाली के लिए चुनौती खड़ी हो जाती है। 'झूठी गवाही' शब्द को हाल ही में एक जुलाई से लागू हुई भारतीय न्याय संहिता या भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में कहीं भी परिभाषित नहीं किया गया है। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने 'किशोरभाई गंडूभाई पेठानी बनाम गुजरात राज्य' के मामले में पैरा 9 में झूठी गवाही के अर्थ को संक्षेप में स्पष्ट किया है, जो इस प्रकार है, 'झूठी गवाही' न्याय में बाधा डालती है। जानबूझकर झूठा बयान देना, जो मामले के लिए महत्वपूर्ण होता है, वह भी शपथ लेकर, अपराध के बराबर है। इसलिए झूठी गवाही को हमेशा न्यायिक प्रणाली के लिए चिंता का विषय माना जाना चाहिए। यह प्रणाली की जड़ पर ही प्रहार करता है; क्योंकि यह न्यायालय द्वारा दर्ज किए गए निष्कर्षों की सटीकता को बाधित करता है। इसलिए, यदि कोई व्यक्ति झूठी गवाही देने का दोषी पाया जाता है, तो उसके साथ गंभीरता से निपटा जाना चाहिए, यह अदालत के कामकाज के साथ-साथ आम जनता के हित में भी है। भारतीय न्याय संहिता के अध्याय 14 के अंतर्गत "झूठे साक्ष्य और लोक न्याय के विरुद्ध अपराध" शीर्षक के अंतर्गत "झूठी गवाही" के अपराध की उत्पत्ति का उल्लेख विभिन्न धाराओं में मिलता है। समय की मांग है कि "झूठी गवाही" से संबंधित स्पष्ट और मजबूत कानून बनाकर उसे लागू किया जाए, खासकर इसलिए भी कि अपने यहां पक्षकार अदालत में झूठ बोलने से नहीं हिचकिचाते।"

- इमेज



कानून की अवहेलना करने और भरी अदालत में झूठ बोलने से न हिचकिचाने का मुख्य कारण यह है कि पकड़े जाने पर भी उन्हें इसके लिए कोई डर नहीं होता। नकली दस्तावेज गढ़कर या अदालत में झूठ बोलकर भी किसी तरह के दंड, जुर्माना या दोनों से बचना आसान है। "झूठी गवाही" यदि एकमात्र कारण नहीं है, तो भी अदालती फैसलों में अन्याय, देरी, भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और बढ़ते अपराधों का यह एक प्रमुख कारण है। दुनिया के विकसित देश सख्त क्रियान्वयन और कठोर दंड के साथ झूठी गवाही को बहुत गंभीरता से लेते हैं। शपथ आयुक्तों/नोटरी पब्लिक द्वारा विधिवत सत्यापित और/या नोटरीकृत होने के बाद भी न्यायालयों और अन्य जगहों पर हलफनामे और दस्तावेज दाखिल करना भारत में सभी व्यावहारिक तरीकों से महज औपचारिकता बन गया है, जिसके परिणामस्वरूप निचली अदालतों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक भारतीय न्यायालयों में बड़ी संख्या में मुकदमें जमा हो रहे हैं। शपथ आयुक्त/नोटरी पब्लिक आमतौर पर उस व्यक्ति को देखे बिना ही हस्ताक्षरित दस्तावेजों को सत्यापित कर देते हैं, जिसके हस्ताक्षरित दस्तावेजों को वे सत्यापित करते हैं। बस इसके लिए वे आधिकारिक तौरपर निर्धारित शुल्क से कहीं ज्यादा शुल्क वसूलते हैं। राजस्थान उच्च न्यायालय को एक बार दो शपथ आयुक्तों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश देना पड़ा था, क्योंकि उन्होंने आवेदक के देश से बाहर होने पर भी हलफनामा सत्यापित किया था। ऐसा अवैध अभ्यास काफी आम है, जब आमतौर पर शपथ आयुक्त/नोटरी पब्लिक उस व्यक्ति या हस्ताक्षर को सत्यापित किए बिना दस्तावेजों को सत्यापित करने की औपचारिकता पूरी कर लेते हैं, जिनके हस्ताक्षर सत्यापित किए जाने होते हैं। समय आ गया है कि भारत में एक ऐसा सख्त लेकिन सरल कानून बनाया जाए, जो भारतीय न्याय व्यवस्था में झूठी गवाही की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटे और न्यायालयों तथा अन्य स्थानों पर झूठे दस्तावेज प्रस्तुत करने पर कठोरतम दंड का प्रावधान करे। हाल ही में भारत सरकार ने ब्रिटिश शासकों द्वारा बनाए गए तीन पुराने अधिनियमों को बदलने के लिए एक स्वागत योग्य प्रशंसनीय कदम उठाया है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता को पुराने भारतीय दंड संहिता-1860, दंड प्रक्रिया संहिता अधिनियम-1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के स्थान पर एकदम नए और सरल प्रारूप में कानून बनाया गया है। 'सतयुग संहिता' (या कोई अन्य नाम) के नाम से एक बिल्कुल नया अधिनियम बनाया जा सकता है जो 'झूठी गवाही' के खतरे को समाप्त करे, जिसमें कारावास और जुर्माने दोनों का प्रावधान 'झूठी गवाही' के कारण होने वाले नुकसान की गंभीरता पर निर्भर हो,जो आजीवन कारावास तक हो सकता है। लेकिन साथ ही, उन अधिवक्ताओं पर भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जिनके माध्यम से ऐसे सत्यापित दस्तावेज न्यायालयों में प्रस्तुत किए जाते हैं। यह इसलिए आवश्यक है क्योंकि अधिकांश बार, प्रभावित वादी, कभी-कभी अशिक्षित, अपने वकीलों के निर्देशानुसार कहीं भी किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर देते हैं, बिना यह जाने कि उनके हस्ताक्षर करने के क्या परिणाम होंगे? सख्त कानून से इसमें लगाम लग सकती है क्योंकि अधिवक्ताओं को यह अच्छी तरह पता होता है कि वे अपने वादियों के लिए जो मुकदमे लड़ रहे हैं, वे सही हैं या गलत। ऐसी व्यवस्था से न्यायालयों में होने वाले मुकदमों की संख्या में भी कमी आएगी, क्योंकि वकील ऐसे मामलों को लेने में संकोच करेंगे, जिनके बारे में वो जानते हैं कि ये झूठे हैं। शपथ आयुक्तों/नोटरी पब्लिक के लिए अधिकृत सत्यापन शुल्क को नियमित रूप से सभी मीडिया माध्यमों से प्रचारित किया जाना चाहिए, जिसमें इन सभी सत्यापन अधिकारियों को चेतावनी दी जानी चाहिए कि वे अपने समक्ष उन व्यक्तियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के बाद ही दस्तावेजों को सत्यापित करें जिनके हस्ताक्षर वे सत्यापित कर रहे हैं, साथ ही सत्यापित दस्तावेजों के लिए अनिवार्य रूप से रजिस्टर बनाएं।

## पंचांग

16 जुलाई 2024

| | |
|---|---|
| ● विक्रम संवत् | - 2081 |
| ● शक संवत् | - 1946 |
| ● ऋतु | - वर्षा |
| ● माह | - आषाढ़ |
| ● पक्ष | - शुक्ल |
| ● तिथि | - दशमी 20.34 तक |
| ● वार | - मंगल |
| ● नक्षत्र | - विशाखा 26.14 तक |
| ● योग | - साध्य 07.19 तक |
| ● करण | - तैतिल 08.03 तक |
| ● सूर्योदय | - 06.11 (मुंबई) |
| ● सूर्यास्त | - 07.17 (मुंबई) |
| ● सूर्योदय | - 06.00 (भीनमाल) |
| ● सूर्यास्त | - 07.32 (भीनमाल) |
| ● चंद्र राशि | - तुला 19.52 तक |
| ● अभिजित् मुहूर्त | - 12.18 से 13.10 |
| ● राहु काल | -16.01 से 17.40 |
| ● व्रत, त्यौहार | - पुनर्यात्रा, वैधृति महापात 11.07 से 16.53 तक, |
| ● दिशा शूल | - उत्तर |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल




### 11 वीं शताब्दी का मंदिर, सात गुफाओं में भोलेनाथ का वास

चारों ओर हरियाली से घिरा भोपाल के लाल घाटी स्थित गुफा मंदिर में हर साल सावन सोमवार पर मेला लगता हैं। छोटी-छोटी 7 गुफाओं में भगवान शिव की पिंडी है, जहां बड़ी संख्याओं में श्रद्धालुओं दर्शन के लिए आते हैं। कहा जाता है कि यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है। हालांकि इसकी खोज 1948 में की गई थी। कहा जाता है कि सालभर प्राकृतिक झरने मंदिर की गुफाओं में स्थित भगवान की प्रतिमाओं का जलाभिषेक करती है।

**इस बार सावन में होंगे 5 सोमवारी**

22 जुलाई से सावन सोमवार की शुरुआत होने वाली है। ऐसे में मंदिरों में तैयारी शुरू हो गई है। इस बार सावन सोमवार पर अद्भुत संयुक्त भी बन रहा है क्योंकि श्रावण माह में पांच सोमवार होंगे। पहले दिन 22 जुलाई को प्रीति और सर्वार्थ सिद्धि योग में श्रावण माह की शुरुआत होगी। वहीं 19 अगस्त को शोभन योग में रक्षाबंधन पर समापन होगा। भोलेनाथ के प्रिय दिन सोमवार से सावन मास की शुरुआत और समापन भी सोमवार को ही होगा।

**मंदिर में करीब 71 सीढ़ियां**

ऐसे में लाल घाटी स्थित गुफा मंदिर में हर साल सावन सोमवार पर लगने वाले मेला के लिए भी तैयारी शुरू हो गई है। करीब 71 सीढ़ियां चढ़ने के बाद ऊपर मंदिर में पहुंचा जा सकता है। चारों तरफ हरियाली से घिरा यह मंदिर अपने आप में बेहद अद्भुत है। यहां गुफाओं में भोलेनाथ की पिंडी स्थापित है, जिनका प्राकृतिक रूप से जलाभिषेक भी होता है। करीब 76 साल पहले बने इस मंदिर में मौजूद गुफाओं को मंदिर का रूप दिया गया। इन अलग-अलग गुफाओं में भगवान परशुराम, भोलेनाथ की पिंडी, भगवान विष्णु की प्रतिमा, मंदिर प्रांगण के अंदर भी दो गुफाओं में भोलेनाथ की पिंडी, भगवान राम की प्रतिमा और बजरंगबली की प्रतिमा व और भी कई प्रतिमा विराजित है। पहली गुफा में भगवान परशुराम की प्रतिमा विराजित है। वहीं दूसरी गुफा में 12 माह प्राकृतिक झरने से भोलेनाथ का जलाभिषेक होता है। गुफा के बाहर ऊपर की ओर नंदी का मुख भी मौजूद है। इसके अतिरिक्त तीसरी गुफा में भगवान विष्णु विश्राम मुद्रा में विराजमान है, जबकि चौथी गुफा में स्थित भोलेनाथ की मुख्य पिंडी का भी सावन सोमवार में खास श्रृंगार किया जाता है। वहीं पांचवी गुफा में भगवान कृष्ण का बाल रूप दिखाया गया है। छठी गुफा में मंदिर की खोज करने वाले महंत त्यागी की प्रतिमा मौजूद है। अंतिम व सातवीं गुफा में श्रद्धालु आकर ध्यान लगाते हैं।

## तारीख विशेष

### हॉकी खिलाड़ी 'धनराज पिल्लै'

धनराज पिल्लै भारत के प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी हैं। हॉकी में सेंटर फारवर्ड खेलने वाले धनराज पिल्लै के खेल में गति और स्ट्राइकिंग कौशल है। उन्होंने करियर के शानदार वर्षों में अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं। 1991 में उन्हें महाराष्ट्र सरकार का 'शिव छत्रपति अवार्ड' प्रदान किया गया था। इसके अतिरिक्त वह 'राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार', 'अर्जुन पुरस्कार' व 'पद्मश्री' पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। धनराज पिल्लै का जन्म 16 जुलाई, 1968 को महाराष्ट्र राज्य के पुणे ज़िले में खड़की नामक स्थान पर हुआ था। उनका जन्म तमिल माता-पिता नागालिंगम पिल्लै और अंदालम्मा के चौथे पुत्र के रूप में हुआ था। जब वे अविवाहित थे, तब पवई में अकेले रहते थे जबकि उनके माता-पिता महाराष्ट्र के खड़की में रहते थे। वे तमिल (मातृभाषा), हिंदी, मराठी और अंग्रेज़ी भाषाओं में धाराप्रवाह हैं। वह तीन ओलंपिक में, 3 वर्ल्ड कप में तथा 4 एशियाई खेलों में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय हैं। वे एक सीनियर खिलाड़ी हैं और भारतीय टीम के लिए आशा की किरण हैं। वह अपने से 15 वर्ष छोटे खिलाड़ियों को भी फुर्ती में मात दे सकते हैं। उन्हें अपने खेल से प्यार है और वे मेहनत से खेलते हैं। भारतीय खेल जगत में हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै का नाम बहुत गर्व से लिया जाता है। हॉकी के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ सेंटर फारवर्ड खिलाड़ी समझे जाने वाले धनराज की तुलना क्रिकेट के सचिन तेंदुलकर से की जाती है। जैसे क्रिकेट में सचिन का कोई सानी नहीं है, इसी प्रकार धनराज पिल्लै भी हॉकी के खेल में सर्वश्रेष्ठ समझे जाते हैं। धनराज पिल्लै की कहानी एक ऐसे सामान्य दर्जे के लड़के की कहानी है, जो ग़रीब परिवार से निकलकर कड़ी मेहनत करके अपना मुकाम हासिल करता है। पुणे की हथियारों की फैक्टरियों की गलियों में खेल-खेलकर उनका बचपन बीता। पांच बहन-भाइयों के बीच धनराज के यहां धन की कमी होते हुए भी उन्हें खेल के लिए पूरा नैतिक समर्थन प्राप्त हुआ। धन की कमी के कारण धनराज व उनका भाई हॉकी ख़रीदने में पैसे खर्च करने में असमर्थ थे। अतः वे इसके स्थान पर टूटी हुई हॉकी को रस्सी से बांध कर उससे खेला करते थे। धनराज को बचपन से आज तक अपनी मां से बेहद लगाव है।

### गुरुदत्त जन्मशती वर्ष पर विशेष

# एक सच्चे कलाकार की आत्मकथा

कैलाश सिंह

देवीदत्त का कहना है कि गुरुदत्त व गीता की असफल शादी के लिए वहीदा रहमान (जिन्हें गुरुदत्त ने बॉलीवुड में ब्रेक दिया था) पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। दोनों के बीच गुरु व शिष्या का संबंध था, जब लोग साथ काम करते हैं, तो दोस्ती भी हो जाती है, लेकिन कुछ गंभीर नहीं था। हालांकि इस शक के चलते गुरुदत्त व वहीदा रहमान प्रोफेशनली अलग हो गए और गुरुदत्त व गीता ने 48 पाली हिल के मकान का काम पूरा होने के बाद साथ नई जिंदगी शुरू करना तय भी कर लिया, लेकिन ऐसा हो न सका।

- इमेज

भारत को आजाद हुए दस बरस ही बीते थे कि 1957 में गुरुदत्त की फिल्म 'प्यासा' रिलीज हुई, जिसमें शायर विजय की भूमिका में गुरुदत्त ने लालबत्ती क्षेत्र, जहां महिलाएं भयंकर गरीबी व शोषण का सामना करती हैं, में घूमते हुए देश के नेताओं से सवाल किया- "ये कूचे ये नीलाम घर दिलकशी के/ये लुटते हुए कारवां जिंदगी के/ कहां हैं, कहां हैं मुहाफ़िज ख़ुदी के/ जिन्हें नाज है हिंद पर वो कहां हैं?" प्रगतिशील-मानवतावादी शायर साहिर लुधियानवी के इन बोलों के जरिये निर्माता-निर्देशक गुरुदत्त ने हमें उस गुस्से का एहसास कराया था, जो हमारे अवचेतन मन में सरकार की उन नीतियों को लेकर था जिनसे समाज में आर्थिक असामनता आ रही थी कि गरीब और गरीब होते जा रहे थे व रईस और अधिक रईस होते जा रहे थे। यह गीत भारत की आजादी के 77 साल बाद भी प्रासंगिक है, जबकि 9 जुलाई 2024 से हम गुरुदत्त के जन्मशती वर्ष में प्रवेश कर गए हैं। गुरुदत्त ने 9 जुलाई 1925 को बंगलोर के कोंकणी चित्रापुर सारस्वत ब्राह्मण परिवार में आंखें खोलीं थीं। पिता शिवशंकर राव पादुकोण स्कूल में मास्टर थे और मां वसंथी पादुकोण गृहणी थीं, जो कभी कभी कहानियां लिखा करती थीं। मां-बाप ने उन्हें वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोण नाम दिया, लेकिन बचपन में एक हादसा हो जाने के बाद इस नाम को अशुभ माना गया और नाम



गुरुदत्त रख दिया गया। गुरुदत्त के पैरेंट्स कारवार में रहते थे, मगर उन्हें अपना बचपन भोवानीपुर में गुजारना पड़ा, जिससे वह बंगाली भी अच्छी बोलने लगे। पैसे की तंगी थी, इसलिए दसवीं के बाद कॉलेज न जा सके। बकुट मामा (बालकिशन बेनेगल, जो श्याम बेनेगल के चाचा थे और गुरुदत्त की मां के कजिन) ने उदय शंकर की नृत्य मंडली में शामिल करा दिया। नृत्य सीखा, कुछ दिन टेलीफोन ऑपरेटर के रूप में नौकरी की, मन नहीं लगा, कोलकाता छोड़कर पुणे आ गये जहां प्रभात फिल्म कंपनी में नृत्य निर्देशक की नौकरी मिली और जीवन का रुख ही बदल गया। पुणे में जिस लांडरी पर गुरुदत्त अपने कपड़े धुलवाते थे उसी पर देवानंद के कपड़े भी आते थे। संयोग से दोनों की एक दिन आपस में कमीजें बदल गईं और दोनों की मुलाकात हुई, जो दोस्ती में बदल गई। तब तक गुरुदत्त नृत्य निर्देशन के अलावा सहायक निर्देशक का भी काम करने लगे थे और फिल्मों में छोटी-छोटी भूमिकाएं भी। गुरुदत्त व देवानंद ने एक दूसरे से वायदा किया- जो भी पहले निर्माता बनेगा, वह दूसरे को अपनी फिल्म में काम देगा। पहले देवानंद निर्माता बन गए और उन्होंने 'बाजी' के निर्देशन की जिम्मेदारी गुरुदत्त को दी और अपना वायदा निभाया और जब गुरुदत्त ने 'सी आई डी' बनाई तो देवानंद को हीरो लिया। प्रभात फिल्म कंपनी में ही गुरुदत्त की मुलाकात रहमान से हुई और यह दोस्ती भी उम्र भर चली। 'बाजी' (1951) में गीता ने 'तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना ले' गीत गाया था और उनकी मखमली आवाज ने गुरुदत्त को स्तब्ध कर दिया था। वह अपना दिल ही हार गए थे। तीन साल तक कोर्टशिप चली और फिर 26 मई 1953 को गीता रॉय गुरुदत्त की गीता दत्त बन गईं। उनके तीन बच्चे हुए- तरुण, अरुण व नीना। इस शादी से एक अफवाह यह फैली कि गुरुदत्त ने आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिए गीता से शादी की थी। उस समय गुरुदत्त बतौर एक्टर व निर्देशक अपने पैर जमाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, जबकि गीता स्थापित व रईस गायिका थीं। इस अफवाह से डरे सहमे गुरुदत्त ने रास्ता यह निकाला कि गीता केवल उन्हीं के बैनर के लिए अपनी आवाज देंगी, बाहर के बैनर के लिए नहीं गाएंगी। वैसे दोनों ने मिलकर कालजयी गीत दिए- 'ये लो मैं हारी पिया' (आर पार, 1954), 'जाने कहां मेरा जिगर गया जी' (मिस्टर एंड मिजेस 55, 1955), 'आज सजन मोहे अंग लगा लो' (प्यासा, 1959), 'न जाओ सईयां छुड़ा के' (साहिब बीबी और गुलाम, 1962)... लेकिन गीता अन्य बैनरों के लिए भी गाना चाहती थीं। दोनों अति संवेदनशील थे, उनके संबंध में ईगो हस्तक्षेप करने लगा। दोनों के बीच एक और दुश्मन था- शक। गुरुदत्त जिस भी महिला एक्टर के साथ काम करते, गीता उस पर शक करतीं। वह गुरुदत्त की जासूसी करातीं। दोनों में अक्सर झगड़े होते। वह बच्चों को लेकर अपनी मां के घर चली जातीं। गुरुदत्त उन्हें वापस लाने के लिए मिन्नतें करते। वह गीता से बहुत प्रेम करते थे। गुरुदत्त के भाई देवीदत्त का कहना है, "दोनों ही कान के कच्चे थे। एक दूसरे के बारे में अफवाहों पर विश्वास करते थे। वास्तव में गुरुदत्त महिलाओं के दीवाने थे। महिलाएं भी उनके प्रति आकर्षित होती थीं; क्योंकि वह उनके जरिये एक्ट्रेस बन सकती थीं।

## ठहाका

पति- तुम मेरी फिल्म में काम करोगी?
पत्नी- हां पर मुझे करना क्या होगा?
पति- तुम्हें धीरे-धीरे पानी में जाना होगा।
पत्नी- ठीक है पर फिल्म का नाम क्या है?
पति- गई भैंस पानी में।
पति और पत्नी में जमकर हुई मारपीट...

## पाठक पाती

### वैश्विक नेताओं पर जानलेवा हमले

अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर शनिवार को एक चुनावी रैली में हुआ जानलेवा हमला हर लिहाज से दुर्भाग्यपूर्ण कहा जाएगा। गनीमत है कि हमले में ट्रंप को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ और वह सुरक्षित हैं। यूनाइटेड स्टेट्स सीक्रेट सर्विस का आदर्श वाक्य है-भरोसे और विश्वास के योग्य। मगर अमेरिका की विश्व में पहले नंबर कि यह सीक्रेट सर्विस अब उतनी अलर्ट नहीं रही। और नहीं उसमें पहले जैसा अनुशासन रहा। बैलेट से होने वाले चुनावों को बुलेट द्वारा बाधित करने के प्रयास विश्व के हर कोने में होने लगे हैं। अभी कुछ समय पहले ही जापान के भूतपूर्व प्रधानमंत्री की चुनावी भाषण के दौरान हत्या कर दी गई थी। उससे पूर्व भी इंदिरा गांधी , राजीव गांधी सहित विश्व के कई नेताओं पर जानलेवा हमले हुए हैं! अब समूचे विश्व के सभी राष्ट्रीय अध्यक्षो को मिलकर आतंकवाद को जड़ मूलसे खत्म करना होगा। ट्रंप तो बच गए मगर फिर भी आतंकवादी मौके की तलाश में हर जगह मौजूद है। और इस प्रकार बंदूक के जोर पर प्रजातांत्रिक व्यवस्था को तहस-नस करने के प्रयास अक्षम्य है । इसके लिए अब अत्यधिक ए आई द्वारा सक्षम सुरक्षा चक्र शीघ्र बनाना होगा जिसमें सभी तरह से हमले को लेकर सभी संभावनाओं को रोकने की व्यवस्था होना चाहिए। साथ ही इन तत्वों को आधुनिकतम हथियार उपलब्ध करवाने वालों का भी सफाया करना जरूरी है।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



हम चाहते हैं कि सदन निष्पक्ष रहे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारी पार्टी के नेता राहुल गांधी के कुछ बयानों को पिछले सत्र के दौरान रिकॉर्ड से हटा दिया गया था।

- गौरव गोगोई



हमने कहा है कि जब तक आप (उद्धव ठाकरे) महाराष्ट्र के दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बन जाते हैं, तब तक ये पीड़ा बनी रहेगी। जो विश्वासघात करता है वो हिंदू नहीं हो सकता। जो विश्वासघात सह ले, वो हिंदू हो सकता है।

- शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद



लोकसभा चुनाव में विदेशी ताकतों का दखल रहा। लोकसभा चुनाव में विदेशी ताकतें भी शामिल रही हैं। ये चाहती हैं कि हमारे देश में किसी भी तरह भारतीय जनता पार्टी की सरकार न रहे जिस तेजी से भारत बढ़ रहा है, यह हमारे विरोधियों को रास नहीं आ रहा है।

-शिवराज सिंह चौहान

## कुछ अलग | अजब गजब

# नौकरी छोड़ने को आदमी दे रहा था 83 लाख, वेटर ने ठुकराया ऑफर

आज के वक्त में भरोसेमंद लोगों की काफी कमी है। लोग सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं। वैसे ये एक हद तक ठीक भी है, क्योंकि अगर इंसान अपने बारे में नहीं सोचेगा, तो कोई भी उसके लिए फिक्रमंद नहीं होगा। पर ऐसे दौर में भी जब कोई खुद से पहले दूसरों के लिए सोचने वाला मिल जाता है, तो उन्हें देखकर बहुत खुशी होती है। हाल ही में एक रेस्टोरेंट के वेटर ने भी अपनी नौकरी और मालिक के प्रति सच्ची निष्ठा का प्रदर्शन किया। उसे अंजान आदमी नौकरी छोड़ने के लिए 83 लाख रुपए दे रहा था। उसकी लाइफ सेट हो सकती थी, फिर भी उसने ठुकरा दिया। ये वीडियो एंटरटेनमेंट के लिए बनाया गया लग रहा है, पर ये जो संदेश देना चाह रहा है, वो दिल छू लेने वाला है। एक ट्विटर अकाउंट पर हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें एक रेस्टोरेंट के वेटर को दिखाया गया है। वीडियो में एक वेटर की नौकरी



और अपनी कंपनी के प्रति निष्ठा को दर्शाया गया है। आजकल प्राइवेट नौकरियां करने वाले लोगों को जैसे ही बेहतर मौके मिलते हैं, वो नॉकरी स्विच कर लेते हैं और कहीं और चले जाते हैं। पर इस लड़के ने ऐसा नहीं किया। ये वीडियो स्क्रिप्टेड लग रहा है, जिसे देखकर लग रहा है कि ये सिर्फ मनोरंजन के उद्देश्य से बनाया गया है। एक आदमी रेस्टोरेंट से खाना ऑर्डर करने आया। उसने फिर वेटर के सामने नोटों की गड्डी दिखाई और कहा कि ये 83 लाख रुपए हैं और वो तुरंत अपनी नौकरी छोड़ दे। वेटर ने उन रुपयों को लेने से मना कर दिया और कहा कि वो नहीं कर सकता क्योंकि टीम में सिर्फ 3 ही लोग हैं और अगर वो अभी चला जाएगा तो काम का बोझ बाकी साथियों पर आ जाएगा। ये देखकर रेस्टोरेंट की मालकिन खुश हो गई और उसने शख्स को 16 लाख रुपए का एक चेक दिया। चेक पर शख्स का नाम एलेक्सैंडर हेल्ड लिखा है और तारीख है मई 2024। मालकिन ने जिस तरह वेटर की ईमानदारी के लिए उसे पैसे दिए, वो देखकर खुशी से आपको आंसू आ जाएंगे और लगेगा कि आखिरकार शख्स को उसकी ईमानदारी के लिए इनाम मिल ही गया।



# अध्यात्म व आस्था के हिलौरे का साक्षी बना ओटवाला गांव

ओटवाला में गाजे बाजे के साथ नवकुंडीय यज्ञशाला की हुई प्रतिष्ठा

## फले चुंदड़ी में उमड़े श्रद्धालु

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** बाण माता के गूंजते जैकारे, उत्साह, उमंग और आध्यात्मिक व सुमधुर स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालुओं के थिरकते कदम। आस्था में गोते लगाता यह नजारा ओटावाला गांव स्थित बाणमाता मंदिर का। जहां नवनिर्मित नवकुंडीय यज्ञशाला प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्णाहुति हुई। सोमवार को साधु-संतों के सान्निध्य में यज्ञशाला के शिखर पर स्वर्ण कलश स्थापित करने, ध्वजा चढ़ाने और माताजी की पूजा अर्चना करने समेत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर सवेरे से ही लाभार्थी परिवारों के गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा के रूप में झूमते हुए सजधज कर प्रतिष्ठा स्थल पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सवेरे साढे आठ बजे तक पूरा मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से भर गया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में भीड़ इतनी थी कि पैर रखने तक के लिए जगह कम पड़ने लगी थी। प्रतिष्ठा के साक्षी बनने के लिए श्रद्धालु आसपास के घरों की छतों पर चढ़ गए। इसके बाद शुभ मुहूर्त में पंडितों के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू किया गया। सर्वप्रथम यज्ञशाला के शिखर पर लाभार्थी परिवार की ओर से दंड को स्थापित किया गया। इसी तरह शिखर पर स्वर्ण कलश, अमर ध्वजा एवं अन्य कलश स्थापित करने की रस्म को पूर्ण किया गया। ज्यों ही यज्ञशाला की प्रतिष्ठा गई तथा ध्वजारोहण किया गया श्रद्धालुओं ने बाण माता के जयघोष लगाने शुरू किए। वहीं बैंडबाजों की सुमधुर स्वर लहरियों पर युवक-युवतियां झूमने लगे। जिससे पूरा वातावरण धर्ममय हो गया। प्रतिष्ठा के बाद विभिन्न चढ़ावों के लाभार्थी परिवारों की ओर से पूजा अर्चना व अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए। प्रतिष्ठा को लेकर मंदिर तथा यज्ञशाला को रंग बिरंगी फूल मालाओं से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस दौरान साधु-संतों तथा असपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग उपस्थत थे। यज्ञशाला की प्राण प्रतिष्ठा के तहत सोमवार को समस्त ग्रामवासियों की ओर से फले चुंदड़ी का आयोजन किया गया। जिसमें ओटवाला, आलासन, रेवतड़ा, वीराणा, सायला, उम्मेदाबाद, केशवना, उम्मेदाबाद सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया तथा प्रसादी ग्रहण की।



### कार्यक्रम में रहा संत समागम

प्राण प्रतिष्ठा में सोमवार को पूर्णाहुति में उम्मेदाबाद महंत आशाभारती महाराज, मांडवला महंत लाल भारती, महंत शंकरस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज सरत, कदरी मठ के राजा निर्मलनाथ महाराज, नागेश्वर मंदिर ओटवाला राज भारती, आलासन महंत हीराभारती महाराज, दादाल महंत विजयानंद महाराज, जेतेश्वर धाम पारसाराम महाराज सहित संत महात्मा मौजूद थे।

### हैलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा आकर्षण की केंद्र रही। यज्ञशाला के शिखर पर लाभार्थी परिवारों की ओर से स्वर्ण कलश स्थापित करने तथा ध्वजा चढ़ते ही हैलीकॉप्टर से चढ़ावे के लाभार्थी परिवार ने पुष्प वर्षा की। हैलीकॉप्टर ने पूरे गांव के चारों तरफ परिक्रमा की।

### भजन संध्या में उमड़ा जनसैलाब

प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत रविवार रात्रि को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे आशा वैष्णव एंड पार्टी की ओर से भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। माताजी के भजनों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# कृषकों के लिए फायदेमंद साबित होगा फसल सुरक्षा मिशन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** नीलगाय, आवारा पशुओं एवं अन्य जंगली जानवरों से फसलों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए किसानों के खेतों पर राजस्थान फसल सुरक्षा मिशन के अंतर्गत कांटेदार/चैनलिंक तारबंदी के लिए राज्य सरकार ने अनुदान का प्रावधान किया है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक जितेन्द्र सिंह शक्तावत ने बताया कि तारबंदी योजना के तहत लघु एवं सीमान्त कृषकों के लिए लागत का 60 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि 48,000 रुपए एवं अन्य कृषकों के लिए लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि 40,000 रुपए अनुदान देय होगा। कृषकों की ओर से समूह (10 या 10 से अधिक किसान एवं 5 हैक्टेयर से अधिक भूमि) में तारबंदी करवाए जाने पर प्रत्येक किसान को इकाई लागत का 70 प्रतिशत अथवा 56,000 रुपए प्रति कृषक अनुदान देय होगा।



### तारबंदी योजना के तहत पात्रता

तारबंदी योजना के तहत सभी श्रेणियों के वे कृषक आवेदन कर सकते हैं। जिनके पास न्यूनतम 1.5 हैक्टेयर जमीन हो। एक कृषक समूह में न्यूनतम 2 कृषक व न्यूनतम 1.5 हैक्टेयर जमीन होना आवश्यक हैं। सामुदायिक स्तर पर तारबंदी में 10 या अधिक कृषकों के समूह में न्यूनतम 5 हैक्टेयर भूमि होना आवश्यक हैं। तारबंदी के लिए समूह में आवेदक पति-पत्नी दोनों होने पर नियमानुसार दोनों ही अनुदान के लिए पात्र होंगे तथा व्यक्तिगत आवेदन की स्थिति में पति-पत्नी को अलग-अलग आवेदन करना होगा तथा दोनों के हिस्से में निर्धारित कृषि भूमि हैं तो दोनों अलग-अलग अनुदान के लिए पात्र होंगे। प्रति कृषक 400 रनिंग मीटर की सीमा तक अनुदान देय होगा। कृषि विभाग की ओर से जारी प्रशासनिक स्वीकृति के उपरान्त 90 दिवस में कार्य प्रारम्भ पूर्ण ना होने की स्थिति में आवेदन को रद्द किया जा सकता है।

### छह लाख मीटर का रखा लक्ष्य

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक जितेन्द्र सिंह शक्तावत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जालोर जिले को वर्ष 2024-25 के लिए 6 लाख मीटर लम्बाई में तारबंदी करवाए जाने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने कृषको से अपील की है कि वे अपनी फसल की जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए तारबंदी कार्यक्रम के तहत लाभ लेने के लिए अवश्य आवेदन करें। सभी पात्र कृषकों की ओर से विभागीय मापदण्ड अनुसार तारबंदी का निर्माण किए जाने के बाद उसका भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके सही पाए जाने पर नियमानुसार अनुदान राशि किसान के जनाधार से जुड़े बैंक खाते में हस्तान्तरित की जाएगी। किसान विस्तृत जानकारी के लिए निकटतम किसान सेवा केन्द्र पर कृषि पर्यवेक्षक से संपर्क कर सकते है या निःशुल्क किसान कॉल सेन्टर के नम्बर 18001801551 पर कॉल कर सकते है। साथ ही अपने मोबाईल में राज किसान सुविधा एप गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपने खाते को जनाधार कार्ड नम्बर द्वारा सर्ि य करवा सकते हैं। जिससे कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आसानी से सुलभ हो सकेंगी।

# कलक्टर बोली सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ हो, अधिकारी खास ध्यान रखें

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक, पानी, बिजली, योजनाओं पर खास चर्चा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला कलक्टर पूजा पार्थ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने विभागवार प्रगतिरत प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करते हुए अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलक्टर पूजा पार्थ ने जल जीवन मिशन के तहत एफएचटीसी के कार्यों में गति लाते हुए प्रत्येक घर को नल कनेक्शन से जोड़ने तथा प्रत्येक स्कूल व आंगनवाड़ी केन्द्र को शत-प्रतिशत विद्युत व पेयजल से जोड़े जाने के निर्देश दिए।

### रैन बसेरों की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

जिला कलक्टर ने नगर परिषद जालोर को रैन बसेरों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा वार्डों में साफ- सफाई एवं फोगिंग कार्य के लिए निर्देशित किया। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण महाभियान के तहत शहरी क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्य करवाने की बात कही। उन्होंने रसद विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत पात्र दिव्यांग एवं बुजुर्ग उपभोक्ताओं को राशन की डोर-स्टेप डिलीवरी सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को आमजन को विशेष शिविरों के माध्यम से सड़क सुरक्षा की प्रति जागरूक करने तथा बाल वाहिनियों की फिटनेस जांच करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जिले में ई-मित्र प्लस मशीनों के संचालन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के अधिकारियों को ब्लॉकवार प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए निर्देशित किया।

### हर गतिविधि पर खास फोकस हो

जिला कलक्टर पूजा पार्थ ने शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को ग्राम स्तर पर मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य, शिक्षा व कृषि क्षेत्र में सुधारों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, उप वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह भाटी, एसीईओ चिदंबरा परमार, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, पीएमओ डॉ. पूनम टांक, डिस्कॉम के एसई पी.एस. राठौड़, पीडब्ल्यूडी एसई चतुर्भुज खुडीवाल, पीएचईडी के अधिशासी अभियंता श्यामबिहारी बैरवा, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के अशोक विश्नोई सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र जालोर में इन्टरलॉकिंग टाइल्स के कार्य को समय पर पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बिजली सुरक्षा अभियान के तहत क्षतिग्रस्त पोलों को शत-प्रतिशत रूप से बदलने तथा ढीले तारों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

# आवागमन मार्ग सुधारने में लगाएंगे 16 करोड़ 68 लाख रुपए : देवल

**रानीवाड़ा।** बजट घोषणा 2024-25 में राज्य सरकार की ओर से बिपरजॉय तूफान से क्षतिग्रस्त हुई सभी छोटी-बड़ी पुलियाओं और सड़कों की मरम्मत/सुदृढ़ीकरण कराने की घोषणा की गई है। रानीवाड़ा के पूर्व विधायक एवं पूर्व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह देवल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री (वित्त मंत्री) दिया कुमारी ने इस बजट में रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र का विशेष ध्यान रखा है और हमारी उम्मीद से बढ़कर रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए घोषणाएं की हैं जो स्वागत योग्य हैं। मैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार प्रकट करता हूं। देवल ने कहा कि जसवंतपुरा से चितरोड़ी वाया सुन्धा माता सड़क की घोषणा, जसवंतपुरा में एसटी वर्ग के बच्चों की शिक्षा के लिए एकलव्य आवासीय विद्यालय की घोषणा, किसानों की भावनाओं का सम्मान करते हुए करड़ा में 132 केवी का जीएसएस निर्माण कराने की घोषणा सहित अनेक छोटी-बड़ी घोषणाएं रानीवाड़ा के लिए की गई हैं। देवल ने बताया कि बिपरजॉय तूफान के समय हमारे रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की कई पुलियाएं या तो टूट गई थी या फिर क्षतिग्रस्त हो गई थी जिससे कई गांवों के लोगों को आज भी घूम कर दूसरे रास्ते से आना पड़ रहा था। अब हमारी भाजपा सरकार ने इसकी चिन्ता करते हुए रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की 56 पुलियाओं की मरम्मत/सुदृढीकरण के लिए 16 करोड़ 68 लाख रूपये की घोषणा की है। इन पुलियाओं के निर्माण से आमजन को बहुत अधिक राहत मिलेगी।

बिपरजॉय के दंश से क्षतिग्रस्त सड़कों व पुलियों की होगी मरम्मत

# योजना के जरिए अनूठी पहल, मुरझाए चेहरों पर मुस्कान

## दिव्यांग व बुजुर्ग उपभोक्ताओं को की जा रही डोर स्टेप राशन डिलीवरी

**जालोर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अनूठी पहल से ऐसे परिवार जिनके सभी सदस्य 18 वर्ष से कम या 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग अथवा निशक्त है और जो राशन की दुकान से राशन लेकर आने में असमर्थ हैं, उनके द्वार पर राशन डीलर द्वारा राशन पहुंचाया रहा है। यह व्यवस्था इनके मुरझाए चेहरों पर मुस्कान ला रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार की नवीन पहल के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्रदेश के ऐसे परिवार जिनके सभी सदस्य 18 वर्ष से कम या 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग अथवा निशक्त है और जो राशन की दुकान से राशन लेकर आने में असमर्थ हैं, उनके लिए डोर-स्टेप राशन डिलीवरी की शुरुआत की गई है। जिसके तहत अब राशन डीलर स्वयं ऐसे पात्र लाभार्थियों के घर जाकर खाद्यान्न वितरण करेंगे। जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि इस योजना के तहत पात्र बुजुर्ग एवं दिव्यांग व्यक्तियों को राशन लेने के लिए राशन की दुकान पर जाने की आवश्यकता नहीं है। राशन डीलर खुद डोर-स्टेप पर राशन डिलीवरी कर रहे हैं। जिले में राशन डीलर्स द्वारा सोमवार को पात्र दिव्यांग लाभार्थियों के घर-घर जाकर जुलाई माह का खाद्यान्न वितरित किया गया। अपने घर पर राशन पाकर बुजुर्ग व दिव्यांगजनों ने राज्य सरकार की इस अनूठी पहल की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने बताया कि जालोर जिले में डोर स्टेप डिलीवरी के लिए कुल 7468 पात्र लाभार्थी हैं। योजना के तहत जिले को 5 हजार बैग आवंटित हुए हैं। जिनकी 1 जुलाई से निरन्तर पात्र लाभार्थियों को डोर-स्टेप डिलीवरी की जा रही हैं तथा अब तक लगभग 2945 लाभार्थियों को बैग वितरित किए जा चुके हैं।

# समूचा क्षेत्र हरितिमा का लबादा ओढ़ें, हसरत बना अभियान

## एनजीओ ने पौधरोपण कर पांच सौ पौधे किए वितरित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर सघन वृक्षारोपण कर क्षेत्र को हरितिमा का लबादा ओढाने की मंशा को लेकर स्वयंसेवी संस्थान प्रभाकर सेवा संस्थान रानीवाड़ा की ओर से हरियालो रानीवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सोमवार को कई स्कूल एवं कालेजों में पौधारोपण किया गया। एनजीओ की ओर से 500 स्कूली बच्चों को निःशुल्क छायादार एवं फलदार पौधों का वितरण कर संरक्षण की शपथ दिलाई। संस्थान के सचिव अमृत पुरोहित ने बताया कि विश्व में ग्लोबल वार्मिंग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने समस्त रानीवाड़ा वासियों से अपील करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाने के लिए सभी को वृक्षारोपण के इस महाअभियान हरियालो रानीवाड़ा अभियान से जुड़कर सघन वृक्षारोपण कर पर्यावरण को दूषित होने से बचाना होगा। पुरोहित ने स्कूली बच्चों सहित युवाओं को इस वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने की अपील की है। गौरतलब है कि रानीवाड़ा में सघन वृक्षारोपण के लिए स्वयंसेवी संस्था की ओर से सांचौर जिला कलेक्टर शक्तिसिह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में हरियालो रानीवाड़ा अभियान की शुरुआत की गई थी। संस्थान के सचिव अमृत पुरोहित ने बताया कि अभियान के तहत 1100 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि हम छायादार एवं फलदार पौधों के वितरण के साथ यह भी सुनिश्चित करेंगे कि जहां जहा पौधारोपण एवं पौधों का वितरण करें वहां के बच्चों एवं लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण का महत्व बताकर पौधों के पेड़ बनने तक संरक्षण की शपथ दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रभाकर सेवा संस्थान के एक दर्जन से ज्यादा वालिंटियर पौधारोपण कार्यक्रम में लगे हुए हैं। पुरोहित ने बताया कि सोमवार को संस्थान की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रानीवाड़ा खुर्द, हैप्पी पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय रानीवाड़ा, राजाराम बालिका विद्यालय रानीवाड़ा,यु आर महिला महाविद्यालय आजोदर सहित कई विद्यालयों में वृक्षारोपण एवं फलदार व छायादार पौधों का वितरण किया गया। दो माह तक चलने वाले इस अभियान के तहत रानीवाड़ा में सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। इस अवसर पर एनजीओ के वालिंटियर सुरेश कुमार रावल, भंवरलाल गोयल, केराराम चौधरी, कैलाश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जसवंतपुरा में औद्योगिक शिविर आज

**जालोर।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की ओर से मंगलवार को मध्याह्न 12 बजे से पंचायत समिति जसवंतपुरा में औद्योगिक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी ने बताया कि शिविर में डॉ. भीमराम अंबेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932, हस्तशिल्पियों, लघु उद्यमियों, दस्तकारों व बुनकरों को बाजार सहायता योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द की ओर से इच्छुक उद्यमियों के मौके पर ही आवेदन तैयार कर जमा किए जाएंगे। इच्छुक आवदेक 2 फोटो, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, पैन कार्ड, डिजिटल जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास, मार्कशीट एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट साथ लेकर शिविर में उपस्थित हो।

# कक्षा-कक्षों व पुस्तकालय निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**जालोर।** सांसद लुम्बाराम चौधरी ने सोमवार को लेटा निवासी भामाशाह परिवार हिम्मतमल गणेशमल भण्डारी के सहयोग से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लेटा में नए 10 कक्षा-कक्षों एवं पुस्तकालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में सांसद चौधरी ने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भामाशाहों का सहयोग अतुलनीय हैं। वर्तमान में केन्द व राज्य सरकार एवं भामाशाह मिलकर राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने वृक्षारोपण महाभियान के तहत ग्रामीणों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के माध्यम से पेड़ लगाकर प्रकृति के प्रति प्रेम व संरक्षण की भावना विकसित करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान लेटा पीईईओ व प्रधानाचार्य हरीश कुमार सांखला ने भामाशाहों का स्वागत किया तथा आभार जताया। इस अवसर पर लेटा मठ के महंत विष्णु भारती, गोकुल भारती, जिला प्रमुख राजेश कुमार, जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित, अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी (प्रारम्भिक) नरेन्द्र परमार, मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी किस्तुराराम बामणिया, लेटा सरपंच श्रीमती शांति देवी, राजेश भण्डारी, भंवरलाल भण्डारी, रोहित भण्डारी, माधुजी प्रजापत, सुजाराम चौधरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सांसद ने विद्यालय परिसर में किया पौधरोपण

सांसद लुम्बाराम चौधरी ने राउमावि लेटा के परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने वृक्षारोपण महाभियान के तहत ग्रामीणों व विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल करने की बात कही।

# पिता को न्याय दिलाने बेटियां और परिवार पैदल निकला जयपुर

## 85 किमी चलकर पहुंचा बाड़मेर

## बेटी बोली-बापू को मार दिया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले के धनाऊ इलाके में जेठाराम मेघवाल की संदिग्ध मौत मामले में न्याय नहीं मिलने से आहत पूरे परिवार ने गांव से पैदल यात्रा शुरू कर दी है। इस यात्रा में दो बेटियां सहित 70 साल की मां, भाई सहित पूरा परिवार पैदल चलकर सोमवार को बाड़मेर पहुंचा। परिजनों ने बताया कि कितनोरिया से धनाऊ एवं चौहटन तथा जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद प्रदेश की राजधानी जयपुर जाएंगे। रविवार शाम को चौहटन में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर सीआईडी सीबी से जांच की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि जेठाराम की मौत कोई हादसा नहीं थी, कुछ संदिग्धों पर हत्या का आरोप लगाते हुए न्यायिक जांच की मांग की गई है। उन्होंने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री सहित मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार की है। मृतक जेठाराम की पुत्री ममता एवं माता पेंपोदेवी ने ज्ञापन दिया। इनका आरोप है कि एससी-एसटी जाति की कमजोर महिलाएं हैं, सरकार व प्रशासन तक पहुंच नहीं होने से उन्हें न्याय नहीं मिलता है। मोहनलाल मेघवाल निवासी कितनोरिया ने बताया कि उसका भाई जेठाराम रात में करीबन 8 बजे घर से घरेलू सामान लेने के लिए गांव कितनोरिया में गया था। रात में अज्ञात व्यक्ति उसको उठाकर कहीं ले गए और पीट-पीटकर हत्या करके कितनोरिया गांव में वादियों की कटाई में जाल के पेड़ के नीचे डालकर चल गए। मृतक जेठाराम की बेटी ममता का कहना है कि पूरा परिवार कितनोरिया गांव से जयपुर पैदल जा रहे हैं। मेरे पिता को चार-पांच जनों ने इकट्ठे होकर मर्डर कर दिया। लेकिन हमें न्याय नहीं मिल रहा है। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। हमें संविधान पर पूरा भरोसा है। मृतक जेठाराम का परिवार कितनोरिया से रविवार को दोपहर के समय धनाऊ तहसीलदार और थानाधिकारी को ज्ञापन देकर रवाना हुआ था। वहां से फिर चौहटन पहुंचे। चौहटन तहसीलदार को ज्ञापन देकर वहां से रवाना हुए। रात भर चलने के बाद सोमवार सवेरे करीब 10 बजे बाड़मेर जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां से फिर जयपुर के लिए रवाना होंगे। मृतक जेठाराम को न्याय दिलाने के लिए परिजनों और समाज के लोगों ने जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट के सामने धरना भी दिया था। लेकिन पुलिस व प्रशासन की समझाने के बाद लोग मान गए और कार्रवाई का आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया।



### यह था मामला

14 मई को कितनोरिया-धनाऊ गांव के बीच सड़क किनारे एक पेड़ के नीचे जेठाराम (40) पुत्र सालूराम का शव मिला था। परिजनों ने बताया-13 मई की रात 8 बजे घर से निकला था, जो घर से कुछ दूरी पर स्थित दुकानों पर पहुंचा। रात 8 से 9 बजे के बीच मृतक की अन्य कुछ लोगों से मोबाइल पर बातचीत भी हुई और उसके बाद करीब 9 बजे मोबाइल बंद हो गया। कुछ लोगों ने लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसके बाद शव को सड़क किनारे फेंक दिया।

# आरजेएस प्री परीक्षा का परिणाम घोषित

- 222 पदों पर निकाली थी भर्ती
- मेंस परीक्षा अगस्त में प्रस्तावित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से आयोजित आरजेएस परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। रजिस्ट्रार परीक्षा ने प्रारम्भिक परीक्षा में पात्र अभ्यर्थियों का परिणाम घोषित करने के साथ ही कट ऑफ भी जारी की है। 9 अप्रेल 2024 को आरजेएस के रिक्त 222 खाली पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी। 23 जून को इस परीक्षा का आयोजन हुआ था। जारी कट ऑफ को अनुसार सामान्य 73, सामान्य तलाकशुदा 61, सामान्य विधवा 45, एससी 55, एसटी 54, ओबीसी व एनसीएल 68, ओबीसी व एनसीएल तलाकशुदा 65, ओबीसी एनसीएल विधवा 46, एमबीसी एनसीएल 45, ईडब्लूएस 68 प्रतिशत रहा है। प्रारम्भिक परीक्षा में पास हुए अभ्यर्थी की मुख्य परीक्षा के प्रवेश पत्र जल्द जारी होगी। संभवतः यह परीक्षा 31 अगस्त को आयोजित हो सकती है।

# सांसद सेवा केंद्र का पूर्व मंत्री ने किया उद्घाटन

**बाड़मेर।** बाड़मेर में सोमवार को राजीव गांधी सेवा केंद्र का नव निर्वाचित सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल सहित कांग्रेस नेताओं ने फीता काटकर ओपनिंग की। कार्यालय में एंट्री कर पूजा-अर्चना भी की। सांसद का कहना है कि सांसद सेवा केंद्र में पूरे संसदीय क्षेत्र के आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान की जाएगी। आज पहली शिकायत आई कि नरेगा का पेमेंट समय पर नहीं आ रहा है। इसको लेकर प्रयास रहेगा कि उनका पैसा समय पर मिल सके। मैं सरपंच प्रतिनिधि रह चुका हूं इसलिए मुझे पता है कि एक सरपंच को कितनी समस्याओं से गुजरना पड़ता है। दरअसल, सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल का सोमवार को जन्म दिन भी है। इसको लेकर वीरेंद्र धाम में रक्तदान शिविर का आयोजन चल रहा है। वहां पर बड़ी संख्या में युवा रक्तदान करने पहुंचे है। वहीं अपने नेता को रक्तदान करने के लिए नवविवाहित दूल्हा भी रक्तदान करने पहुंचा है। सोमवार सवेरे जिला कलेक्ट्रेट स्थित सांसद सेवा केंद्र का सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी, पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी, पूर्व प्रधान उदाराम मेघवाल ने फीताकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। सांसद अपनी कुर्सी पर बैठे। उद्घाटन के दौरान विधायक हरीश चौधरी, जिला प्रमुख महेंद्र चौधरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष गफूर अहमद, पूर्व विधायक पदमाराम मेघवाल सहित कांग्रेस के प्रधान और पदाधिकारी मौजूद रहे। सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने कहा कि आज जन्म से नई शुरुआत की गई है। सांसद सेवा केंद्र की ओपनिंग की गई। संसदीय जनता की आशीर्वाद से उन्होंने मुझे सांसद बनाया है। संसदीय क्षेत्र की समस्या लाने वाले के लिए यहां स्थायी ऑफिस है। यहां पर स्टाफ मिलेंगे।



### सांसद ने जारी किए ई-मेल-हेल्पलाइन नंबर

सांसद ने कहा कि सांसद सेवा केंद्र में आज से जनता के लिए सांसद व उनका पूरा स्टाफ उपलबध रहेगा। सांसद बेनीवाल ने कहा कि 8 विधानसभा क्षेत्रों की सांसद निधी से जो भी मामले आएंगे। उनका निपटारा यहीं से किया जाएगा। बाड़मेर संसदीय क्षेत्र के आम नागरिक इस सेवा केंद्र के माध्यम से ई-मेल और हेल्प लाइन नंबर और मोबाइल नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते है।

# जोधपुर में फोटोशूट के बहाने बुलाकर पीटा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** बर्थडे पार्टी में फोटोग्राफी के बहाने बुलाकर एक युवक को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। युवक को उसके परिजनों ने गंभीर हालत में हॉस्पीटल में भर्ती करवाया है। जिसके बाद कुड़ी भगतासनी थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। कुड़ी भगतासनी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कैलाश नगर निवासी प्रकाश बंजारा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा निखिल फोटोग्राफी का काम करता है। विक्रम नाम के युवक ने अपने बर्थडे पार्टी में फोटोग्राफी के लिए 13 जुलाई के लिए बुकिंग की थी।

# सरकारी जमीन पर अवैध खेती का कारोबार

## 1500 बीघा लैंड को पत्थर की पट्टियों से किया बंद



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर के सरहदी इलाके के घूरिया गांव (ग्राम पंचायत सिपला) तहसील सम, थाना खुहड़ी में सरकारी जमीनों पर अवैध खेती धड़ल्ले से जारी है। सरकारी ज़मीनों पर अवैध खेती से ग्रामीणों के आने जाने का रास्ता भी बंद हो गया है। पीने के पानी का टैंकर भी नहीं आ सकता। पशुओं को चरने के लिए जाना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीण हिंगोल खान ने बताया कि हर साल यही होता रहता है। करीब 1500 बीघा सरकारी लैंड को घेरकर कई ट्रेक्टर के साथ अवैध खेती करने का काम किया जा रहा है। अतिक्रमी गांव वालों को दबंगाई से दबाकर अवैध खेती कर रहे हैं। हिंगोल खान समेत ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाने की मांग की है। ग्रामीण हिंगोल खान ने बताया कि गांव के कई सरकारी खसरों पर अतिक्रमी अवैध काश्त के लिए बहुत सारे ट्रेक्टर लेकर अवैध खेती कर रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। हिंगोल खान ने बताया कि ग्रामीणों के विरोध करने पर अतिक्रमी झगड़ा करने पर उतारु हो जाते हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से लेकर पुलिस तक में शिकायत की है।

# पति मारपीट करता था, पत्नी टांके में कूद गई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** शादी के डेढ़ साल बाद विवाहिता ने टांके में कूदकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को टांके से निकलवाया। शव को हॉस्पीटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। घटना बाड़मेर जिले के धोरीमन्ना थाना के आलमसरिया गांव में रविवार रात हुई। पीहर पक्ष के खेमाराम पुत्र केसराराम निवासी लोहारवा, लूखों का नाडा गांव ने धोरीमन्ना थाने में महिला के पति के खिलाफ रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में बताया कि भतीजी नेनू की शादी डेढ़ साल पहले बाबूलाल पुत्र लालाराम निवासी आलमसरिया के साथ की थी। शादी के बाद कुछ समय तक ठीक चलता रहा था। बाद में बाबूलाल ने नेनू के साथ मारपीट शुरू कर दी। कई बार लोगों ने समझाया लेकिन कुछ समय बाद फिर बाबूलाल मारपीट शुरू कर देता। रविवार को भी बाबूलाल ने नेनू से मारपीट की थी। इसके बाद वह रात में घर से निकल गई और खेत में बने टांके में कूदकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह ग्रामीण खेत पर पहुंचे तो टांके में शव और जूतियां पड़ी देखी। उन्होंने धोरीमन्ना पुलिस को सूचना दी। पुलिस कार्यपालक मजिस्ट्रेट को लेकर मौके पर पहुंची। शव को टांके से निकलवाया गया।

**गांव वालों ने पानी में देखा शव और जूतियां**

# जोधपुर पुलिस ने पकड़ी 78 लाख की शराब



**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए ट्रक में भरी हुई 78 लाख की शराब पकड़ी है। यह शराब हरियाणा निर्मित है। पुलिस की नाकाबंदी को देखकर ड्राइवर पहले ही ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस ट्रक को जब्त कर कुड़ी भगतासनी पुलिस थाने लेकर आई है। कुड़ी भगतासनी थानाधिकारी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि सोमवार सुबह थाना पुलिस की ओर से शताब्दी चौराहे के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाड़मेर की तरफ से एक संदिग्ध ट्रक रुका और उसका ड्राइवर ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ड्राइवर का पीछा भी किया लेकिन वह नहीं मिला।

# घर बैठे ऑनलाइन रिव्यू करने का दिया झांसा

## कमाई के नाम पर बनाया शिकार

## खाते से निकाले 91 हजार रुपए



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण की साइबर सेल ने ऑनलाइन रिव्यू करने के नाम पर ठगी के शिकार हुए परिवादी को रुपए रिफंड करवाने में सफलता हासिल की है। ठगों ने उसे वॉट्सऐप पर मैसेज भेज कर ऑनलाइन रिव्यू देकर पैसे कमाने का लालच देकर शिकार बनाया। इसका पता चलने पर परिवादी ने साइबर पोर्टल पर ठगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। ग्रामीण पुलिस साइबर सेल के कांस्टेबल पुखराज और दयालसिंह ने 1930 के जरिए साइबर पुलिस पोर्टल पर दर्ज परिवादी भूरसिंह निवासी खेड़ापा की शिकायत पर यह कार्रवाई की। साइबर सेल की टीम ने बैंक के नोडल अधिकारियों से पत्राचार कर 91 हजार 499 रुपए की राशि बैंक खाता में होल्ड करवाई गई। पुलिस थाना खेड़ापा के कांस्टेबल प्रकाश गोस्वामी व लालूराम ने कोर्ट से रिफंड ऑर्डर करवाकर परिवादी भूर सिंह को राशि रिफंड करवाने में सफलता हासिल की। पुलिस ने आमजन को साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए सावधान रहने और किसी भी प्रकार की साइबर ठगी की घटना होने पर 1930 पर कॉल करने या साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाने की सलाह दी है। पुलिस ने आमजन को ठगी से बचाव के लिए अपने ऑनलाइन अकाउंट नेट बैंकिंग के पासवर्ड किसी से शेयर नहीं करने, सोशल मीडिया अकाउंट पर टू स्टेप वेरिफिकेशन ऑन रखने, अनजान लोगों से आने वाली वीडियो कॉल रिसीव नहीं करने की सलाह दी है।

# जैसलमेर में बारिश की संभावना

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर में सोमवार को आसमान में हल्के बादल छाए। बादलों के छाने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। लेकिन सूरज की तपन से लोग परेशान भी हुए। मौसम में उमस से लोगों का हाल बेहाल है। सभी लोग शहर में बारिश का इंतजार कर रहे हैं मगर मानसून की बारिश नहीं होने से सभी निराश है। मौसम विभाग की माने तो आज और कल मानसून की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार जुलाई के दूसरे पखवाड़े में जिले में मानसून के सक्रिय होने की संभावना है। जिससे जिले में एक बार अच्छी बारिश होने की उम्मीद है। पश्चिमी जिले जैसलमेर में मानसून कमजोर होने के चलते गर्मी का असर दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। जुलाई महीने के 15 दिन बीत जाने के बाद भी मानसून की अभी तक बरसात नहीं हुई है। मई महीने जैसी गर्मी का असर जुलाई महीने में देखने को मिल रहा है। आमतौर पर इन दिनों में बारिश का दौर शुरू हो जाता है।



### आज-कल बारिश की संभावना

मौसम विभाग की मानें तो जुलाई का दूसरा पखवाड़ा भी सूखा निकलने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज और कल मानसून की बारिश की संभावना जताई है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव के अनुसार जुलाई के दूसरे पखवाड़े में जिले में मानसून के सक्रिय होने की संभावना है। जिससे जिले में एक बार अच्छी बारिश होने की उम्मीद है।

# व्यापार जगत

# सोने की कीमत में तेजी, चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में 15 जुलाई को मामूली तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 49 रुपए चढ़कर 72,713 रुपए पर पहुंच गया है। कल इसके दाम 72,664 रुपए प्रति दस ग्राम थे। हालांकि चांदी की कीमतों में आज गिरावट है। एक किलो चांदी 362 रुपए फिसलकर 91,465 रुपए प्रति किलो बिक रही है। इससे पहले चांदी 91,827 रुपए किलो प्रति पर थी। इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति पर पहुंच गई थी।



हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी HUID कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है-AZ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

### इस साल 9 हजार से ज्यादा बढ़ चुके सोने के दाम

इस साल अब तक सोने के दाम 9,361 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़ चुके हैं। साल की शुरुआत में ये 63,352 रुपए पर था। जो अब 72,713 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं चांदी साल की शुरुआत में 73,395 रुपए प्रति किलो पर थी। जो अब 91,465 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यानी, चांदी इस साल 18,070 रुपए बढ़ चुकी है।

### कीमत क्रॉस चेक करें

सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। 24 कैरेट सोने को सबसे शुद्ध सोना माना गया है, लेकिन इसकी ज्वेलरी नहीं बनती, क्योंकि वो बेहद मुलायम होता है।

### कैश पेमेंट न करें, बिल लें

सोना खरीदते वक्त कैश पेमेंट की जगह UPI (जैसे भीम ऐप) और डिजिटल बैंकिंग के जरिए पेमेंट करना अच्छा रहता है। आप चाहें तो डेबिट या क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी पेमेंट कर सकते हैं। इसके बाद बिल लेना न भूलें। यदि ऑनलाइन ऑर्डर किया है तो पैकेजिंग जरूर चेक करें।

# विदेशों में बढ़ी भारत के सामान की मांग

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से महंगाई के आंकड़ों ने सरकार की नींद को उड़ा दी है। रिटेल महंगाई जहां 5 फीसदी से ऊपर पहुंच गई है, वहीं दूसरी ओर थोक महंगाई 16 महीनों के हाई पर है। अब सरकार को राहत देने वाली खबर सामने आई है। भारत ने जून में निर्यात के मोर्चे पर बाजी मारते हुए पिछले साल के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है।




### जून में बढ़ा एक्सपोर्ट और इंपोर्ट

सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश का वस्तुओं का निर्यात जून में 2.56 फीसदी बढ़कर 35.2 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। एक साल पहले इसी महीने में निर्यात 34.32 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के अनुसार, जून में आयात लगभग पांच फीसदी बढ़कर 56.18 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले समान महीने 53.51 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन माह में व्यापार घाटा (आयात और निर्यात का अंतर) 20.98 अरब डॉलर रहा।

### 800 अरब डॉलर पहुंच सकता एक्सपोर्ट

निर्यात आंकड़ों की जानकारी देते हुए वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि मौजूदा रुख को देखते हुए देश का वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात चालू वित्त वर्ष में 800 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है। उन्होंने कहा कि 2024-25 की पहली तिमाही के दौरान वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात लगभग 200 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है। मई में भारत का वस्तुओं का निर्यात 9.1 फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर रहा था, जबकि व्यापार घाटा बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जून के दौरान निर्यात 5.84 प्रतिशत बढ़कर 109.96 अरब डॉलर और आयात 7.6 प्रतिशत बढ़कर 172.23 अरब डॉलर रहा है।

# आपका राशिफल 16 जुलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

# शेयर बाजार का जोश हाई



**नई दिल्ली।** हफ्ते का पहला कारोबारी सत्र भारतीय शेयर बाजार के लिए ऐतिहासिक रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी पहली बार 24,600 के आंकड़े को पार करते हुए 24,635 के आंकड़े तक जा पहुंचा। निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स भई लाइफटाइम को छूने में कामयाब रहा। आज बाजार में फार्मा और एनर्जी शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। बाजार बंद होने पर बीएसई 145.32 अंकों के उछाल के साथ 80,655 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 81.75 अंकों के उछाल के साथ 24,584 अंकों पर बंद हुआ है।

### बाजार का मार्केट कैप ऐतिहासिक हाई पर

भारतीय शेयर बाजार में शानदार तेजी के चलते बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 455 लाख करोड़ को पार करते हुए 455.12 लाख करोड़ रुपए के ऐतिहासिक हाई पर जा पहुंचा, जो पिछले का कारोबारी सत्र में 452.38 लाख करोड़ रुपए रहा था. यानि आज के सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 2.74 लाख करोड़ रुपए का उछाल देखने को मिला है।

# जोमैटो के CEO दीपिंदर गोयल बने बिलेनियर

- कंपनी का शेयर रिकॉर्ड हाई पर
- प्लेटफॉर्म फीस बढ़ने से शेयर्स चढ़े



**मुंबई।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो लिमिटेड के शेयर ने सोमवार को ऑल टाइम हाई बनाया। कंपनी का शेयर 3% की तेजी के साथ 232 रुपए के हाई पर पहुंचा। जोमैटो के फाउंडर दीपिंदर गोयल की कंपनी में हिस्सेदारी की वैल्यू अब 1 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो गई है।

### एक साल में दिया 170% का रिटर्न

जोमैटो के शेयर ने पिछले 5 दिन में 8.08%, एक महीने में 20.21%, 6 महीने में 69.96% और एक साल में 182.88% का रिटर्न दिया है। कंपनी ने जनवरी से अब तक शेयरहोल्डर्स को 69.96% का रिटर्न दिया है। जोमैटो का मार्केट कैपिटलाइजेशन 1.97 लाख करोड़ रुपए है।

### 6 प्लेटफॉर्म फीस का ऐलान

एक दिन पहले यानी 14 जुलाई को जोमैटो और स्विगी दोनों कंपनियों ने प्लेटफॉर्म चार्ज में 20% का इजाफा करने का ऐलान किया था। अब दोनों कंपनियां के कस्टमर्स को हर ऑर्डर पर 6 रुपए प्लेटफॉर्म फीस देनी होगी। जोमैटो और स्विगी दोनों ने बेंगलुरु और दिल्ली जैसे मार्केट्स के लिए यह प्लेटफॉर्म फीस बढ़ाई है। यह पहली बार नहीं जब दोनों कंपनियों ने प्लेटफॉर्म फीस में बढ़ोतरी की है। 3 महीने पहले भी दोनों कंपनियों ने प्लेटफॉर्म फीस बढ़ाकर 5 रुपए की थी। दोनों कंपनियों ने प्रॉफिटेबिलिटी बढ़ाने के लिए यह फैसला लिया है। जोमैटो और स्विगी ने पिछले साल से प्लेटफॉर्म फीस लेना शुरू किया था। तब दोनों कंपनियां शुरुआत में 2 रुपए प्लेटफॉर्म फीस चार्ज करती थीं। बाद में दोनों इसे बढ़ाकर 3 रुपए और फिर 4 रुपए कर दिया था।

# गूगल की सबसे बड़ी डील

## 23 बिलियन डॉलर में इस स्टार्टअप कंपनी को खरीदने की तैयारी

**नई दिल्ली।** गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट इतिहास की सबसे बड़ी डील करने की तैयारी में है। खबरों के अनुसार टेक जगत की दिग्गज कंपनी साइबर सिक्योरिटी सेक्टर की स्टार्टअप कंपनी विज को खरीदने वाली है। यह सौदा 23 बिलियन डॉलर में हो सकता है, जो गूगल के इतिहास की सबसे बड़ी डील होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार अल्फाबेट 23 बिलियन डॉलर में विज को खरीदने का सौदा फाइनल करने के करीब है। इस सौदे के तहत गूगल की पैरेंट कंपनी ज्यादातर भुगतान कैश में करेगी। जल्दी ही इसे अंतिम रूप दिया जा सकता है और उसके बाद सौदे का आधिकारिक ऐलान संभव है।

# सिरोही : साप्ताहिक समीक्षा बैठक



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को डीओआईटी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने, जिले में उनका सफल संचालन करने एवं आंकड़ों को नियमित रूप से अद्यतन रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी आवंटित लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करें।

बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों को नियमित रूप से देखते हुए उनका समयबद्ध रूप से निस्तारण सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने विभिन्न स्तर पर लंबित प्रकरण तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि इन प्रकरणों की गंभीरता को समझते हुए इनका त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने जिले में सम्पूर्णता अभियान की समीक्षा करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, शिक्षा विभाग तथा कृषि के अधिकारियों से अभी तक हुई प्रगति के समीक्षा की तथा आने वाले समय में किए जाने वाले कार्य योजना की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने जिले में वृक्षारोपण महाभियान की समीक्षा करते हुए इस कार्यक्रम में आमजन की सहभागिता बढ़ाने की बात कही तथा संबंधित विभाग जिन्हें वृक्षारोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है, उन्हें आवंटित लक्ष्यों के अनुसार पौधारोपण करने एवं निर्धारित पोर्टल पर सूचना अपलोड करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी बिना सक्षम स्वीकृति के अपना मुख्यालय ना छोड़े एवं विभागीय योजनाओं तथा उनके आंकड़ों के प्रति सदैव अद्यतन रहें। इस दौरान अति. जिला कलेक्टर डा. दिनेश राय सापेला, अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी रणजीत, तहसीलदार देशलाराम, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक संजय तनेजा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजेन्द्र कुमार पुरोहित, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. राजेश कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# नालों की सफाई नहीं होने से कॉलोनियों में पानी घुसने का खतरा

**पोसालिया।** कस्बे के पास से गुजर रही सिंचाई विभाग के नहर में विभाग की ओर से बनाए गए नालों की सफाई नहीं होने से नहर में बबूल की झाड़ियां उग गई हैं। जिससे बारिश में नहर में पानी की आवक तेज होने पर नहर के पानी आगे न जाकर नहर का पानी अवस्पद होकर कॉलोनियों में घुसने का खतरा बना हुआ है। पूर्व उप सरपंच शंकरलाल मीना ने बताया कि कस्बे के पास में होकर गुजर रही सिंचाई विभाग की नहर में नहर के ऊपर लोगों के आने जाने की सुविधा के लिए बनाए गए 4 नाले जो गंदगी व कचरे तीन से अधिक नाले गंदगी व कचरे से बंद हो रहे व नहर में भी फोरलेन से सुकड़ी नदी तक नहर में जगह-जगह कांटेदार बबूल की झाड़ियों उड़ गए हैं। जिसे बारिश में नहर में पानी निकासी चंद होने की संभावना बनी है। लोगों का कहना है कि जैसे ही तेज में बारिश होते ही नहर में पानी की आवक तेज होने से नहर में पानी की सफाई अवस्पद होकर कॉलोनियों व कस्बे में घुसने के संभावना बनी हुई है, जिससे लोगों को बारिश के मौसम में परेशानी होने की संभावना बनी हुई है। लोगों ने बताया कि पहले हर साल सिंचाई विभाग द्वारा नहर की झाड़ियों व नालों की सफाई करवाई जाती थी, जिसे नहर में पानी की सफाई ठीक से होती थी, जिससे किसानों के कुओं का जलस्तर पर प्रभाव पड़ता था मगर विभाग की अनदेखी पिछले कई सालों से समय पर नहर की सफाई व झाड़ियों की कटिंग नहीं होने से नाली निकासी ब्लॉक होने का अंदेशा है।



# दांतराई में चातुर्मास को लेकर आचार्य भंगवतों का नगर प्रवेश कल



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**दांतराई।** कस्बे में जैन समाज की ओर से आयोजित होने वाले चातुर्मास को लेकर बुधवार को आचार्य भंगवत सोमसुंदर सूरीशवर म.सा., आचार्य भगवंत पुण्यसुंदर सुरीशवर म. सा. सहित 50 साधु-साध्वी भगवंतों का गांव मे मंगल प्रवेश होगा। दांतराई जैन संघ अध्यक्ष वसंत कुमार मूथा ने बताया कि जैन समाज की ओर से आयोजित चातुर्मास को लेकर बुधवार को आचार्य भंगवत सोमसुंदर सूरीशवर महाराजा, आचार्य भगवंत पुण्यसुंदर सुरीशवर महाराज सहित 50 साधु-साध्वी भगवंतों का धर्म नगरी के नाम से विख्यात दांतराई में मंगल प्रवेश होगा। दांतराई नगरी में कल्याणरंगी, सोमरंगी चातुर्मास 25 साल बाद आयोजित होने जा रहा है। आचार्य गुरु भगवंतों के मंगल प्रवेश के दौरान जैन समाज की ओर से सामैया कर भव्य स्वागत किया जाएगा। गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए भव्य वरघोड़ा भी निकाला जाएगा। चातुर्मास कार्यक्रम में तीन दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा तथा 2 माह तक चातुर्मास होगा। उस दौरान जैन समाज के बड़ी संख्या में महाराष्ट्र, गुजरात व चेन्नई सहित समाजबंधु कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। आचार्य भंगवतों के मंगल प्रवेश को लेकर लेकर दांतराई कस्बे तैयारियां जोरों पर चल रही है तथा आगामी दोनों में श्री जीरावाला पार्श्वनाथ जैन तीर्थ मंदिर परिसर में आयोजित होने वाली दीक्षा कार्यक्रम को लेकर बुधवार को पांच दीक्षार्थी बहनों का दांतराई मे वर्षीदान वरघोड़ा भी आयोजित होगा, जिसमें दीक्षार्थी अपने हाथों से वर्षीदान करेगी।

# अर्बुदा क्वॉरी के खनन क्षेत्र का ड्रोन से सर्वे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▪ मोरथला में अवैध खनन व ब्लॉस्टिंग का मामला

**आबूरोड।** मोरथला में अर्बुदा क्वॉरी के अवैध खनन व ब्लास्टिंग के मामले में खनन विभाग की ओर से फिर से बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। अधिकारियों ने खनन क्षेत्र का ड्रोन से सर्वे किया। इसके बाद जांच रिपोर्ट तैयार की जाएगी। मोरथला गांव में अर्बुदा क्वॉरी की खनन विभाग की ओर से लगातार जांच की जा रही है। विभाग की ओर से क्वॉरी संचालक सतीश अग्रवाल को नोटिस भी जारी किया गया था। एक महीने में जवाब तलब किया। सूत्रों की मानें तो खनन संचालक की ओर से अवैध खनन व अन्य शिकायतों को निराधार बताया गया। जानकारी के अनुसार खनन संचालक के प्रति उत्तर से अधिकारी असहमत रहे। जिसके चलते एक बार फिर से जांच की कवायद की गई। अधिकारी मोरथला गांव पहुंचे। जहां अर्बुदा क्वॉरी के खनन क्षेत्र का ड्रोन से सर्वे किया गया। सर्वे के दौरान माइनिंग के लिए आवंटित क्षेत्र, क्षेत्र से बाहर किए गए अवैध खनन आदि का सर्वे किया गया। सूत्रों के अनुसार सर्वे की जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। इसके बाद ही आवश्यक कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। इन सबके बीच खनन विभाग का लगातार जांच करना, ड्रोन से सर्वे करना अवैध खनन की आरोपों को अधिक संबल प्रदान करता प्रतीत हो रहा है। फिलहाल, ड्रोन सर्वे की जांच रिपोर्ट के बाद ही अवैध खनन का खुलासा हो सकेगा।

## राजनीतिक अप्रोच

सूत्रों की मानें तो पूरे मामले में राजनीतिक दखल अंदाजी की भी बू आ रही है। जिसके चलते लंबे समय से अवैध खनन और ब्लास्टिंग की शिकायतो को तवज्जो नहीं दी गई। जनसुनवाई में भी मामला उठने व आईएएस अधिकारी द्वारा मामले की तहकीकात करने के आदेश भी राजनीतिक रुआब के चलते फाइलों में दफन होकर रह गए। लेकिन देर से ही सही आखिर खनिज विभाग के कदम से ग्रामीणों में कार्रवाई की उम्मीद जगी है।

# सैनेटरी नेपकीन वितरित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सुदर्शना वीरा केंद्र, महावीर इंटरनेशनल द्वारा वीरा मंजू कोठारी के मानपुर स्थित आवास पर 50 महिलाओं को सैनेटरी नैपकिन्स व उनके साथ आए बच्चों को बिस्किट वितरण किया गया। साथ ही महिलाओं को मासिक धर्म के समय स्वच्छता रखने संबंधी जानकारी दी गई। इस अवसर पर वीरा केंद्र की अध्यक्षा मंजू सिंघल, सचिव अल्का कोठारी, मंजू कोठारी व हेमा सिंघी सहित वीरा केंद्र की कई सदस्याएं उपस्थित थीं।





# 420 नरेगा मजदूरों ने 700 पौधे लगाए

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालंद्री।** मुख्यमंत्री सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालंद्री के खेल मैदान सहित पीईईओ के अधीन समस्त स्कूलों में व ब्रह्मा जी मंदिर के सामने ओरण भूमि पर 420 नरेगा मजदूरों द्वारा 700 पौध लगाएं गए। इस मौके प्रधानाचार्य अमृतलाल माली व ग्राम रोजगार सहायक लीलाराम ने जानकारी देकर बतया की विभिन्न किस्म के 700 पौधे लगाकर इनकी देखरेख की जिम्मेदारी दी गई।

# लॉयंस क्लब का वृक्षारोपण

**शिवगंज।** लॉयंस क्लब सुमेरपुर जवाई के सचिव लायन मितेश जी गोयल के पिताजी समाजसेवी श्री गंगाराम गोयल के जन्मदिवस के उपलक्ष में लॉयंस क्लब सुमेरपुर जवाई और लॉयंस क्लब शिवगंज सुमेरपुर के संयुक्त तत्वावधान में आशापुरा कॉलोनी शिवगंज में सघन एवं सुरक्षित वृक्षारोपण ट्री गार्ड सहित किया गया। जिसमें 10 छायादार एवं फल वाले पौधे, जिसमें पाम ट्री, नारियल, अशोक के पौधे लगाए। क्लब सदस्यों ने गंगाराम जी गोयल को माला पहनाकर जन्मदिन की बधाइयां दीं। क्लब अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर क्लब प्रशासक श्रवण राठी सचिव मितेश गोयल, कोष्याध्यक्ष जोधराज देवड़ा, क्लब के वरिष्ठ साथी दीपक गोयल, सुरेश सिंघल, बद्री प्रसाद गुप्ता, महेश गुप्ता, राकेश अग्रवाल, भूपेंद्र गोयल, संदीप अग्रवाल, नीरू गोयल, रंजना गोयल, लॉयंस क्लब शिवगंज सुमेरपुर के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव दीपक बंसल, अमित शर्मा, अनिल जैन, हीरालाल पालीवाल,बंसीलाल मेवाड़ा, अमृत सुथार, समाजसेवी शरूल गोयल, अंकित गोयल आदि मौजूद रहे।



# नवाखेड़ा दुदेला नाडी के पास पौधारोपण

**पोसालिया।** पोसालिया समीपवर्ती नवा खेड़ा ग्राम उपखंड शिवगंज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आदेश अनुसार सोमवार को भाजपा कार्यकर्ता मनोहर सिंह देवड़ा ग्राम विकास अधिकारी दिलीप टांक मोरली सरपंच संतोष बाई के नेतृत्व में पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया। मनोहर सिंह देवड़ा ने बताया कि नवा खेड़ा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में प्रकृति संवर्धन के लिए शीशम नींबू करजी नींम उभरा पीपल बरगद 200 पेड़ का वृक्षारोपण किया। जिसमें नरेगा श्रमिकों के साथ मिलकर देवड़ा ने पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन पर्यावरण के बिना अधूरा है और प्रत्येक व्यक्ति को पांच-पांच पौधे गोद दिलाए उन पेड़-पौधों की निगरानी निराई गुड़ाई पानी देना के जवाबदारी दी। देवड़ा ने बताया कि जिस तरह से अपने बच्चों को बड़े करते हैं, इस तरह पेड़-पौधों को भी बड़े करने का संकल्प लिया। उस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता मनोहर सिंह देवड़ा, ग्राम विकास अधिकारी दिलीप टांक, मोरली सरपंच संतोष बाई, एलडीसी अमरसिंह राठौड़, रोजगार सहायक ऊकाराम मेघवाल, नरेगा मेट निबाराम, भैराराम, नवाराम, सवाराम, ओबाराम, मोहनलाल मातृशक्ति उपस्थित रहे।



# किया पौधरोपण

**आबूरोड।** मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा चामुंडा माता मंदिर में पौधारोपण किया गया। समिति द्वारा नीलगिरी, जामुन, नीम, तुलसी, नींबू, आंवला, बेलपत्र आदि छायादार पौधे लगाए गए। समिति द्वारा कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर भागीरथ प्रजापत, सचिव पद पर अमित कनोजिया, उपाध्यक्ष पद पर सुरेंद्र गहलोत, कोषाध्यक्ष पद पर प्रकाश सिंह को मनोनीत किया गया। इस दौरान प्रकाश सिंह, कैलाश सिंह, कुणाल बोहरा, सतीश अग्रवाल, पुरषोत्तम मालवीय, राज दत्त जोशी, ओमप्रकाश वैष्णव, रोहित धोक, खुशवंत सिंह भाटी, जितेंद्र कुमार मालवीय, हीरालाल कुमावत आदि उपस्थित थे।



## न्यूज ब्रीफ

### छात्रसंघ चुनाव बहाली को लेकर शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शिवगंज छात्रसंघ चुनाव बहाली को लेकर प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई विनोद जाखड़ के निर्देशानुसार शिवगंज महाविद्यालय में पूर्व NSUI जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट चंपालाल तीरगर के नेतृत्व में उच्च शिक्षा मंत्री के नाम प्राचार्य को ज्ञापन दिया। इस दौरान छात्रसंघ उपाध्यक्ष प्रकाश मीणा ने कहा कि छात्र राजनीतिक युवाओं की प्रथम सीढ़ी है। तीरगर ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव सरकार जल्द करवाने चाहिए। जिसमें युवा राजनीति में आगे बढ़ सके। छात्रनेता हेमंत देवासी ने कहा कि छात्र राजनीति के कारण कई नेता प्रदेश में मुख्यमंत्री, मंत्री विधायक हैं। इस दौरान देवकुमार, श्रवण कुमार, छगनलाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कुत्ते के पिल्ले का सफल ऑपरेशन



**कालंद्री।** कुत्ते के पिल्ले का किया सफल ऑपरेशन। निकटवर्ती मोहब्बत नगर मे श्वान के लोहे का सरिया घुस जाने से ईवेसीरेशन हो गया था, जिसका गली में रहवासी रवि कुमार भील और ईशान राव द्वारा सूचना पर डा. हितेंद्रसिंह और पशुप्रेमी शैलेष डांगी मौके पर जाकर देखा, प्राथमिक उपचार किया फिर श्वान को ऑपरेशन के लिए ब्लॉक स्तरीय पशु चिकित्सालय कालंद्री लाया और सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। ब्लॉक इनचार्ज डा. हितेंद्र सिंह ने बताया कि कुत्ते के उदर के निचले हिस्से से आंतें बाहर आने की सूचना पर शाम को 6 बजे कालंद्री स्थित पशु चिकित्सालय लाया गया। डा. हितेंद्र सिंह तथा डा. भरत बंधु ने कुत्ते का सफलतापूर्वक ऑपरेशन जनरल एनस्थिसिया मे किया गया। इस दौरान वैंकटेश कुमावत ओमप्रकाश, गजेन्द्र सिंह, और स्ट्रे एनिमल क्योर फाउंडेशन के शैलेष डांगी और नवीन टेलर का सहयोग रहा।

# आरएमजीबी को पीएफआरडीए ने किया पुरस्कृत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक को केंद्र सरकार की प्रसिद्ध अटल




पेंशन योजना में सर्वाधिक पंजीकरण करवाने के लिए पीएफआरडीए द्वारा दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में पुरस्कृत किया गया। महाप्रबंधक धीरेन्द्र जीनगर ने बताया कि बैंक की तरफ से अध्यक्ष मुकेश भारतीय ने पीएफआरडीए के अध्यक्ष डा. दीपक मोहंती से सम्मान ग्रहण किया। बैंक ने "बीटद बेस्ट एन्ड बीद बेस्ट एवं सर्कल ऑफ एक्सीलेंस" श्रेणी में सर्वोच्च प्रदर्शन कर सम्मान प्राप्त किया हैं।

भारतीय ने अपने उदबोधन में अटल पेंशन योजना में पंजीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना की जागरुकता फैलाने के साथ ही अपनी शाखाओं एवं बैंक मित्रों के माध्यम से पंजीयन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैं, बैंक द्वारा इस कार्य हेतु "अटल ग्राम अभियान" भी चलाया गया है। जिससे अधिकतम निवासियों को इस योजना का लाभ प्राप्त हो सके। बैंक की सभी 718 शाखाओं एवं तीन हजार से अधिक बैंक मित्र केंद्रों पर सरकार की सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है।

# विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरोही में सोमवार को विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी राजूसिंह चैहान ने विश्व युवा कौशल दिवस के दिन हरी इण्डी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया गया। सिरोही आई.टी.आई. के प्रशिक्षणार्थियों एवं आरएसएलडीसी के प्रशिक्षणार्थियों ने प्रभात फेरी में भाग लिया। आरएसएलडीसी जिला कौशल समन्वयक प्रवीण कुमार ने जिले के स्थानीय स्किल आइकन और ब्राड एम्बेसेडर के साथ बातचीत कौशल नियोजन उद्यमिता सबंधी वीडियो की स्क्रीनिंग कॅरियर कॉउंसलिंग एवं स्किल कोर्सेस की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मॉडल कॅरियर सेंटर राहुल पारीक ने प्रशिक्षणार्थियों को मॉटिवेट किया एवं कम्युनिकेशन स्किल और एनसीएस पॉर्टल के बारे में बताया। संस्थान के कनिष्ठ अनुदेशक कपुराराम ने प्रशिक्षणार्थियों को कार्य स्थल पर सुरक्षा मापदण्डों का कुशलता पूर्वक प्रयोग करने के टिप्स दिए एवं मार्गदर्शित किया। जिला मुख्यालय आई.टी.आई. में सहायक प्रशासनिक अधिकारी प्रेमाराम गरासिया, कनिष्ठ अनुदेशक कपुराराम, आरएसएलडीसी जिला कौशल समन्वयक प्रवीण कुमार और राहुल पारीक ने प्रशिक्षणार्थियों के साथ वृक्षारोपण का कार्य किया। संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों के स्किल्स विषय पर भाषण, खेल-कूद प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




# जीवन सारथी संस्थान बांटी सामग्री

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**रेवदर।** जीवन सारथी संस्थान रेवदर द्वारा जनसहयोग से लगातार विविध क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों को निस्वार्थ भाव से किया जा रहा है। संस्थान द्वारा लगातार लंबे समय से क्षेत्र की राजकीय स्कूलों में पाठ्यपुस्तक वितरण अभियान के तहत सामग्री का वितरण कर रही है। अभियान के तहत जनसहयोग से राजकीय प्राथमिक विद्यालय खजूरिया नाड़ी बासन में संस्थान ने पाठ्यपुस्तक सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय के पचास बच्चों को वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय के रमेश कोली, दशरथ पुरोहित, फतेहसिंह, संस्थान के अध्यक्ष बलवंत मेघवाल, विक्रम मेघवाल, कमलेश, राहुल जोशी, जितेंद्र धर्मानी, जयंती कोली, धीरज संत उपस्थित रहे।

# 23 मरीजों की स्वास्थ्य जांच

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**आबूरोड।** एम्स जोधपुर के अधीन संचालित दानवाव में जनजातीय स्वास्थ्य एवं अनुसंधान केंद्र टेली मेडिसिन सेंटर के तत्वावधान में प्लास्टिक सर्जरी का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व प्लास्टिक सर्जरी के बारे में जानकारी दी गई। एम्स जोधपुर के डा. प्रकाशचन्द्र काला, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी के विभागाध्यक्ष डा. मर्दुल गुप्ता, डा. आशाराम द्वारा कटे होंठ एवं तालू, चेहरे की विकृतियां, हाथों की जन्मजात विकृतिया, टेढ़े-मेढ़े हाथ एवं पैर, जन्मजात जननांगों की विकृति, जलने के बाद की विकृतियों का इलाज, पांवों के घावों का इलाज, स्तन की विकृतियां, नाक-कान की विकृतियां, चर्बी को हटाना, बाल लगाना, चोट के निशान हटाने के 23 मरीजों का स्वास्थ्य जांच की।

# श्री गोकुल मित्र मंडल की बैठक

**शिवगंज।** श्री गोकुल मित्र मंडल शिवगंज की बैठक शहर के केरलेशवर महादेव मंदिर में रखी गई जिसमें श्री गोकुल मित्र मंडल के नवीन कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से गोविंद माली को अध्यक्ष, माली अर्जुन गहलोत को उपाध्यक्ष, मनीष सोनी को कोषाध्यक्ष, सतीश चौहान को मंत्री, राणु गोस्वामी को संयोजक व सदस्य के रूप में अशोक चौहान, मुकेश कुमावत, दिलीप भारती, दिलीप सोनी, नकुल त्रिवेदी, दुष्यंत वैष्णव, संजय सुथार, किशोर कोलीवाडा, रतन सुथार, महेंद्र सुथार, सुरेश प्रजापत, राजू भाई, मयूर दत्ता को मंडल का सदस्य बनाया गया। बैठक में कृष्ण जन्माष्टमी बड़ी धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया। जिसमें 25 अगस्त को महिला भजन संध्या रखी गई है।

# डेविड वॉर्नर ने ले लिया परमानेंट रिटायरमेंट



## नहीं खेलेंगे चैंपियंस ट्रॉफी; चीफ सिलेक्टर ने की पुष्टि

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के चीफ सिलेक्टर जॉर्ज बेली ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि डेविड वॉर्नर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से परमानेंट रिटायरमेंट ले लिया है। यही वजह है कि अगले साल पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनके नाम पर विचार में नहीं किया जाएगा। वॉर्नर ने पिछले साल ही इस बात की पुष्टि कर दी थी कि उनका टी20 वर्ल्ड कप 2024 आखिरी टूर्नामेंट होगा, क्योंकि जनवरी 2024 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उनका आखिरी वनडे इंटरनेशनल मैच वर्ल्ड कप 2023 फाइनल था। हालांकि उन्होंने कई बार ये कहा था कि अगर बोर्ड चाहेगा तो वे आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने के लिए तैयार रहेंगे, लेकिन अब चीफ सिलेक्टर ने उनसे आगे बढ़ गए हैं। दरअसल, पिछले महीने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खुद के और टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के साथ उनका टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त हो गया था और अब कुछ दिन पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा था, "मैं फ्रेंचाइजी क्रिकेट कुछ समय तक खेलता रहूंगा और अगर मुझे टीम में चुना जाता है तो मैं ऑस्ट्रेलिया के लिए चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए तैयार हूं।" हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के नेशनल सिलेक्टर और पूर्व क्रिकेटर जॉर्ज बेली ने पुष्टि कर दी है कि वॉर्नर ऑस्ट्रेलिया मैनेजमेंट की योजनाओं में नहीं हैं, क्योंकि हम टूर्नामेंट की तैयारी शुरू कर चुके हैं।

### जॉर्ज बेली को कोट करते लिखा

ईएसपीएनक्रिकइंफो ने जॉर्ज बेली को कोट करते हुए लिखा, "हमारी समझ यह है कि डेविड रिटायर हो चुके हैं और तीनों प्रारूपों में उनके अविश्वसनीय करियर के लिए उनकी सराहना की जानी चाहिए। निश्चित रूप से हमारी योजना यह है कि वह पाकिस्तान में नहीं होंगे। आप कभी नहीं जान सकते कि वह कब मजाक करते हैं। मुझे लगता है कि वह बस थोड़ा सा मसाला पैदा कर रहा है। उसका करियर शानदार रहा है, उसको जश्न मनाना चाहिए।

### युवा खिलाड़ियों को किया शामिल

चीफ सिलेक्टर ने आगे कहा, "जहां तक इस टीम की बात है और कुछ अलग खिलाड़ियों के साथ बदलाव की यात्रा तीनों प्रारूपों में रोमांचक होने जा रही है।" ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ खेली जाने वाली सीमित ओवरों की सीरीज के लिए टीम का चयन किया है, जिसमें कुछ नए और युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। डेविड वॉर्नर के उत्तराधिकारी कहे जा रहे जैक फ्रेजर मैकगर्क को भी टीम में जगह दी गई है।

# भारतीय क्रिकेट में बहुत गहराई : राठौड़

**नई दिल्ली।** निवर्तमान बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ को पता है कि निकट भविष्य में बदलाव का मुश्किल दौर भारत का इंतजार कर रहा है लेकिन उपलब्ध प्रतिभावान खिलाड़ियों के साथ काम करने के बाद उनका मानना है कि टीम इससे निपटने में सक्षम है, बशर्ते यह 'नियंत्रित तरीके से और धीरे-धीरे' होना चाहिए।



विराट कोहली और रोहित शर्मा फिलहाल एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे लेकिन अगले कुछ वर्षों में बदलाव का दौर आएगा जब ये अपने करियर के अंतिम चरण में होंगे। पूर्व चयनकर्ता राठौड़ ने कहा, 'रोहित और विराट की क्षमता के खिलाड़ियों की जगह लेना कभी आसान नहीं होता। रविवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ संपन्न श्रृंखला हमें संकेत देती है कि भविष्य में टी20 टीम कैसी दिखेगी। लेकिन टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उस बिंदू तक पहुंचने के लिए हमारे पास अब भी कुछ वर्ष हैं।' राठौड़ भारतीय क्रिकेट टीम के प्रतिभा पूल को मजबूत मानते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इसे लेकर बहुत चिंतित नहीं हूं। भारतीय क्रिकेट में बहुत गहराई है। बहुत सारे प्रतिभाशाली और कुशल खिलाड़ी हैं, जो सामने आ रहे हैं।

# स्कॉटलैंड और इंग्लैंड दौरे को टीम ऑस्ट्रेलिया का ऐलान

## जैक फ्रेजर समेत इन युवाओं की चमकी किस्मत



**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सितंबर में होने वाले यूके दौरे के लिए स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। इस टूर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम को स्क्वॉटलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ कुल 11 लिमिटेड ओवर मैच खेलने है। ऑस्ट्रेलिया के यूके दौरे का आगाज स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन मैच की टी20 सीरीज के साथ होगा। इसके बाद कंगारू इंग्लैंड के खिलाफ इतने ही मैच की टी20 सीरीज के अलावा 5 मैच की वनडे सीरीज खेलेंगे। इस टूर पर कूपर कोनोली और जैक फ्रेजर जैसे युवा खिलाड़ियों की किस्मत चमकी है, वहीं पैट कमिंस जैसे सीनियर खिलाड़ी को आराम दिया गया है। मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल का चयन भी सिर्फ इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए हुआ है। दो घरेलू टी20 टूर्नामेंट में धमाकेदार परफॉर्मेंस देने के बाद 20 साल के कूपर कोनोली को यूके टूर पर टी20 टीम में जगह मिली है। जेक फ्रेजर को वनडे और टी20 दोनों टीम में शामिल किया गया है। फ्रेजर को डेविड वॉर्नर के रिप्लेसमेंट के रूप में देखा जा रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया टी20 टीम

मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्कस स्टोइनिस, एडम जाम्पा

### ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम

मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लैबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, एडम जाम्पा

# भारत का जिम्बाब्वे दौरा खत्म, अब इस देश से अगली सीरीज

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया का जिम्बाब्वे दौरा 4-1 की जीत के साथ खत्म हो गया। भारत की शुरुआत इस टूर पर एक उलटफेर के साथ हुई थी, मगर शुभमन गिल की अगुवाई वाली 'युवा ब्रिगेड' ने जल्द ही अपनी गलतियों को सुधारा और जीत का चौका लगाते हुए सीरीज पर कब्जा जमाया। अब टीम इंडिया को श्रीलंका दौरा करना है, जहां नए कप्तान, नए कोच और एक बदली हुई टीम के साथ भारत उतरेगा। रोहित शर्मा के टी20I से रिटायरमेंट लेने के बाद बीसीसीआई इस टूर से ही टीम इंडिया के नए टी20 कप्तान का ऐलान कर सकता है। वहीं गौतम गंभीर बतौर हेड कोच इस टूर से अपना डेब्यू करेंगे। भारत के श्रीलंका दौरे का आगाज 27 जुलाई से होना है, पहले यह टूर 26 जुलाई से शुरू होना था, मगर बीसीसीआई ने कुछ दिन पहले शेड्यूल में बदलाव का ऐलान किया। टीम इंडिया को श्रीलंका दौरे पर तीन मैच की टी20 सीरीज के अलावा इतने ही मैच की वनडे सीरीज भी खेलनी है। बीसीसीआई श्रीलंका टूर के लिए इस हफ्ते टीम का ऐलान कर सकता है। कयास लगाए जा रहे हैं श्रीलंका दौरे पर हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव और अर्शदीप सिंह जैसे नियमित टी20 खिलाड़ियों की वापसी हो सकती है। वहीं हार्दिक को बीसीसीआई पर्मानेंट कप्तान भी बना सकती है। सीनियर खिलाड़ियों की वापसी से जिम्बाब्वे दौरे पर गए 15 खिलाड़ियों के स्क्वॉड में से कई प्लेयर्स का पत्ता कट सकता है। जिम्बाब्वे दौरे पर गए यशस्वी, संजू सैमसन, रिंकू सिंह और शिवम का तो श्रीलंका दौरे पर जाना भी लगभग तय है। मगर किन खिलाड़ियों को इस टूर पर मौका मिलता है, वो देखने वाली बात होगी।



वनडे और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर सामने आया रोहित शर्मा का बड़ा बयान

# आप मुझे कुछ समय तक खेलते देखेंगे

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट के स्टार कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी अगुवाई में भारतीय टीम को पिछले महीने ब्रिजटाउन में आयोजित टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब दिलाया था। भारत ने फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर इतिहास रचा। इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद रोहित ने बड़ा फैसला लिया। रोहित शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया। अब टी20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट के बाद रोहित शर्मा के वनडे और टेस्ट करियर पर भी बात की जा रही है। बता दें कि रोहित 37 साल के हो चुके हैं, ऐसे में वो अब कब तक क्रिकेट खेल पाते हैं, ये एक बड़ा सवाल है। रविवार को डलास में एक कार्यक्रम के दौरान रोहित से रिटायरमेंट से जुड़ा सवाल पूछा गया, जिसके जवाब में उन्होंने कहा वह ऐसे शख्स नहीं हैं जो बहुत आगे के बारे में सोचते हैं, लेकिन अभी भी उनमें बहुत कुछ बाकी है।

### अगले साल फरवरी-मार्च में चैम्पियंस ट्रॉफी



- रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है। बाद में इस फॉर्मेट से संन्यास लेने वालों की लिस्ट में रवींद्र जडेजा भी शमिल हुए थे। इससे पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप सत्र और अगले साल फरवरी-मार्च में चैम्पियंस ट्रॉफी में रोहित ही भारत के कप्तान होंगे। हालांकि इससे पहले भी उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारत की कप्तानी की थी, जहां भारत ने सेमीफाइनल में पहुंचकर ब्रिटेन के हाथों हारी थी। इसके बाद 2023 में हुए 50 ओवरों के विश्व कप में भारत की टीम फाइनल में टीम आस्ट्रेलिया से हार गई थी। 2007 में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले रोहित को अब तक आयोजित हर टी20 वर्ल्ड कप में खेलने वाले एक मात्र भारतीय क्रिकेटर होने का अनूठा गौरव प्राप्त है। रोहित ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 8 मैचों में 257 रन बनाए, जो भारतीय खलिाड़ी के लहिाज से सबसे ज्यादा रहे।

# कोहली की ओलंपिक भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार विराट कोहली ने देशवासियों से भारत के ओलंपिक दल की हौसला अफजाई का आग्रह करते हुए कहा कि 26 जुलाई से पेरिस में शुरू हो रहे ओलंपिक में पदक के लिए जोर आजमाइश करने जा रहे खिलाड़ियों का उनके साथ सभी समर्थन करें। सोशल मीडिया पर करीब एक मिनट के वीडियो में कोहली ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत को खेलों की महाशक्ति के रूप में जाना जाए। वीडियो में ओलंपिक में भारत की पदक उम्मीद भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निशांत देव शामिल है। कोहली ने कहा, 'एक समय था, जब दुनिया भारत को संपेरों और हाथियों के देश के रूप में जानती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब हम दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और सूचना प्रौद्योगिकी का केंद्र हैं।' उन्होंने कहा, 'हम क्रिकेट और बॉलीवुड के लिए स्टार्ट अप यूनिकॉर्न और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए जाने जाते हैं। अब इस महान देश के लिए अगली बड़ी बात क्या होगी। ज्यादा से ज्यादा स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक।' उन्होंने खेलप्रेमियों से 118 सदस्यीय भारतीय दल का समर्थन करने के लिए कहा तो तोक्यो ओलंपिक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर करना चाहेंगे। कोहली ने कहा, 'हमारे भाई-बहन पदक जीतने पेरिस जा रहे हैं। भारतवासी रोमांच के साथ उन पर नजरें गड़ाएं होंगे, जब वे ट्रैक और फील्ड, कोर्ट या रिंग में उतरेंगे।'

## म नो रं ज न

# ब्रेस्ट कैंसर से लड़ रही हिना काम पर लौटीं

एक्ट्रेस हिना खान इस वक्त अपने ब्रेस्ट कैंसर के कारण खबरों में छाई हुई हैं। उन्होंने अब तक अपने कीमो से लेकर मां को इस बीमारी के कारण लगे सदम तक सब कुछ सोशल मीडिया पर फैंस को बताया है। अब उन्होंने अपने एक और लेटेस्ट पोस्ट किया है, जिसमें वह तीसरे स्टेज के कैंसर से पीड़ित होने के बाद पहले शूट पर जा रही हैं। उन्होंने लंबा-चौड़ा पोस्ट किया है और तैयार होने के दौरान का वीडियो भी शेयर किया है। हिना खान ने अपने बाल छोटे कर लिए हैं। वह शूट के लिए अपने कीमो के निशान को छिपाने की कोशिश कर रही हैं। इतना ही नहीं, विग भी पहना है, जो साधना कट स्टाइल में है। इस वीडियो के साथ कैप्शन लिखा, 'मेरे डायग्नोसिस के बाद मेरा पहला वर्क असाइनमेंट। जब जीवन की सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़े तो बातों के हिसाब से चलना और चैलेंजिंग हो जाता है। इसलिए बुरे दिनों में खुद को आराम दें। क्योंकि ऐसा करना ही सही है। आप ये डिजर्व करते हैं। हालांकि अच्छे दिनों में अपना जीवन जीना भी न भूलें। चाहे वो कितना भी कम हो। ये दिन आज भी मायने रखते हैं। बदलाव को अपनाएं। अंतर को अपनाएं और इसे नॉर्मलाइज करें।' हिना खान ने आगे लिखा, 'मैं अपने अच्छे दिन का इतजार कर रही हूं। क्योंकि मुझे तब वो करने को मिलेगा, जो मुझे करना अच्छा लगता है और वो है काम। मुझे अपना काम बहुत पसंद है। जब मैं काम करती हूं तो अपने सपनों को जीती हूं। यही मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। मैं काम करते रहना चाहती हूं। कई लोग बिना किसी समस्या के अपने इलाज के दौरान रोजाना नौकरी करते हैं और मैं कोई अलग नहीं हूं। मैं भी इन महीनों में कुछ लोगों से मिली और मेरे यकीन मानो, उन्होंने मेरा नजरिया ही बदल दिया।' हिना खान ने बताया, 'आपकी जानकारी के लिए मैं इलाज तो करा रही हूं लेकिन मैं हमेशा अस्पताल में नहीं रहती हूं। यह आपकी लाइफ है। आप तय करिए कि इसे अपको कैसे जीना है।'





मिसेज का इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2024 में होगा प्रीमियर

# आस्ट्रेलिया जाएंगी सान्या



इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2024 (IFFM) सान्या मल्होत्रा अभिनीत अपनी मुख्य किरदारों वाली फिल्मों में से एक "मिसेज" का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। आरती कदव द्वारा निर्देशित फिल्म का IFFM में ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर होगा। इस कार्यक्रम में सान्या मल्होत्रा और निर्देशक आरती कदव दोनों शामिल होने वाले हैं। "मिसेज" एक महिला के जटिल जीवन पर प्रकाश डालती है, जिसका किरदार सान्या मल्होत्रा ने निभाया है, जो एक प्रशिक्षित डांसर और डांस टीचर है। अपनी शादी के बाद वह अपना रास्ता खोजने का प्रयास करते हुए एक पत्नी होने की चुनौतियों का सामना करती है। यह फिल्म उसके वैवाहिक जीवन पर थोपी गई सामाजिक अपेक्षाओं के बीच उसकी आत्म-अभिव्यक्ति की यात्रा की पड़ताल करती है। यह फिल्म समीक्षकों द्वारा प्रशंसित मलयालम फिल्म "द ग्रेट इंडियन किचन" का हिंदी रीमेक है और इसमें कंवलजीत सिंह और निशांत दहिया भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बावेजा स्टूडियोज के सहयोग से जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत "मिसेज" का निर्माण ज्योति देशपांडे, पम्मी बावेजा और हरमन बावेजा द्वारा किया गया है। सान्या ने पहले न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता था और IFFM 2024 के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री श्रेणी के लिए नामांकन भी हासिल किया है। फिल्म के ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर के बारे में बात करते हुए सान्या मल्होत्रा ने अपना उत्साह व्यक्त किया, "मैं रोमांचित और सम्मानित महसूस कर रही हूं कि 'मिसेज' का ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में होगा। यह फिल्म मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से खास है क्योंकि यह कहानी समाज की अपेक्षाओं के बीच अपनी आवाज़ खोजने की कोशिश कर रही एक महिला की यात्रा। आरती कदव और पूरी टीम के साथ काम करना एक गहरा अनुभव रहा है, मेरा मानना है कि कहानी हर जगह के दर्शकों को पसंद आएगी और मैं इसे साझा करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। दर्शकों के लिए यह महोत्सव हमेशा विविध कथाओं का जश्न मनाने का एक महत्वपूर्ण मंच रहा है।

# कटरीना की प्रेग्नेंसी पर पहली बार बोले विकी



बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ बीते काफी वक्त से अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। कटरीना की प्रेग्नेंसी की खबरें उस वक्त सामने आना शुरू हुईं, जब वो अपने पति विकी कौशल संग लंदन में छुट्टी मना रही थीं और उस दौरान की कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर सामने आई थीं। इसके बाद लोगों ने उनके प्रेग्नेंट होने की बात करनी शुरू कर दी। इसके बाद वो जब भी कहीं पर ढीले कपड़ों में स्पॉट होती हैं तो लोगों का शक और भी गहरा होने लगता है। ऐसे में अब पहली बार पत्नी कटरीना की प्रेग्नेंसी पर विकी कौशल ने चुप्पी तोड़ी है। विकी कौशल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'बैड न्यूज' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। विकी और फिल्म की पूरी टीम इस वक्त प्रमोशन में बिजी है। ऐसे में पैपराजी ने विकी से एक इवेंट में कटरीना कैफ की प्रेग्नेंसी को लेकर सवाल किया। इस पर पहली बार विकी कौशल ने जवाब देते हुए कहा-इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है, जिस दिन सही वक्त आएगा मैं खुद ये खुशखबरी आपके साथ शेयर करूंगा, लेकिन अभी आप 'बैड न्यूज' को एंजॉय कीजिए। इस खबर से साफ हो गया है कि कटरीना फिल्हाल प्रेग्नेंट नहीं हैं। बता दें कि हाल ही में कटरीना कैफ और विकी कौशल अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में शामिल हुए थे। इस दौरान कटरीना लाल रंग की साड़ी में बला की खूबसूरत लग रही थीं। वहीं, विकी ने क्रीम कलर का कुर्ता पायजामा पहना हुआ था। दोनों की जोड़ी काफी खूबसूरत नजर आई थी। इस दौरान भी कटरीना को देखकर लोगों ने उनके प्रेग्नेंट की बात कही थी।

# शरवरी अल्फा की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार!

बॉलीवुड की उभरती स्टार शरवरी जल्द ही अपनी अगली फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग शुरू करने वाली हैं, जो कि YRF स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म में वे सुपरस्टार आलिया भट्ट के साथ काम कर रही हैं। 'अल्फा' की शूटिंग शुरू करने से कुछ दिन पहले, शरवरी ने सोशल मीडिया पर जबरदस्त फिटनेस गोल्स देते हुए मंडे मोटिवेशन का डोज दिया! शरवरी ने अपने फैंस और इंटरनेट पर लोगों से आग्रह किया कि वे कभी भी सोमवार का वर्कआउट मिस न करें, और इसके लिए उन्होंने अपनी कुछ शानदार तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वे बेहद फिट और तंदुरुस्त दिख रही हैं! शरवरी जल्द ही निखिल आडवाणी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वेदा.' और फिर आदित्य चोपड़ा की 'अल्फा' में दिखाई देंगी।



# शादी पर पहली बार बोलीं सोनाक्षी सिन्हा



सोनाक्षी सिन्हा का इश्क मुक्कमल हो चुका है। वह जहीर इकबाल की वाइफ बन चुकी हैं। उनकी शादी के दौरान कई तरह की कॉन्ट्रोवर्सीज चलती रहीं। सोनाक्षी सिर्फ इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दिल की बात लिखती रहीं और सबको बताया कि वह काफी खुश हैं। अब एक इंटरव्यू के दौरान वह अपनी शादी पर बोली हैं। उन्होंने बताया कि शादी करीबियों के बीच करनी है, यह प्लान हमेशा से था। सोनाक्षी ने उस खबर की भी पुष्टि की कि उनकी शादी में कुछ लोग बिना बुलाए घुस आए थे। सोनाक्षी ने काकुड़ा फिल्म के प्रमोशन के दौरान न्यूज18 को बताया, इंटीमेट शादी होगी यह प्लान हमेशा ही था। हम दोनों ऐसी ही शादी चाहते थे। जहीर और मैं इस बात के लिए हमेशा बहुत क्लीयर थे कि हमारी शादी में हम दोनों का व्यक्तित्व, हमारा बॉन्ड, हमारा एक-दूसरे के लिए प्यार सब रिफलेक्ट होना चाहिए। सोनाक्षी ने बताया कि वह और जहीर चाहते थे कि शादी में शामिल होने वाले सभी लोगों को मजा आए। ऐसा हुआ भी। सोनाक्षी की शादी के बाद सुशांत दिव्गिकर का पोस्ट वायरल था जिसमें सिलेब की शादी में गेटक्रैश की बात कही गई थी। सोनाक्षी ने इस बात की पुष्टि की।

# शिक्षा से ही संभव है सम्पूर्ण विकास : कुमावत

## बूसी गांव में भामाशाह द्वारा नवनिर्मित बालिका विद्यालय का हुआ लोकार्पण






**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** रानी उपखंड क्षेत्र स्थित बूसी गांव में अम्बे मां चेरिटेबल ट्रस्ट एवं बोहरा परिवार की ओर से नवनिर्मित अम्बिका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का समारोह पूर्वक फीता काट लोकार्पण किया गया। उदघाटन पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भामाशाहों एवं अतिथियों द्वारा विद्यालय की प्रतीकात्मक चाबी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सौंपकर बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के अतिथि पशुपालन, डेयरी, गोपालन, देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मनुष्य के जीवन में जितना महत्व हवा, पानी, भोजन व कपड़े का है उससे कहीं अधिक महत्व शिक्षा का है। वर्तमान में यदि शिक्षा का स्तर ऊंचा होगा तो जिला ही नहीं परा राज्य विकास के नए आयामों को चुमेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय गांव के सभी बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ें इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि शिक्षा मंदिर निर्माण के लिए भामाशाह का प्रयास बेहद सराहनीय है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा किया गया प्रयास निश्चित रूप से सफल साबित होगा। विद्यालय निर्माण से बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा। राज्य सभा सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि अमूमन ऐसा देखा गया है कि कई गांवों में उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालय नहीं होने के कारण बालिकाओं को बीच में ही अपनी शिक्षा को छोड़ दिया जाता है जिससे उनके जीवन की सफलता पर पूर्णतया विराम लग जाता है। भामाशाह द्वारा विद्यालय निर्माण के कारण इनके सपनें निश्चित रूप से पूर्ण होंगे और वे जीवन में सफलता हासिल करेंगे। सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि शिक्षा हमें ज्ञान और कौशल से सुसज्जित करती है। देश के विकास में शिक्षा अहम कड़ी है। क्यों कि शिक्षा के बिना व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भामाशाह परिवार की ओर से गांव की बेटियों के लिए निःशुल्क शिक्षा के लिए जो भवन उपलब्ध करवाया गया है उसे युगो युगों तक दुनिया याद रखेगी। भामाशाह मोहनलाल बोहरा ने कहा कि विद्यालय भवन जीर्णशीण होने के कारण विद्या अर्जन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में अम्बे मां चेरिटेबल ट्रस्ट की तीन पीढ़ियों द्वारा महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी सुविधाओं युक्त विद्यालय भवन का निर्माण करवाया गया है। जिसमें 23 विशाल कक्षा-कक्ष, दो बड़े सभागार, कम्प्यूटर लेब, डिजीटल साक्षरता, विज्ञान प्रयोगशाला, भौतिक विज्ञान, रसादय विज्ञान, जीव विज्ञान की प्रयोगशालाओं के साथ ही स्वच्छ शौचालय बनवाए गए। उन्होंने कहा कि गांव की बेटियों का भविष्य उज्जवल एवं सुदृढ होगा तभी गांव, देश व प्रदेश की उन्नति होगी।

### यह भी रहे मौज़ूद

इस मौके पर भामाशाह परिवार के कांतिलाल, पारसमल, जयंतीलाल, भंवरलाल, मदनलाल, वनराज, प्रकाशचन्द्र, विनोद कुमार, गौतमचंद, संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा मण्डल चन्द्रप्रकाश जयसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राहुल राजपुरोहित, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रानी समेत ग्रामीण व भामाशाह परिवार मौजूद रहे। कार्य' म संचालन उदघोषक ओम आचार्य एवं एंकर अनिल मारू द्वारा किया गया।

# फंदा लगा की आत्महत्या

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** पेट दर्द से परेशान एक नाबालिग बालिका ने घर में फांसी का फंदा जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के वक्त परिवार के लोग शादी समारोह में गए हुए थे। पुलिस के अनुसार आद्योगिक थानाक्षेत्र के बाबा रामदेव कॉलोनी निवासी परिवार के लोग घर पहुंचे तो तरुणा को फंदे पर झूलता देखा तो सभी के होश उड़ गए। तत्काल उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है।

# मारपीट में युवक घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर नगर निवासी एक युवक को कुछ असामाजिक तत्वों ने शराब के लिए रुपए नहीं देने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार अंबेड़कर निवासी सुनीलकुमार से शराब के लिए कुछ युवकों ने पैसे मांगे। नहीं देने पर सरियों व लाठियों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को बांगड़ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# मिस्टर पर्व एवं स्नेक्स हब आउटलेट का शुभारम्भ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादड़ी।** अचार व स्नैक्स प्रोडक्ट के क्षेत्र मे अलग पहचान रखने वाले ऑटोबा ब्रांड अचार एवं मसाले के साथ मिस्टर पर्व ब्रांड के अनेक स्नैक्स व कॉन्फेक्शनरी प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग कंपनी पर्व मार्केटिंग ने अब रिटेल आउटलेट की शुरुआत की है। जिसमें मुख्य रूप से ऑटोबा अचार के साथ खाखरा, नमकीन, वेफर, पापड़, मुखवास, फ्रुट केन्डी के साथ स्नेक्स आइटम की भरपुर रेंज को ग्राहकों के लिए स्नेक्स हब के रूप मे तैयार किया गया है। देश के कई राज्यों में अपनी मार्केटिंग व क्वालिटी के दम पर पहचान बनाने के बाद अब अपने कस्बे सादड़ी में प्रथम रिटेल आउटलेट से इसकी शुरुआत कर ग्राहकों को एक ही जगह पर सम्पूर्ण आयोजन ओर त्योहारों पर उपयोग में ली जाने वाली सभी तरह की सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी। जिससे ग्राहकों को अलग अलग वस्तु के लिए अलग अलग स्थानों पर भटकने से राहत मिलेगी।

# फलदार व छायादार पौधरोपण कर करें संरक्षण : कुमावत



## » एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुंदोज, हेमावास व बल्दों की ढ़ाणी में रोपे पौधे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** मुख्यमंत्री पौधरोपण अभियान जन जागरण कार्य योजना एवं एक पेड़ मां के नाम कार्य' म के तहत सोमवार को पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने पाली पंचायत समिति के हेमावास, गुंदोज एवं गिरादड़ा क्षेत्र में पौधरोपरण कर उनके संरक्षण का जिम्मा सौंपा। गुंदोज गांव में आयोजित कार्य' म में कुमावत ने फलदार व छायादार पौधे लगाकर आमजन को उनके संरक्षण करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि सभी को एक पेड़ अपने माता पिता के नाम से लगाना चाहिए। क्योकि मां से बढ़कर इस दुनिया में कोई नहीं होता। उन्होंने कहा कि यदि एक पौधा उचित संरक्षण पाकर पेड़ का रूप धारण करता है तो वह सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसी तरह गिरादड़ा पंचायत के बल्दों की ढाणी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित पौधरोपण कार्य' म में उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने से बहुत सारे फायदे होते है, पौधरोपण से न केवल पर्यावरण संतुलित होगा बल्कि भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन भी मिलेगी। वर्तमान समय में भीषण गर्मी के कारण तापमान 50 डिग्री से भी ऊपर जा रहा है यदि यही हालात रहे तो मनुष्य बढ़ते तापमान को सहन नहीं कर पाएगा। हेमावास गांव में आयोजित पौधरोपण कार्य' म में पाली प्रधान मोहनी पुखराज पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में आमजन जिस अनुपात में पेड़ काट रहा है उसके आधे अनुपात में भी पौधारोपण नहीं कर रहा है। जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है ऐसे में अधिक से अधिक पौधरोपण कर के ही पर्यावरण को संतुलित किया जा सकता है। इस मौके पर हेमावास सरपंच मोहनलाल पटेल, गिरादड़ा सरपंच मंगलाराम, उप सरपंच नरपतसिंह, पूर्व जिला प्रमुख नवकिशोर रावल, पुखराज पटेल, किसान केसरी भंवर चौधरी, महिपालसिंह, विकास अधिकारी भगवानसिंह, गिरादड़ा पीईईओ कैलाशचन्द राठौड़, प्रधानाध्यापक देवीसिंह रावल, मोनू पटेल, रूपाराम पटेल, नंदकिशोर शर्मा, हेमाराम पटेल, पुरखाराम पटेल, अभिषेक चारण, महेन्द्र कुमार सोलंकी, दुर्गेश राठौड़, श्रीमती सरोज, श्रीमती सुमन देवी समेत ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# 'पौधरोपण कर पौधों को बचाना हम सभी का कर्त्तव्य'



**सांडेराव।** वृक्ष अनमोल हैं, इनको बचाना ही हम सभी का मुख्य कर्तव्य है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। यह बात अखिल भारत हिंदू युवा मोर्चा के पाली जिलाध्यक्ष महावीर मेवाड़ा ने महात्मा गांधी ईंग्लिश मीडियम स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान कही। मेवाड़ा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों का अमुल्य योगदान रहा हैं। पर्यावरण को शुद्ध रखने में वृक्षों की अहम भूमिका होती हैं। प्रधानाचार्य कपूरचंद ने कहा कि हर व्यक्ति एवं विद्यार्थियों को अपने घरों के बाहर व अपने खेतों तथा तालाब किनारे एक-एक पौधारोपण कर उन्हें बड़ा करने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान उप प्रधानाचार्य रुपाराम पारंगी, बालिका विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोतीसिंह, सरपंच दाकूदेवी, भामाशाह विनोद सुथार, भूराराम मालवीय, वरिष्ठ अध्यापक हरिराम माली, सुरेंद्रसिंह, महेंद्रकुमार, दिनेशसिंह सिसोदिया, प्रकाश खटीक, मनोहरलाल, चमन यादव, शांतिदेवी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए मौजूद थी।

### भामाशाह ने रोपित किए सौ पौधे

निकटवर्ती आकदड़ा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान एवं जलदाय विभाग परिसर व उपस्वास्थ्य केंद्र में भामाशाह शिवपालसिंह राणावत की ओर से सौ पौधे रोपित किए गए। राणावत ने कहा कि हर पौधों के देखभाल की अध्यापकों व छात्र-छात्राओं को जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर सरपंच छगनलाल मीणा, उपसरपंच भंवरकंवर राणावत, ग्राम विकास अधिकारी विक्रम विश्नोई, प्रधानाध्यापक उत्तमचंद गर्ग, कनिष्ठ लिपिक रतनलाल मीणा, श्रवणसिंह देवड़ा, सुमेरसिंह योगी, रविंद्रसिंह, मेट रवीनाकुमारी साथ में मनरेगा श्रमिक मौजूद थे।

# मोहर्रम : मुस्लिम समाज ने निभाई मेहंदी की रस्म



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** कस्बे के मस्जिद स्थित मुस्लिम न्यौति नोहरा से ढोल-ताशो एवं या अली-या हुसैन के नारें के बीच मेहन्दी का जुलूस रवाना हुआ। जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः गंतव्य स्थान पर पहुंचा। मेहन्दी जुलूस के दौरान मेहन्दी की पत्तियां, दिये बाजोट पर सजाकर महिलाएं अपने सिर पर धारण कर चल रही थी। इस मौके पर मुस्लिम समाज के सदर बाबूखां पठान, अयाजभाई, रहीम बक्श, सुलेमान खां, यासीनखान, सलीम मोहम्मद, नासीरखान, बदरुद्दीन, अहमद खां, फिरोज बहादूर, हनीफ खां, मो.युसुफ, मुस्ताक, दिलदार खां, फयाज खां, इंसाफ, याकुब खां, रुस्तम भाटी, रजाक खां, अशरफ खां, बाबू खां, समीर भाटी, इरफान, मो.इम्तियाज मो.शाहरुख, शाहील, उवैसी राजा आदि मौजूद थे।

# कविता आढ़ा का न्यूयॉर्क के साइमन बिजनेस स्कूल में चयन

## राचेस्टर में मास्टर आफ साइंस इन बिजनेस एनालिस्ट प्रोग्राम में होंगी शरीक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**बाली।** कागड़ी निवासी एवं उप जिला चिकित्सालय बाली की सिनियर नर्सिंग अधिकारी कविता आढा पुत्री गोविन्दसिंह आढ़ा का चयन अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों की सर्वोच्च एक सौ पचास रैंकिंग में से एक अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय युनिवर्सिटी ऑफ राचेस्टर न्यूयॉर्क के साइमन बिजनेस स्कूल राचेस्टर न्यूयॉर्क में मास्टर आफ साइंस इन बिजनेस एनालिस्ट प्रोग्राम में हुआ है। कविता ने स्नातकोत्तर इकोनोमिक में किया एवं सन् 2022-23 में एफकेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर एसएसबी गांधी नगर गुजरात से क्लीयर किया। इस सफलता पर बाली विधायक एवं पूर्व मंत्री पुष्पेन्द्रसिंह राणावत, सीडी देवल अध्यक्ष अखिल भारतीय चारण गढवी महासभा, रविन्द्रसिंह बालावत पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जालौर, नारायणसिंह सांदु मिरगेश्वर, भरत चौधरी अध्यक्ष नगर पालिका बाली, वरिष्ठ अधिवक्ता गणपतलाल चौधरी, नाहरसिंह जोधा भाजपा नेता, पूर्व सरपंच देवेन्द्रसिंह उंदरथल, ओमपालसिंह मिरगेश्वर, खीमसिंह, मानसिंह, भंवरसिंह, शैतानसिंह आढ़ा, अर्जुनसिंह, हिम्मतसिंह, आईदान सिंह कागड़ी, ओबाराम देवासी, घीसुलाल चौधरी खुडाला, अशोक धाणदा सहित समाज के गणमान्य लोगों ने बधाई दी।

# सीरवी शिक्षण संस्थान ने छात्रावास भूमि पूजन में आगमन को दिया न्यौता



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** सीरवी शिक्षण संस्थान उदयपुर के तत्वावधान में 22 जुलाई को आयोजित किए जाने वाले छात्रावास भूमि पूजन कार्यक्रम में आमंत्रित करने सीरवी शिक्षण संस्थान उदयपुर के सचिव दौलाराम, सदस्य प्रकाशकुमार व प्रवीणकुमार आईमाता बडेर बाली पहुंचे। उन्होंने समस्त सीरवी समाज बाली के कोटवाल नथाराम, पुजारी मांगीलाल, खेताराम महाराज, सीरवी संदेश के पूर्व सम्पादक पुखराज, सीरवी जागृति संस्थान के उपाध्यक्ष राजाराम गहलोत, प्रधानाचार्य नेनाराम, मूलाराम गहलोत, ओटाराम परमार, जगाराम सोलंकी, मानाराम सोलंकी, पूराराम सोलंकी को निमंत्रण पत्रिका दी। सभी सीरवी बंधुओं से कार्यक्रम में शरीक होने का आग्रह किया। सीरवी समाज द्वारा नवनिर्माण की जाने वाली छात्रावास में बाली क्षेत्र के अधिकांश छात्र एवं छात्राओं को रहने की सुविधा उपलब्ध होगी। सीरवी शिक्षण संस्थान कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा छात्रावास निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों का समस्त सीरवी समाज बाली द्वारा आभार जताया गया। किसी भी समाज की प्रगति एवं सर्वांगीण विकास में शिक्षा का बहुत महत्व होता है। इसी महत्व को समझते हुए उन लोगों के कठिन प्रयास और आर्थिक सहयोग से छात्रावास निर्माण के सपने को साकार किया जा रहा है।

# चातुर्मास को पहुंचे जैनाचार्य का किया भव्य स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** कस्बे चातुर्मास के लिए पहुंचे साधु भगवंत का जैन समाज की ओर से ढोल ढमाकों के बीच पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। शांतिनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट मंडल के तत्वावधान में चातुर्मास को पहुंचे आचार्य भगवंत के स्वागत के लिए आसपास गांवों से भी जैन समाजबंधु पहंचे। कस्बे के मुख्य प्रवेश मार्ग पर शांतिनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष महेन्द्रभाई केरिंग, राजुभाई पुनमिया, तेजराज धोका, विनोद सोनिगरा, पिंटूभाई कामदार के सान्निध्य में सिर पर कलश धारण किए महिलाओं ने मंगल गीतों के बीच उनका भव्य स्वागत किया गया। ढोल ढमाकों के बीच जैनाचार्य को बावड़ी चौंक से भोमियाजी भवन, मैन बाजार, जैन पेढ़ी होते हुए शांतिनाथ जैन मंदिर ले जाया गया। रास्ते में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान मारवाड़ गोड़वाड जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जयदेवसिंह राणावत, अशोक धोका, बबलूभाई, दिनेश जैन सहित बड़ी संख्या ग्रामीण मौजूद थे।

### संतों का जीवन होता है निर्मल : इन्द्ररक्षित विजय

इस मौके पर आयोजित धर्म सभा में प्रवचन करते हुए इन्द्ररक्षित विजय महाराज ने कहा कि संतों का जीवन निर्मल व शीतल होता है। जो मृदुभाषिता का अहसास करवाने के साथ जीवन की सार्थकता का संदेश देते है। संत उस दीपक की तरह होते है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देते है। संतों के जीवन का एक मात्र लक्ष्य परोपकार व जनकल्याण की भावना ही होता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन बड़ा अनमोल है। कई जन्मों के बाद यह मनुष्य जन्म मिलता है, इसे व्यर्थ न खोकर परमात्मा की भक्ति में लगाना चाहिए।

# चातुर्मास को हुआ साध्वी महाराज का मंगल प्रवेश



**घाणेराव।** कस्बे में सोमवार सुबह जैन समाज के तत्वावधान में चातुर्मास को लेकर जैन साध्वी भगवंत साध्वी पद्माश्रीजी, साध्वी केयूरपद्माश्रीजी, साध्वी मयूरपद्माश्रीजी व साध्वी पुंडरिकपद्माश्रीजी का मंगल प्रवेश हुआ। लोगों ने गाजे बाजे के साथ सामैया कर स्वागत किया एवं जुलूस के रूप उन्हें चातुर्मास स्थल लेकर पहुंचे। ओसवाल जैन संघ के पदाधिकारियों सहित समाज के लोग उपस्थित थे। वहीं चातुर्मास को लेकर प्रथम दिन कई धार्मिक कार्यक्रम हुए। जिसमें जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों ने भाग लिया।

# मिड डे मील के लिए भामाशाह ने भेंट की थालियां

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** निकटवर्ती कोट बालियान के राजकीय बालिका विद्यालय में मिड डे मील के लिए भामाशाह परिवार द्वारा थालियों का सेट भेंट किया गया। राहुलकुमार, विजयकुमार बैंक मैनेजर पाली व केसाराम एक्स आर्मी मैन ने भामाशाह परिवार को माला साफा पहना कर सम्मान किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका भंवरीदेवी, रेखा, गीता, उच्छ्वकंवर, निर्मला, नरोत्तमकुमार, गौरव शर्मा, ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष हनवंतसिंह चौहान, शंकरलाल माली, मोडाराम भोपाजी, भबूताराम, मोटाराम, पूनाराम टिपरी, मानाराम कलाराम चौधरी, हरजीराम देवासी, दौलतसिंह राठौड़, गोविंद माली, प्रभुराम मीणा, ओटाराम चौधरी सहित विद्यालय स्टाफ व ग्रामवासी मौजूद थे।



# जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के चुनाव संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के चुनाव होटल मोनार्च सभागार में सम्पन्न हुए। जिला खेल अधिकारी लहरीदास वैष्णव, चुनाव अधिकारी गिरधारीलाल सेन एवं राजस्थान टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सह सचिव रिजवान अहमद का सान्निध्य रहा। निवर्तमान अध्यक्ष अनवर हुसैन ने अपने कार्यकाल का ब्यौरा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् चुनाव अधिकारी ने निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए चैयरमेन शकुर मोहम्मद, अध्यक्ष इकबाल भाटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हमीदुद्दीन, उपाध्यक्ष इरफान नागौरी, महेन्द्र परिहार, विक्रान्त प्रजापत, तुफैल अहमद, कोषाध्यक्ष राजेश मेवाड़ा, सचिव जावेद मोतीवाला, संयुक्त सचिव इमरान टॉक, अनिश खान, मोहम्मद मेहबूब, हितेश गहलोत एवं कार्यकारिणी सदस्य विशालसिंह, शाहरूख खान, शोएब भाटी को पद व गोपनियता की शपथ दिलाई। चुनाव अधिकारी गिराधारीलाल सैन के अनुसार विजेता पदाधिकारियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

जागरूक टाइम्स
जयपुर, मंगलवार, 16 जुलाई, 2024





# शोध: वायु प्रदूषण इम्यून सिस्टम पर कर रहा वार

## बच्चों को भी दिमागी रूप से कर रहा कमजोर

**नई दिल्ली।** बढ़ता वायु प्रदूषण शरीर में इम्यून सिस्टम को ही शरीर का दुश्मन बना रहा है। ताजा अध्ययन से पता चला है कि लंबे समय तक दूषित हवा में सांस लेने से ल्यूपस नामक रोग होने का खतरा बढ़ रहा है। ल्यूपस एक ऑटोइम्यून डिजीज है, जो शरीर के कई अंगों को प्रभावित करती है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें शरीर को बीमारियों से बचाने वाला अपना इम्यून सिस्टम ही शरीर का दुश्मन बन जाता है। शोध के नतीजे जर्नल आर्थराइटिस एंड रूमेटोलॉजी में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं ने कहा है कि यह बीमारी स्किन, किडनी, ज्वाइंट्स, ब्लड सेल्स, दिमाग, दिल और फेफड़ों को प्रभावित करती है। हालांकि ल्यूपस के लक्षण दूसरी बीमारियों से काफी मिलते-जुलते हैं, ऐसे में इसकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है। जिन लोगों में आनुवंशिक जोखिम अधिक था और जो वायु प्रदूषण के संपर्क में अधिक रहते हैं, उनमें ल्यूपस होने की आशंका सबसे अधिक होती है। वहीं दूसरी तरफ जिन लोगों में आनुवंशिक जोखिम कम है और जो वायु प्रदूषण के संपर्क में कम आते हैं उनमें इस बीमारी के होने की आशंका कम रहती है।

### 4 लाख से ज्यादा लोगों पर 12 वर्षों तक किया अध्ययन

शोधकर्ताओं ने यूके बायोबैंक द्वारा जुटाए 4,59,8 15 लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण किया है। करीब 12 वर्षों तक अध्ययन करने पर 399 लोग ल्यूपस से पीड़ित पाए गए। अध्ययन में प्रदूषण के महीन कणों पीएम 2.5, पीएम 10, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और नाइट्रिक ऑक्साइड जैसे प्रदूषकों के स्तर को भी मापा गया है। इनके स्तर का अनुमान लगाने के लिए शोधकर्ताओं ने विशेष गणितीय मॉडल का उपयोग किया है। इस मॉडल की मदद से यह भी जानने का प्रयास किया गया है कि क्या ये वायु प्रदूषक ल्यूपस के विकास से जुड़े थे। ठोस नतीजों के लिए पॉलीजेनिक रिस्क स्कोर की भी मदद ली गई है।

### गर्भस्थ शिशुओं के लिए भी खतरनाक

जामा नेटवर्क ओपन में प्रकाशित एक अन्य शोध अध्ययन के नतीजे दर्शाते हैं कि अजन्मों के गर्भावस्था में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से आगे चलकर किशोरावस्था में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। बार्सिलोना इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ ने भी खुलासा किया है कि वायु प्रदूषण का संपर्क बच्चों को दिमागी तौर पर कमजोर बना रहा है। इससे उनकी बौद्धिक और ध्यान लगाने की क्षमता प्रभावित हो रही है।

## जेल में बंद रहेंगे केजरीवाल, नहीं मिली जमानत

**नई दिल्ली।** शराब नीति केस में जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई टल गई है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी। तब तक केजरीवाल तिहाड़ जेल में ही बंद रहेंगे। केजरीवाल के वकील ने हाईकोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत उन्हें अंतरिम जमानत दी गई है। आगे उन्होंने कोर्ट से कहा कि उन्हें और अधिक समय चाहिए। क्योंकि ईडी ने रविवार रात 11 बजे याचिका पर नया जवाब दाखिल किया है। इसके बाद कोर्ट ने मामले को 6 अगस्त तक स्थगित कर दिया है। इससे पहले केजरीवाल ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर जवाब दाखिल किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वो ईडी की जासूसी का शिकार हैं। उन्होंने तर्क दिया कि उनकी जमानत रद्द करने की ईडी की याचिका विचार करने के लायक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से पारित पिछले फैसले के बिल्कुल अलग है।



## शराब नीति केस में मनीष सिसोदिया को जमानत नहीं

**नई दिल्ली।** शराब नीति केस में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को एक बार फिर से जमानत नहीं एमिली। सोमवार को सीबीआई के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की ज्यूडिशियल कस्टडी 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। सुनवाई के दौरान सिसोदिया और अन्य आरोपियों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने सिसोदिया की ओर से पेश हुए एडवोकेट नितेश राणा की दलीलें सुनने के बाद मामले को 22 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया।



## बंगाल गवर्नर बोले- राजभवन में कोई विधेयक लंबित नहीं

**कोलकत्ता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने रविवार को ममता सरकार के आरोप खारिज कर दिए कि राज्य विधानसभा से पास हुए आठ विधेयक राजभवन में लंबित हैं। बोस ने कहा कि आठ विधेयकों में से छह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के विचारार्थ सुरक्षित रखे गए हैं, जबकि एक अन्य विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि आठवें विधेयक के लिए राज्य सरकार का कोई प्रतिनिधि राजभवन नहीं आया, जबकि उसे कुछ स्पष्टीकरण की जरूरत थी। बोस ने कहा बंगाल सरकार ने आठ लंबित विधेयकों को लेकर राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यह गलत है, क्योंकि राजभवन में एक भी विधेयक लंबित नहीं है। शुक्रवार को ममता बनर्जी सरकार ने बोस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, क्योंकि उन्होंने आठ विधेयकों पर हस्ताक्षर न करने का कोई कारण बताए बिना उन पर रोक लगा दी थी।



# आरएएस आकाश रंजन रिश्वत मामले में गिरफ्तार

## वर्ष 2017 में वसीयतनामा के आधार पर इंतकाल का तहसीलदार से निर्णय करने की एवज में ली गई थी 8 हजार की रिश्वत

**जयपुर।** अलवर एसीबी की टीम ने सोमवार को एडिशनल कमिश्नर देवस्थान विभाग आकाश रंजन को रिश्वत मांगने के एक मामले में आज गिरफ्तार किया हैं।

एसीबी की टीम ने कोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट की पालना करते हुए आकाश रंजन को पीपली सीकर रोड जयपुर से गिरफ्तार किया हैं। आकाश रंजन को आज कोर्ट में पेश किया गया। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2017में हुए रिश्वत प्रकरण में आरोप प्रमाणित होने पर यह कार्रवाई की गई हैं। उस दौरान आकाश रंजन तहसीलदार के पद पर तैनात थे। परिवादी चन्दर सिंह पुत्र स्व. हतेसिंह निवासी ग्राम महेशर तहसील तिजारा ने एसीबी चौकी अलवर में 19 जुलाई 2017 को एक रिपोर्ट दी थी। जिस में चंदर सिंह ने बताया था कि उसके पिता द्वारा खरीदी गई जमीन के वसीयतनामा के आधार पर उसके पुत्र एवं भाईयों के पुत्र के नाम इन्तकाल का तहसीलदार तिजारा से निर्णय कराने की एवंज में तहसीलदार व उसके कार्यालय के सहायक कार्यालय अधीक्षक रिश्वत राशि की मांग कर रहे है।



### ट्रेप कार्यवाही की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया था आरएएस

*आरोपी आकाश रंजन से रिश्वत राशि के संबंध में आरोपी राधेश्याम मौर्य की मोबाईल फोन पर बात करवाई गई, बात करने के दौरान आरोपी आकाश रंजन तत्कालीन तहसीलदार का रिश्वत मांगने एवं प्राप्त करने में सम्मलित होना पाया गया था। आकाश रंजन को ट्रेप कार्यवाही की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया था। आकाश रंजन तत्कालीन तहसीलदार तिजारा जो अभी सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग जयपुर में तैनात हैं। उन के खिलाफ अपराध प्रमाणित पाये जाने पर एसीबी कोर्ट अलवर में 16 फरवरी 2022 को चार्जशीट पेश की गई थी।आरोपी आकाश रंजन नोटिस तामील के पश्चात भी कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। जिस पर कोर्ट ने आरोपी आकाश रंजन का गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया जिस पर सोमवार को गिरफ्तारी की गई।*

### एसीबी ने दलाल की शर्ट की जेब से 8 हजार रुपए रिश्वत के बरामद किये थे

*जिस पर एसीबी अलवर की टीम ने 19 जुलाई 2017 को रिश्वत मांग की शिकायत का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान आरोपी और तहसीलदार आकाश रंजन के नाम से 8 हजार रुपए रिश्वत की मांग करना पाया गया था। जिस पर 20 तारीख को एसीबी ने ट्रेप की कार्रवाई को अंजाम दिया। ट्रेप के दौरान एसीबी ने दलाल मानसिंह की शर्ट की जेब से 8 हजार रुपए रिश्वत के बरामद किये। जिस पर एसीबी ने दलाल मानसिंह और सहायक कार्यालय अधीक्षक राधेश्याम मौर्य तहसील तिजारा को गिरफ्तार किया गया।*

## सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने वकील को लगाई फटकार, वॉर्निंग भी दे डाली

### अगली बार ऐसी पीआईएल आई तो... 'मैं एक्शन लूंगा'



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में अक्सर कोई न कोई दिलचस्प मामला आ जाता है। सोमवार को भी ऐसा ही एक मामला कोर्ट में आया, जिस पर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने वॉर्निंग दे डाली। सीजेआई ने वकील से कहा कि अगर अगली बार ऐसी पीआईएल आई तो फिर मैं एक्शन लूंगा। असल में एक वकील ने पीआईएल दाखिल की थी। सीजेआई ने वकील से पूछा कि आखिर हमें इस पर सुनवाई क्यों करनी चाहिए। वह यहीं नहीं रुके, बल्कि आगे उन्होंने कहा कि आप हर हफ्ते ही कोई न कोई पीआईएल लेकर चले आते हैं। सरकार को जो करना होगा वह करेगी। इसके बाद चीफ जस्टिस ने पीआईएल खारिज कर दी। इसके बाद वकील ने सीजेआई के सामने अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि निठारी हत्याकांड की रोशनी में यह पीआईएल बेहद अहम है। इसके बाद सीजेआई भड़क उठे। उन्होंने वकील से कहा कि अगर अगली बार आपने इस तरह की कोई पीआईएल दाखिल की तो फिर हम आपके ऊपर जुर्माना लगा दिया जाएगा। सीजेआई ने कहा कि हमने इसको पूरा पढ़ा है। सीजेआई ने वकील द्वारा दाखिल पीआईएल को खारिज करते हुए कहा कि इसमें कुछ भी गंभीरता से विचार करने लायक नहीं है।

### पहले भी दे चुके हैं नसीहत

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में अक्सर ऐसे दिलचस्प मामले आते रहते हैं। इसी तरह कुछ दिन पहले भी सीजेआई ने एक वकील को नसीहत दी थी। असल में वकील के ऊपर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था। इस मामले को लेकर जब वह सीजेआई के पास पहुंचे तो उन्होंने वकील से कहा कि आपको बेंच के जजों पर इस तरह के आरोप नहीं लगाने चाहिए। सीजेआई ने आगे कहा कि कई बार बहस के दौरान थोड़ी गर्मा-गर्मी हो जाती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि जज लोग कभी भी वकीलों के साथ गलत व्यवहार नहीं करते।

## तमिलनाडु के बंद कमरे में मिले तीन लोगों का शव

### मृतकों में 10 साल का बच्चा भी शामिल, हत्या की आशंका

**कुड्डालोर।** तमिलनाडु में कुड्डालोर जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बता दें कि करमनी कुप्पम के एक घर में 10 साल के लड़के सहित तीन लोगों के जले हुए अवशेष मिले। तमिलनाडु पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। पड़ोसियों को जब घर से बदबू आई तब उन्होंने नेल्लिकुप्पम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, इसके बाद पुलिस कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची जहां उन्हें तीन अलग-अलग कमरों में तीन जले हुए शव मिले। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने घटना की जानकारी देते हुए आगे कहा, पुलिस को अंदर जाने के लिए दरवाजा तोड़ना पड़ा। तीनों व्यक्ति तीन अलग-अलग कमरों में जले हुए पाए गए। आसपास कुछ खून के धब्बे थे, मामले की जांच की जा रही है और शुरुआती जांच से पता चला है कि यह मामला हत्या का हो सकता है।



## भोजशाला की 2000 पन्नों की रिपोर्ट इंदौर हाईकोर्ट में पेश

### हिंदू पक्ष का दावा, इमारत परमारकालीन; मुस्लिम पक्ष बोला- फैसला सुप्रीम कोर्ट से ही होगा

**इंदौर।** धार की भोजशाला मंदिर है या मस्जिद? इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए 98 दिन वैज्ञानिक सर्वे किया गया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वकील हिमांशु जोशी ने सोमवार को रिपोर्ट इंदौर हाईकोर्ट में पेश कर दी। ये रिपोर्ट मीडिया से शेयर नहीं करने के निर्देश सभी पक्षों को दिए गए हैं। वकील हिमांशु जोशी का कहना है कि रिपोर्ट 2 हजार पेज की है। इससे ज्यादा कुछ नहीं बता सकते। पता चला है कि यह रिपोर्ट 2000 से ज्यादा पन्नों में है। सर्वे और खुदाई के दौरान मिले 1700 से ज्यादा प्रमाण/अवशेष इस रिपोर्ट में शामिल किए गए हैं। इस पर 22 जुलाई को सुनवाई होगी।

### सर्वे में कई प्राचीन मूर्तियां मिलीं

हिंदू पक्ष के याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने दावा किया कि जो सर्वे हमारे सामने हुआ था, उस आधार पर हम कह रहे हैं कि यह इमारत राजा भोज के काल की ही साबित होगी, जिसे वर्ष 1034 में बनाया गया था। एएसआई को इस सर्वे में कई प्राचीन मूर्तियां मिली हैं, जो परमारकालीन हो सकती हैं। इस तरह ये परमारकालीन इमारत है। सर्वे के दौरान सामने आए अवशेषों से लगभग तय माना जा रहा है कि यह परमारकालीन यानी 9वीं से 11वीं शताब्दी के बीच का निर्माण है। इस बीच, एक गर्भगृह के पास 27 फीट लंबी दीवार भी मिली, जो ईंटों से बनी है। पुरातत्वविदों का मानना है कि ईंटों से निर्माण और भी प्राचीन समय में होता था। मोहन जोदड़ो सभ्यता के समय, यानी यह स्थान और भी प्राचीन हो सकता है। धार के शहर काजी वकार सादिक ने मीडिया से कहा कि हाईकोर्ट रिपोर्ट पेश होने की जानकारी मिली है। सुप्रीम कोर्ट पहले ही निर्देश दे चुका है कि एएसआई की रिपोर्ट पर हाईकोर्ट स्तर से कोई एक्शन नहीं लिया जा सकता है। 22 जुलाई को सुनवाई है, लेकिन फैसला सुप्रीम कोर्ट स्तर से ही करना है। उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि रिपोर्ट पक्षकारों को दी जा रही है। रिपोर्ट की गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश भी सुप्रीम कोर्ट ने दिए थे, ऐसे में पक्षकारों को रिपोर्ट की जानकारी दिया जाना था या नहीं, इस तथ्य पर भी जानकारी ले रहे हैं।

### एक नजर



## पत्नी से वीडियो कॉल के बाद जेईएन ने सुसाइड किया

### कहा- मरने जा रहा हूं; हाथ की नसों को चाकू से काटा, फिर फंदे पर लटका

**श्रीगंगानगर।** जूनियर इंजीनियर (जेईएन) ने पत्नी को वीडियो कॉल किया और कहा- मरने जा रहा हूं। इसके थोड़ी देर बाद जेईएन ने हाथ की नसों को काटने की कोशिश की, फिर फंदे पर झूल गया। मामला श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ में राजियासर इलाके में स्थित थर्मल प्लांट का सोमवार सुबह 9 बजे का है। जेईएन विजेंद्र (28 ) पुत्र कृष्णलाल चितारा जोधपुर के रहने वाले थे। यहां थर्मल प्लांट के तापीय परियोजना में उनकी ड्यूटी थी। थर्मल चौकी प्रभारी एसआई हरबंस लाल ने बताया कि विजेंद्र रविवार रात को ड्यूटी पर गए थे। सुबह 8 बजे ड्यूटी से अपने सरकारी क्वार्टर नंबर 4/136 पर पहुंचे। उन्होंने पहले अपने हाथ की नसों को चाकू से काटने का प्रयास किया। इसके बाद फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

### सुसाइड से पहले पत्नी से वीडियो कॉल पर बात की

एसआई हरबंस लाल ने बताया कि विजेंद्र ने सुसाइड से पहले पत्नी हिना को वीडियो कॉल किया था, जो जोधपुर में रहती है। वीडियो कॉल पर उन्होंने पत्नी से मरने की बात कहीं और फिर कॉल काट दिया। ये सुनते ही विजेंद्र की पत्नी ने थर्मल कॉलोनी में रहने वाले पड़ोसी जेईएन मनीष कुमार को कॉल कर इस बारे में बताया। पड़ोसी जेईएन जब तक विजेंद्र के क्वार्टर में पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा नहीं खोला तो गेट को तोड़ दिया। कमरे में विजेंद्र का शव फंदे से झूलता हुआ मिला। वे विजेंद्र को सूरतगढ़ के सरकारी हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया।

### डिलीवरी नहीं मिलने पर कोर्ट ने सुनाया फैसला

## महिला ने मंगाए थे 133 रुपये के मोमोज..., अब पूरी उम्र फ्री में खाएगी

**नई दिल्ली।** फूड डिलीवरी एप्स को लेकर आए दिन दिलचस्प खबरें आती रहती हैं। इस बीच कर्नाटक के बेंगलुरू से जोमैटो एप से मोमोज ऑर्डर करने का मजेदार मामला सामने आया है। दरअसल बेंगलुरू में एक महिला ने जोमैटो से मोमोज ऑर्डर किए थे, लेकिन ये ऑर्डर डिलीवर नहीं हो पाया। जिसके बाद महिला ने कोर्ट में केस दर्ज कर दिया, अब कोर्ट ने महिला के समर्थन में फैसला सुनाया है और जौमेटो पर हजारों का जुर्माना लगाया है। दरअसल ये मामला पिछले साल का है, शीतल नाम की महिला ने 31 अगस्त 2023 को जोमैटो से मोमोज का ऑर्डर दिया था। गूगल पे के जरिए 133.25 रुपए का भुगतान भी किया। ऑर्डर करने के 15 मिनट बाद महिला के पास मैसेज आया कि उसका ऑर्डर डिलीवर हो गया है, लेकिन न ही उसका ऑर्डर डिलीवर हुआ और न डिलीवरी एजेंट उसके पास आया।



### 72 घंटे तक नहीं आया जवाब, तब महिला ने....

इसके बाद महिला ने ईमेल के जरिए जोमैटो से शिकायत की और जवाब आया उन्हें 72 घंटे तक इंतजार करना पड़ेगा, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। तब महिला ने फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म को एक कानूनी नोटिस भेज दिया।कोर्ट में पहले वकील ने महिला को ही झूठा बना दिया था, लेकिन जब महिला ने कोर्ट में शिकायत करने वाला सबूत पेश किए तो ये साबित हो गया कि महिला सच बोल रही है।

### जोमैटो की ओर से किया गया इतना रिफंड

इसके बाद इस साल 18 मई को शीतल ने जानकारी दी कि उन्हें जौमेटो की ओर से 133.25 रुपए का रिफंड कर दिया गया है। जोमैटो को शीतल को मानसिक तनाव के लिए मुआवजे के रूप में 50,000 रुपये और उसके कानूनी खर्चों को कवर करने के लिए 10,000 रुपये देने का आदेश दिया गया, जिसके बाद कुल राशि 60,000 रुपये हो गई।

## बाढ़ को लेकर एक्शन मोड में अमित शाह

### असम, यूपी और गुजरात के मुख्यमंत्रियों से की फोन पर बात, स्थिति का लिया जायजा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम, उत्तर प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों से बात कर तीनों राज्यों में बाढ़ और भारी बारिश के कारण उपजी स्थिति का जायजा लिया तथा उन्हें केंद्र से हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से टेलीफोन पर बातचीत में शाह ने राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शर्मा ने शाह को मौजूदा स्थिति और अब तक उठाए गए कदमों से अवगत कराया।

सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर हुई बातचीत में केंद्रीय गृह मंत्री ने दोनों राज्यों में भारी बारिश के बाद नदियों में बढ़ते जलस्तर के कारण उपजी स्थिति का जायजा लिया। सूत्रों के अनुसार, शाह ने तीनों मुख्यमंत्रियों को स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com